असे म्हटले जाते की शिंदे यांनी गेले काही दिवस 'ऑपरेशन टायगर'वर लक्ष केंद्रित केले आहे. उद्धव ठाकरेंच्या पक्षाचे नऊपैकी सात खासदार गळाला लागले आहेत असे म्हणतात. शिंदेंचे स्वतःचे सात आहेतच, ठाकरेंचे सात सोबत आले तर चौदा खासदार होतील. सध्या प्रतापराव जाधव हे शिंदेंचे एकच मंत्री केंद्रात आहेत. चौदा खासदार मोदींच्या झोळीत टाकले तर शिंदेंचा केंद्र सरकारमधील वाटा वाढणार आहे. एकाचवेळी 'ऑपरेशन टायगर' आणि 'ऑपरेशन तुतारी' म्हणजे शरद पवारांच्या पक्षाचेही खासदार आपल्याकडे खेचण्याची शिंदेंची तयारी सुरू असल्याचे सांगितले जाते.

तसे झाले तर एनडीएमधील त्यांचे वजन एकदम वाढेल. ऑपरेशन टायगरची त्यांची बरीचशी तयारी पूर्ण झाली आहे, पण अजूनही दिल्लीतील भाजप श्रेष्ठींनी (म्हणजे शिंदेंच्या दृष्टीने अमित शाह) त्याला हिरवा झेंडा दाखविलेला नाही, अशी माहिती आहे. तो दाखवल्याबरोबर शिंदे कॅम्पमध्ये एकच जल्लोष होईल. आजच शिंदेंना सांभाळणे महाराष्ट्रातील भाजपच्या नेत्यांना अवघड होऊन बसले आहे, उद्या शिंदेंचे संख्याबळ वाढले तर ते आणखी अवघड होईल.

**एकमेकांना फटाके**

महायुतीमध्ये आणि विशेषतः भाजप व शिंदेसेनेत



बरेचदा खटके उडत असतात, काही बाहेर येतात, काही येत नाहीत; पण एक मात्र नक्की की भाजप-राष्ट्रवादीचे (अजित पवार गट) संबंध जितके मधुर आहेत तितके भाजप-शिंदेसेनेचे नक्कीच नाहीत. १९९५ मधील युती सरकारमध्ये मुख्यमंत्री मनोहर जोशी आणि उपमुख्यमंत्री गोपीनाथ मुंडे या दोघांच्या कॅम्पमधून एकमेकांविरुद्ध बातम्या पेरल्या जायच्या. या सरकारमध्ये तशी हलकीशी सुरुवात झाली आहे.

गेल्या दोन दिवसांत असे पसरविले जात आहे की, केंद्रीय मंत्रिमंडळाचा काहीच दिवसात विस्तार होणार असून, त्यात देवेंद्र फडणवीस यांना अर्थमंत्रिपद दिले जाणार आहे. फडणवीस यांच्या जागी भाजप दुसरा चेहरा देईल; पण विधानसभा निवडणुकीच्या एक वर्ष आधी शिंदे मुख्यमंत्री होतील. त्याचवेळी दुसरीकडून हेही पसरविले जात आहे की, शिंदेंवर दिल्लीचे प्रेम आधीसारखे राहिलेले नाही. 'ऑपरेशन टायगर'ची शिंदेंची कितीही इच्छा असली तरी दिल्लीतील भाजपचे नेतृत्व ते होऊ देत नाही म्हणून शिंदे कमालीचे अस्वस्थ आहेत.

- उद्याचे कोणी पाहिले, कधीकधी अफवा इतक्या ताकदवान असतात की निर्णयांना त्यांच्या मागे जावे लागते. राजकारण म्हणजे बुद्धिबळ नसते, कारण इथे प्यादे काहीवेळा राजा बनतो, तर राजाला प्यादे व्हावे लागते. विधान परिषदेची निवडणूकही या क्षणाला वाटते तेवढी सोपी नसेल. या ना त्या रूपाने आपलेच आपल्याविरुद्ध लढू शकतात.

**वित्तमंत्रिपद अन् राष्ट्रवादी**

राष्ट्रवादीच्या (अजित पवार गट) प्रमुख नेत्यांची एक बैठक अलीकडेच मुंबईत झाली तेव्हा आपल्या पक्षाला वित्त मंत्रिपद दिले जात नसल्याबद्दल काहींनी नाराजी व्यक्त केली. महायुतीचे सरकार फडणवीस यांच्या नेतृत्वात स्थापन झाले तेव्हा अजित पवार यांचे असे म्हणणे होते की वित्त किंवा गृह यापैकी एकतरी खाते आमच्या पक्षाकडे द्या. नाहीतर सरकारमध्ये आपल्याला फारसे महत्त्व दिले गेले नाही अशी आमच्या पक्षात भावना होईल.

विषय दिल्लीपर्यंत गेला आणि भाजप श्रेष्ठींनी अजित पवार यांना वित्त खाते दिले. आता ते सुनेत्रा पवार यांना हवे असेल तर त्यांनी भाजपश्रेष्ठींना (अमित शाह) यांना भेटावे असे त्यांना सांगितले गेले आहे म्हणतात.

कालच्या दिल्ली भेटीत सुनेत्रा पवार यांची अमित शाह यांच्याशी स्वतंत्र चर्चा झाली नाही. वित्त खाते पूर्वी भाजपकडेच होते; पण अजित पवार हे खाते सांभाळण्यास सक्षम असल्याने त्यांच्याकडे बघून वित्त खाते त्यांना दिलेले होते, पण आता ते त्यांच्या पक्षाला दिले जाईल, असा शब्द अजूनही सुनेत्रा पवार यांना भाजपकडून दिला गेलेला नाही.

yadu.joshi@lokmat.com

## अन्वयार्थ

# सावधान, वारकरी संप्रदायात विसंगत विचारांची घुसखोरी!

### वारकरी संप्रदायातील समतावादी विचार आणि सामाजिक सलोखा जपण्यासाठी शरद पवार यांनी दिलेला इशारा वारकरी संप्रदायाने गांभीर्याने घेण्याची गरज आहे.



डॉ. सुखदेव थोरात
माजी अध्यक्ष, विद्यापीठ अनुदान आयोग

**वारकरी** संप्रदायातील विसंगत शिरकावाचा वाद एप्रिल २०२६ मध्ये राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्षाध्यक्ष शरद पवारांच्या लेखामुळे निर्माण झाला व त्याच पक्षाचे प्रवक्ते विकास लवांडे यांनी पवारांच्या मतांना पाठिंबा दिल्यामुळे त्यांना अटक करण्यात आली. या अटकेमुळे हा वाद अधिक तीव्र झाला.

शरद पवारांनी अशी भूमिका मांडली की, ७०० वर्षांपूर्वी स्थापलेला वारकरी संप्रदाय हा जातीय भेदभाव, कर्मकांड व अंधश्रद्धेला नाकारणारा, समतेचा पुरस्कर्ता आहे. पारंपरिक वारकरी कीर्तनांमध्ये आत्मिक भक्ती, नम्रता आणि सामाजिक सलोख्याची शिकवण आहे. मात्र, आता प्रतिगामी लोक वारकरी संप्रदायाच्या मूळ तत्त्वांच्या विसंगत भूमिका मांडत आहेत. - शरद पवार यांच्या मते सुमारे ६० टक्के प्रतिगामी लोकांची भाषणे आध्यात्मिक शांततेऐवजी धार्मिक ध्रुवीकरण, असंबद्ध इतिहास आणि हिंदू बहुसंख्याकवादी राष्ट्रवाद यांवर केंद्रित होत आहेत. याशिवाय चमत्कार आणि अंधश्रद्धेलाही प्रोत्साहन देत आहेत. अशी भाषणे महाराष्ट्रातील संतांनी घालून दिलेल्या विवेकवादी आणि अंधश्रद्धाविरोधी विचारांच्या विरोधात आहेत.

या प्रतिगामी सनातन धर्म किंवा वैदिक ब्राह्मणवादाची विशिष्ट तत्त्वे आहेत. या तत्त्वानुसार वेद हे अंतिम सत्य असून देवाला विश्व व मानवजातीचा निर्माता मानले जाते. जाती आधारित समाजरचना, पुनर्जन्म, आत्मा व कर्मसिद्धांतांना मान्यता असून ब्राह्मण पुजाऱ्यांमार्फत कर्मकांड करण्याची प्रथा आहे. याविरुद्ध दुसरी वैचारिक परंपरा आहे; ज्यामध्ये बौद्ध, जैन व शीख धर्म, तसेच वारकरी, महानुभाव व इतर समतावादी परंपरांचा समावेश होतो. या परंपरा विवेक आणि अनुभवाधारित सत्यावर विश्वास ठेवतात व देवाच्या अस्तित्वाला नाकारतात. व्यक्तीच्या कल्याणासाठी नैतिक आचरणावर भर देऊन ही परंपरा खऱ्या अर्थाने समता आणि बंधुत्व आधारित समाजव्यवस्थेला मानते.

शरद पवार हस्तक्षेपाचा उल्लेख जेव्हा करतात तेव्हा, त्यांचा निर्देश वारकरी संप्रदायाच्या समतावादी परंपरेमध्ये विषमतावादी विचारसरणीच्या शिरकावाकडे आहे. समतावादी परंपरेमध्ये हस्तक्षेप



करून त्याला वैदिक ब्राह्मणवादाशी सुसंगत करण्याचे प्रयत्न नवीन नाहीत. हे प्रयत्न प्राचीन काळापासून चालू आहेत. उदा. वैदिक ब्राह्मणवादाने 'मठ' आणि मंदिरांची संकल्पना बौद्ध विहारांपासून स्वीकारली. बौद्धांनी बुद्धांच्या स्मरणार्थ विहार उभारले; परंतु ब्राह्मणवादाने बौद्ध विहारांचे देवदेवतांच्या मंदिरांत रूपांतर करून पूजाअर्चना व कर्मकांडांची प्रथा सुरू केली. धार्मिक विधींमधील पशू बळीच्या हिंसेला कंटाळलेल्या लोकांमुळे अहिंसेचा सिद्धांत बौद्ध व जैन धर्मातून स्वीकारला गेला. मात्र, पुढे यालाच सक्तीचे स्वरूप देत शाकाहाराचा आग्रह धरण्यात आला आणि गुप्तकालीन राजवटीत गायींची हत्या गुन्हा घोषित करण्यात आला. भौतिक लोभाचा त्याग आणि अनासक्तीचा आदर्श बौद्ध भिक्षूंच्या संन्यासातून लोकप्रिय झाला.

ब्राह्मणवादाने बुद्धांनी सांगितलेल्या अष्टांगिक मार्गातील 'सम्यक समाधी' या ध्यान आणि योगसाधनेलाही धार्मिक रंग देऊन स्वीकारले. सर्वांत टोकाचे उदाहरण म्हणजे इ.स. ४०० च्या सुमारास बुद्धांना विष्णूचा नववा अवतार मानून बौद्ध विचारांत ब्राह्मणी विचारांची घुसळण केली.

या नीतीचा पाठपुरावा विवेकानंद व सर्वपल्ली राधाकृष्णनसारख्या विद्वानांनीही केला. विवेकानंद म्हणाले होते, 'हिंदू धर्माने बौद्ध धर्माचे सार आत्मसात करून त्याला फेकून दिले.' सर्वपल्ली राधाकृष्णन म्हणाले, 'ब्राह्मणवादाने बौद्ध धर्माला बंधुभावाच्या मिठीत संपवले.' डॉ. आंबेडकर म्हणतात, 'वैष्णव आणि शैव पंथांनी बौद्ध धर्मातील चांगल्या गोष्टी स्वीकारल्या, त्यामुळे भारतात बौद्ध धर्माचा ऱ्हास झाला.'नंतरच्या काळात ब्राह्मणवादाने वारकरी संतांच्या शिकवणुकीत भेसळ करण्यासाठी विशिष्ट नीती अवलंबली. १३ ते १७ व्या शतकातील तुकाराम-नामदेवांसह संतपरंपरेला मंदिर व मूर्तीपूजेपुरते मर्यादित केले गेले. संतांचा गौरव झाला; पण त्यांचे विचार मूर्तीमध्ये गोठवून कर्मकांड व पुजारी व्यवस्था कायम ठेवली. याचे अलीकडील उदाहरण म्हणजे, महाराष्ट्रात गाडगे महाराजांचे मंदिर बांधण्यात आले असून, तेथे पुजारी पूजा व कर्मकांड करतात; ज्याला गाडगेबाबांनी स्वतः विरोध केला होता. म्हणूनच, ब्राह्मणवादाने स्वतःमध्ये सुधारणा केल्या; पण त्यांचा मूलभूत हेतू विषम समाजव्यवस्था, विशेषाधिकार व पुजारी व्यवस्था टिकवणे हाच राहिला. या पार्श्वभूमीवर वारकरी संप्रदायातील समतावादी विचार आणि सामाजिक सलोखा जपण्यासाठी शरद पवार यांनी दिलेला इशारा वारकरी संप्रदायाने गांभीर्याने घेण्याची गरज आहे.

thorat1949@gmail.com

## जगभर

# आयफोन चोऱ्या युरोपातून, धमक्या चीनमधून!

**अमेरिकेच्या** शिकागोमधील ३७ वर्षांचा ॲलेक्स पिकुला. दोन वर्षांपूर्वी तो लंडनला फिरायला गेला होता. अचानक ई-बाइकवरून आलेल्या एका बदमाशानं त्याच्या हातातून आयफोन हिसकावला. ॲलेक्सनं त्याचा पिच्छा करायचा प्रयत्न केला, थोडी आरडाओरडही केली; पण काहीच फायदा झाला नाही. बदमाश थोड्याच वेळात गायब झाला.

ॲलेक्सला वाटलं, फोन गेला, तो परत मिळणं आता अशक्य आहे, म्हणून त्यानं तो विषय तिथेच सोडला; पण खरं तर तो विषय तिथून सुरू झाला. आपली पिकनिक संपवून तो घरी आला, त्यानंतर एकेक किस्से घडायला सुरुवात झाली. काही दिवसांनी ॲलेक्सची ६५ वर्षांची आई जूडी पिकुला यांना त्यांच्या फोनवर विचित्र संदेश येऊ लागले.

त्यात लिहिलं होतं, 'त्यांच्या मुलाचा फोन चीनमध्ये वापरला जात आहे आणि मुलाच्या बँक खात्यांना धोका आहे.' त्यानंतर फिलिपिन्सच्या क्रमांकावरून संदेश आला - 'आमच्याकडे तुमच्या मुलाचे ई-मेल, कार्ड, बँकेची माहिती आणि वैयक्तिक तपशील आहेत.' त्यानंतर धमक्या वाढत गेल्या. जूडी यांना एक व्हिडीओ पाठवण्यात आला, ज्यामध्ये एक व्यक्ती बंदूक दाखवत होता. संदेशांमध्ये बलात्कार, हत्या आणि कुटुंबाला इजा पोहोचविण्याच्या धमक्या होत्या. टोळीची एकच मागणी होती- चोरी झालेल्या फोनमधून ॲपल आयडी हटवा!

तज्ज्ञांच्या मते, हा मानसिक दबाव टाकण्याचा आणि समोरच्या व्यक्तीला घाबरविण्याचा प्रकार असतो. कारण फोनमध्ये बँकिंग, फोटो, ई-मेल आणि वैयक्तिक माहिती असते. चोरी झालेला आयफोन नवीन व्यक्ती तेव्हाच वापरू शकतो, जेव्हा जुना ॲपल आयडी हटवला जातो. आयडी जोडलेलाच राहिला, तर फोन रिसेट होत नाही आणि त्याची पुनर्विक्री





किंमतही शून्य होते!

ॲलेक्सनं आईला याकडे दुर्लक्ष करायला सांगितलं, पण धमक्या वाढतच गेल्या. अखेर ॲलेक्सनं फोनमधून ॲपल आयडी हटवला आणि डेटा पुसून टाकला. त्यानंतर धमकीचे संदेश येणं बंद झालं. पण हा असा एखादाच प्रकार होता का? - तर नाही! न्यूयॉर्क टाइम्सच्या वृत्तानुसार, २०२४ मध्ये लंडनमध्ये विक्रमी ८१ हजार फोन चोरीला गेले. २०२५ मध्येही चोरीला गेलेल्या आयफोन्सची संख्या साधारणपणे तेवढीच होती. पण हे फोन चोरीला गेल्यानंतर फोनमालकांना आणि त्यांच्या नातेवाइकांना धमक्या देण्याचं प्रमाण प्रचंड मोठ्या प्रमाणात वाढलं. लंडन पोलिसांच्या मते, युरोपातून जे आयफोन चोरीला जातात, ते नंतर बहुतांश वेळा चीनला पाठवले जातात.

ज्यांचे आयफोन चोरीला गेले आहेत, त्यातल्या अनेकांनी सांगितलं, त्यांना चीनमधून धमक्यांचे फोन आले. गुन्हेगारीविषयक अभ्यासक डेव्हिड वॉल यांच्या मते, टोळ्या सुरुवातीला बनावट ॲपल संदेश पाठवतात. त्यानंतर स्वतःला मदत करणारे खरेदीदार म्हणून दाखवतात. ज्या व्यक्तीचा फोन चोरीला गेला आहे, तिनं जर या भामट्यांचं म्हणणं ऐकलं नाही, तर हिंसक धमक्या देणं सुरू होतं. या टोळ्या पीडितांना धमकावून फोन अनलिंक करून घेतात, जेणेकरून तो काळ्या बाजारात विकता यावा! सायबर तज्ज्ञांचा सल्ला आहे की, चोरीनंतर फोन लॉक आणि वाइप करा; पण ॲपल आयडीमधून हटवू नका. ॲपलही सांगतं की, फोन 'फाइंड माय' यादीतच ठेवावा, जेणेकरून भामटे त्याचा वापर करू शकणार नाहीत.

## जनमन

# पाण्याचे कृतिशील व्यवस्थापन व्हावे



**पाऊस** जेव्हा यायचा तेव्हा येईल; परंतु त्याचे वेळापत्रकानुसार येणे आणि धो धो बरसणे याची सर्वांनाच प्रतीक्षा असते. कडक उन्हाचा त्रास सहन केल्यानंतर पावसाची सगळ्यांनाच मोठी आतुरता असते. मे महिना जसा संपायला लागतो तसतशी पाणीटंचाई वाढू लागते. धरणे, तलाव कोरडे पडायला लागतात.

आजचे विकसित तंत्रज्ञान हवामानाचा वेध घेऊ शकते. उन्हाळा, हिवाळा, पावसाळा हे ऋतू कसे राहतील याबाबतची भाकिते सांगू शकतात. पण त्यानुसार योग्य नियोजन सरकार किंवा प्रशासन यांच्यामार्फत होत असलेले पाहायला मिळत नाही. येणारी एखादी नैसर्गिक आपत्ती आणि तिच्यावर मात करण्यासाठी करावयाची तयारी यामध्येसुद्धा मोठी तफावत पाहायला मिळते. दुसरीकडे पाऊस किती आणि कसा पडणार आहे हे दीड ते दोन महिने आधी कळूनही प्रशासन किंवा सरकारी यंत्रणांच्या स्तरावर या पावसाळी पाण्याच्या नियोजनाबाबत कोणतीही विशेष हालचाल दिसत नाही. राज्यात उन्हाळ्यात पाण्याची तीव्र टंचाई असते. पाणी जपून वापरण्याबरोबरच जलपुनर्भरण योजनांचे महत्त्व जलव्यवस्थापन काळात सांगण्याचा प्रयत्न होत असतो. परंतु कृतिशील व्यवस्थापन जर करता आले म्हणजे याच जलव्यवस्थापनाची कृतिशील अंमलबजावणी जर पावसाळ्यात करता आली तर ते अधिक फायदेशीर ठरू शकते. कारण आजही धो धो कोसळणारा पाऊस आठही दिशांनी वाहून जातो. पावसाळ्यामध्ये वृक्ष लावा, झाडे जगवा अशा प्रकारचे आवाहन केले जाते. परंतु याच झाडाला लागणारे पाणीही वाचवा किंवा आडवा हे कृतीतून प्रत्यक्षात आणण्याची गरज आहे.

**- मधुकर चुटे,** नागपूर

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## आंदोलनांचे अंतरंग

# १९६६च्या सुमारास बाळासाहेब म्हणाले होते, 'वाचा आणि थंड बसा'!

### महाराष्ट्रात राहून मराठीला विरोध का? मराठी भाषा केवळ संवादाचे माध्यम नाही, या मातीने दिलेल्या आश्रयाबद्दल कृतज्ञ असण्याचे ते एक पाऊल आहे!



डॉ. नीलम गोऱ्हे
उपसभापती, महाराष्ट्र विधान परिषद

**वेगवेगळ्या** जनआंदोलनांमध्ये काही घोषणा अशा असतात, ज्या संपूर्ण समाजाला एक मोठी वैचारिक कलाटणी देतात. मुंबई आणि महाराष्ट्राच्या संदर्भात 'मराठी माणूस नेमका कुठे आहे?' या ज्वलंत प्रश्नाला वाचा फोडणारी अशीच एक ऐतिहासिक आणि मार्मिक घोषणा १९६६च्या सुमारास मुंबईत घुमली होती - 'वाचा आणि थंड बसा !'

हिंदुहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बाळासाहेब ठाकरे यांनी 'मार्मिक' साप्ताहिकामधून ही मालिका सुरू केली होती. त्याकाळी मुंबईतील विविध नामांकित बँका, औषध कंपन्या, शैक्षणिक संस्था आणि आंतरराष्ट्रीय कार्यालयांमध्ये कोण कुठल्या पदावर कार्यरत आहे, याची एक यादीच बाळासाहेबांनी प्रसिद्ध करायला सुरुवात केली. ही यादी जशी समोर येत गेली, तसे एक धक्कादायक वास्तव लोकांसमोर आले. या सर्व बड्या संस्थांवर दाक्षिणात्य लोकांचा प्रचंड प्रभाव होता, तर वरिष्ठ स्तरावर मराठी माणूस पार गायब होता. कनिष्ठ स्तरावर केवळ कारकून किंवा शिपाई म्हणून राबणारा मराठी माणूस आणि वरिष्ठ पदांवर विराजमान असणारे दाक्षिणात्य, हे चित्र पाहून मराठी माणसाला आपल्याच मातीत आपण उपरे असल्याचे जाणवू लागले.

बाळासाहेबांच्या या धारदार लेखणीने मराठी माणसाची सुप्त अस्मिता जागी केली. 'वाचा आणि थंड बसा' ही केवळ घोषणा नव्हती, तर त्यात एक उपरोधिक टोमणा होता, ज्याचा खरा अर्थ होता - 'वाचा आणि विचार करा, विचार करा आणि त्यानुसार कृती करण्यासाठी पेटून उठा!'. या एका घोषणेने महाराष्ट्रात एका सुव्यवस्थित आणि शिस्तबद्ध आंदोलनाला जन्म दिला. येथूनच शिवसेनेच्या





प्रभावाची पहाट झाली.

१९६६च्या दशकानंतर अनेक वर्षे उलटली, तरी मराठी भाषा मुळापासून उखडली जाऊ नये म्हणून मराठी राज्यकर्त्यांना आणि शासनाला सातत्याने प्रयत्न करावे लागले. महाराष्ट्रातील सर्व शाळांमध्ये- मग त्या इंग्रजी माध्यमाच्या का असेनात- मराठी भाषा अनिवार्य करण्याचा ऐतिहासिक निर्णय राज्य सरकारने घेतला. मात्र, २०१८ नंतरही अनेक शाळांनी या कायद्याला योग्य तो मान दिला नाही. 'मराठी शिकवणारे शिक्षक उपलब्ध नाहीत' किंवा 'मुलांना पर्यायी भाषा निवडण्याचा अधिकार आहे' अशी पळवाट शोधणारी भूमिका अनेक शाळांच्या व्यवस्थापनाने घेतली. परिणामी, मराठी भाषेचा प्रसार हवा तसा झाला नाही. याला पर्याय म्हणून काही मराठी शाळांनी 'द्विभाषिक' (इंग्रजी आणि मराठी दोन्ही माध्यमांतून) शिक्षण देण्याचा स्तुत्य उपक्रम सुरू केला, ज्याला चांगला प्रतिसादही मिळत आहे.

काही काळापूर्वी जेव्हा महाराष्ट्र शासनाच्या परिवहन विभागाने रिक्षाचालकांसाठी 'मराठी भाषा बोलणे अनिवार्य' करण्याची मोहीम हाती घेतली, तेव्हा काही घटकांनी त्याला जाणीवपूर्वक विरोध केला. 'आम्ही मराठी बोलणारच नाही' अशी ताठर भूमिकाही काहींनी घेतली.

मुळात एक साधा जागतिक नियम आहे- तुम्ही ज्या राज्यात, ज्या देशात राहता, तिथली रोजगाराची भाषा तुम्हाला शिकावीच लागते. परदेशात गेल्यावर तर दोन-तीन महिने तिथली भाषा आणि शिष्टाचार समजून घेतल्याशिवाय तुम्हाला कामावर स्वीकारलेच जात नाही. मग महाराष्ट्रात राहून मराठीला विरोध का? मराठी भाषा ही केवळ संवादाचे माध्यम नाही, तर या मातीने तुम्हाला दिलेल्या रोजगाराबद्दल, आश्रयाबद्दल कृतज्ञता व्यक्त करण्याचे ते एक महत्त्वाचे पाऊल असते.

neeilamgorhe@gmail.com

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे





हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

कल्पमेधा

*किसी व्यक्ति के भीतर व्यावहारिक विवेक का होना उसके सिर्फ शिक्षित होने से हजार गुना बेहतर है।*

*– रोबर्ट जी इंगेर्सोल*

## सीमा की सुरक्षा

पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में घुसपैठ और इससे जुड़ी आतंकवाद की समस्या ने भारत को किस स्तर तक नुकसान पहुंचाया है, यह छिपा नहीं है। हालांकि सीमा पर तैनात सुरक्षा बल के जवान अपनी ओर से पूरी कोशिश करते हैं कि पाकिस्तानी ठिकानों से भारत में घुसपैठ करने वालों को रोकें, गिरफ्तार करें या फिर जरूरत पड़ने पर उन्हें निशाना बनाया जाए। विडंबना यह है कि आज भी सीमा पर भारत को अक्सर घुसपैठ और आतंकी हमलों का सामना करना पड़ता है। इसकी एक बड़ी वजह सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के तार और निगरानी का तंत्र अपेक्षित स्तर पर मजबूत न होने को माना जाता रहा है। फिर सीमा पर स्थित रिहाइशी इलाकों में भी कई बार आतंकी सूत्रों से जुड़े लोगों की पहचान नहीं पाने के अपने जोखिम हैं। शायद यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ लहजे में पाकिस्तान सीमा के आसपास सुरक्षा के लिहाज से सख्त नीति अपनाने को कहा है।

गौरतलब है कि राजस्थान के सीमावर्ती इलाके के आसपास के जिलों में सुरक्षा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चस्तरीय बैठक में भारत और पाकिस्तान सीमा के आसपास चौतरफा सुरक्षा योजना के तहत कई अहम निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक, अब सीमा से पंद्रह किलोमीटर तक के क्षेत्र में हर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और शून्य सहनशीलता की नीति के तहत ऐसे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। इस सख्ती की वजह मुख्य रूप से राजस्थान के सीमाई इलाके के जिलों में घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। यह छिपा नहीं है कि सीमा से सटे क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से अलग-अलग रूप में होने वाली घुसपैठ अंतिम तौर पर भारत में आतंकवाद की जड़ों को मजबूत करती है। खासतौर पर सीमावर्ती इलाकों में अवैध रूप से रहने वाले कुछ लोग कई बार आतंकियों के लिए अप्रत्यक्ष सहायक के रूप में काम करते हैं। इनमें से कई लोग भ्रष्टाचार का सहारा लेकर न केवल स्थानीयता का फर्जी दस्तावेज बनवा लेते हैं, बल्कि संदिग्ध वित्तीय लेनदेन, अवैध गतिविधियों और सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में भी लिप्त होते हैं।

यह अकारण नहीं है कि आतंकवाद के खिलाफ चलने वाले अभियान के सामने अक्सर आंतरिक मोर्चों पर खड़ी जटिलताएं एक बड़ी चुनौती होती हैं। दरअसल, पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों ने सीमावर्ती इलाकों में अपना नेटवर्क खड़ा करने के लिए स्थानीय आबादी में घुसपैठ करके अपनी जगह बनाने को एक ढांचे के रूप में विकसित किया है। इसके अलावा, वे कारोबारी प्रतिष्ठानों से संपर्क साध कर भी आतंकी संगठनों के वित्तपोषण का एक संजाल खड़ा करते हैं। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को शह देने का मुद्दा कई बार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी उठ चुका है। भारत की ओर से लगातार चेतावनी और सख्ती के बावजूद सीमा पर घुसपैठ और आतंकवादी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा पाना अब तक संभव नहीं हो सका है। पिछले वर्ष पहलगाम में पर्यटकों पर हमले से लेकर आतंकी वारदात की एक लंबी श्रृंखला रही है। इस लिहाज से देखें, तो सीमावर्ती इलाकों में आतंकी तत्त्वों या उनके लिए सहयोगी के रूप में काम करने वाले तंत्र के खिलाफ सख्ती एक जरूरी कार्रवाई है।

## जिंदगी का शायर

आम लोगों के जीवन के गहरे जख्मों को जीवंत शब्द देने वाले बशीर बद्र अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन दिल को छू लेने वाली अपनी शायरी के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। वे जितने सरल थे, उनकी रचनाओं में उतनी ही सादगी और सहजता थी। उनमें इस कदर भाव अभिव्यक्त होते थे कि हर किसी को उनकी पंक्तियां अपनी-सी लगती थीं। आधुनिक गजल के इस उस्ताद के रचना संसार में जिंदगी का हर वह लम्हा था, जिसे मनुष्य जीता है। बशीर बद्र अपने शब्दों में तन्हाई और पीड़ा को बखूबी उकेरते थे। वे चुभती जरूर थीं, मगर मन के किसी कोने दर्ज हो जाती थीं। वे अपनी शायरी में उस शहर को भी जीते रहे, जहां अजनबियत बढ़ती चली गई थी। उन्होंने नए मिजाज के शहर को वक्त रहते पहचान लिया था। वे संघर्ष भरे रास्ते से गुजरे और जिंदगी की शाम आने से पहले उन्होंने लोगों की जुबान पर चढ़ जाने वाली कालजयी पंक्तियां रचीं। बशीर साहब के मशहूर शेर में समाज के जटिल ताने-बाने के बीच जद्दोजहद करने का जज्बा दिखता है। उनमें जिंदगी के कई पाठ हैं। उनकी शायरी हमें जीने का रास्ता दिखाती है।

हममें से न जाने कितने ऐसे लोग होंगे जो किसी न किसी मौके पर उनकी शायरी को याद करते रहे और उन्हें दोहराते रहे हैं। जीवन में संवेदनात्मक उतार-चढ़ाव के वक्त न जाने के कितने लोगों ने उनकी शायरी को अपना सहारा बनाया होगा। बशीर बद्र अपने जीवन में जिस मुकाम पर पहुंचे, वहां तक पहुंचना कोई आसान नहीं था। अपने दम पर उन्होंने पढ़ाई पूरी की और कालेज में लंबे समय तक पढ़ाया। हिंदी और फारसी पर उनकी गहरी पकड़ थी। वे उर्दू तक सीमित नहीं रहे। उनकी कई रचनाओं का अनुवाद हुआ और दुनिया भर में वे मशहूर हुईं। कई बड़े पुरस्कारों से नवाजे गए बशीर हमेशा विनम्र रहे। दुनिया को मुसाफिरखाना मानने वाले बशीर बद्र के निधन से उनके प्रशंसक दुखी हैं। निस्संदेह उन्होंने एक ऐसी शख्सियत को खो दिया है, जिन्हें आधुनिक शायरी का नगीना माना गया। सच यह है कि बशीर बद्र एक ऐसे शायर थे, जिनके शब्द भावों की गहराई लेकर दिलों में धड़कते हैं।

# प्रदूषण का बोझ ढोती उपेक्षित नदियां



**नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिए धन और योजनाओं की कमी नहीं है। कमी है तो इच्छाशक्ति की। यह बेवजह नहीं है कि नदियों की दशा सुधरने के बजाय दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है।**

**ऋतुपर्ण दवे**

भारत में प्रदूषित नदियां चिंता का विषय बनी हुई हैं। सरकार कई योजनाएं चला रही है, लेकिन धरातल पर कुछ दिखता नहीं। ऐसा भी नहीं है कि नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिए बजट की कमी हो। कमी है तो इच्छाशक्ति की। हालत यह कि नदियों की दशा सुधरने के बजाय दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने भी इस पर चिंता जताई है। हम छठ पर्व पर हर साल यमुना की बदहाली देखते हैं। उन दिनों यह चर्चा का विषय बनती है, लेकिन पर्व निकलते ही सब भूल जाते हैं कि अगली बार सुधार के लिए भी कुछ करना है। कमोबेश यही स्थिति देश की दूसरी नदियों की है। कई बार न्यायालयों की सख्त टिप्पणियां सामने आईं, लेकिन किसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

दिल्ली में यमुना को तो दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक माना जाने लगा है। यह नदी दिल्ली में जल आपूर्ति का बड़ा सहारा है। इसमें प्रदूषण की वजह नजफगढ़ का नाला है। इसका प्रदूषित पानी रासायनिक अवशेष के साथ यमुना में मिलता है। दिल्ली तक बह कर आने वाली यमुना नजफगढ़ नाले के कारण 70 फीसद से अधिक प्रदूषित हो जाती है। यहां अमोनिया का स्तर भी बहुत अधिक बढ़ जाता है। बात केवल राष्ट्रीय राजधानी की नहीं है। कई राज्यों में भी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। चेन्नई की कूउम नदी का भी यही हाल है। इसे अब देश की सबसे प्रदूषित नदी माना जाता है। दक्षिण में भी नदियों का प्रदूषित होना चिंता का विषय है। गंगा-यमुना के अलावा भी ऐसी नदियां हैं, जो प्रदूषण का बोझ उठाए चुपचाप बह रही हैं और अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। अन्य प्रदूषित नदियों में साबरमती और दामोदर नदी भी शामिल हैं। औद्योगिक कचरा, अनुपचारित गंदा पानी, प्लास्टिक और कृषि रसायनों के कारण भी कई नदियां बेहद जहरीली हो चुकी हैं। इनमें गंगा की सहायक नदियां भी शामिल हैं। ऐसा भी नहीं है कि नदियां किसी एक स्थान पर ही प्रदूषण का शिकार होती हैं। एक ही नदी कई स्थानों पर उस क्षेत्र की गंदगी को लेकर आगे की ओर बढ़ती हैं। कई नदियां तो दर्जनों स्थानों पर और कुछ तो इससे भी ज्यादा जगहों पर गंदगी का वाहक बन चुकी हैं।

नदियों को मैली होने से बचाने के लिए किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखती। नदी में गंदगी मिलने पर किसी को भी दुख नहीं होता। एक ओर तो नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे, तो दूसरी ओर स्थानीय निकाय भी इस दिशा में काम नहीं कर रहे। वे नदियों का दुरुपयोग इसलिए करते हैं, ताकि उनके नगर-कस्बे या गांवों की समूची गंदगी साफ हो जाए और नदी उनका बोझ ढोते हुए आगे बढ़ जाए। इसे रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

हमारा ध्यान देश की बड़ी नदियों पर रहता है। बाकी नदियों की दशा पर हम सोचते ही नहीं हैं। गंगा नदी में बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं चलाई गईं, लेकिन वह प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पा रही है। वाराणसी में गंगा किनारे हजारों शवों का दाह संस्कार इसके किनारे किया



जाता है और अस्थियों को विसर्जित किया जाता है। कई लोग तो सीधे शव को ही बहा देते हैं, लेकिन गंगा के पावन होने पर कोई आंच नहीं आती। यह सदियों से चला आ रहा है। अब बढ़ती जनसंख्या और तीव्र औद्योगीकरण के कारण गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन गई है। गंगा नदी

> **नदियों को मैली होने से बचाने के लिए किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखती। नदी में गंदगी मिलने पर किसी को भी दुख नहीं होता। एक ओर तो नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे, तो दूसरी ओर स्थानीय निकाय भी इस दिशा में काम नहीं कर रहे। नदियों का दुरुपयोग इसलिए करते हैं, ताकि उनके नगर-कस्बे या गांवों की समूची गंदगी साफ हो जाए और नदी उनका बोझ ढोते हुए आगे बढ़ जाए। इसे रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। हमारा ध्यान देश की बड़ी नदियों पर रहता है। बाकी नदियों की दशा पर हम सोचते ही नहीं हैं। गंगा नदी में बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं चलाई गईं, लेकिन वह प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पा रही है।**

के किनारे बसे इलाकों में करीब चार करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। इसके प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानव मल है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन लगभग पांच अरब लीटर गंदा पानी नदी में मिल जाता है। कहने को दूषित जल को शोधित करने लिए बड़े-बड़े संयंत्र लगाए गए हैं, लेकिन वास्तव में एक चौथाई ही उपचारित हो पाता है। गंगा के पानी की स्थिति यह है कि इसमें जीवाणुओं का स्तर स्नान के लिए सुरक्षित स्तर से 150 गुना अधिक है।

कमोबेश यही हाल अमरकंटक से निकली नदी नर्मदा और सोन का है। नर्मदा अपने उद्गम से थोड़ा आगे से ही प्रदूषण की मार झेलती दिखती है, तो सोन नदी चंद किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद एक कागज कारखाने का अपशिष्ट झेलती और जलशोधन का 'नाटक' देखती आगे बढ़ती है। जब देश की बड़ी नदियों का यह हाल है, तो शेष के बारे में केवल अंदाजा ही लगाया जा सकता है। गंगा नदी को साफ करने पर 1986 से अब तक बीस हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुके हैं, जिसमें 2014 में 'नमामि गंगे' कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी शामिल है। वर्ष 2019 के एक आकलन में क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया ने पाया कि गंगा के किनारे बसे ज्यादातर शहर सीधे अपना कचरा नदी में डाल रहे थे, क्योंकि उनके पास कचरा निपटान संयंत्र नहीं थे। आज स्थिति यह है कि शोधन संयंत्र न लगने या सही तरीके से उनका प्रबंधन न होने से अधिकतर नदियों में गंदगी मिल रही हैं।

नदियों में बढ़ते प्रदूषण के आंकड़ों को लेकर कहीं कोई चिंता नहीं दिखती है। आस्ट्रिया के लक्समबर्ग में एक स्वतंत्र अंतरराराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एप्लाइड सिस्टम्स एनालिसिस (आइआइएएसए) का एक शोध वास्तविकता पर काफी हद तक प्रकाश डालता है। इसके अनुसार वर्तमान में दुनियाभर के नगरपालिका क्षेत्र के कचरे का 17 फीसद हिस्सा भारत में है। इससे निपटने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को तत्काल अमल में लाना होगा, नहीं तो नदियों में कचरे के जाने की समस्या बढ़ती रहेगी। नगरपालिका क्षेत्र के ठोस कचरे के निपटान के लिए एक वैश्विक संधि हो जो यह सुनिश्चित करे कि सभी देश समान नियमों का पालन करें, जिससे एक देश से दूसरे देश में नदियों से कचरा आने का जोखिम कम हो जाए। यदि ऐसा हो जाता है, तो राष्ट्रीय स्तर पर कचरे के फैलने की विश्व व्यापी समस्या के लिए ऐसा वैश्विक समझौता ज्यादा सक्षम होगा और इससे व्यापक स्तर पर समाधान निकलेगा।

भारत में नगरपालिका क्षेत्र से रोजाना तकरीबन एक लाख 52 हजार 245 मीट्रिक टन ठोस कचरा निकलता है। यह कचरा आमतौर पर घरों का होता है। जैव चिकित्सा अपशिष्ट भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। वर्ष 2021 में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शुरू किया गया था, तब लक्ष्य रखा गया कि 2026 तक सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाना है। जिसमें कई शहरों-कस्बों और नगरों में सफलता भी दिख रही है। गौरतलब है कि नगर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन से ही नदियों की सफाई जुड़ी हुई है। लोग अब इस बात को समझने भी लगे हैं। घर से मोहल्ला, मोहल्ले से वार्ड और वार्ड से नगर के समूचे कचरा निपटान के लिए सतत प्रभावी दृष्टिकोण अपनाना होगा। कचरे का समाधान हो जाएगा, तो नदियां अपना स्वरूप पा सकेंगी और ये हमारे जीवन की धारा बनेंगी। इसके लिए जन और तंत्र दोनों को ही जुटना होगा। जब नदियों में रासायनिक कचरा नहीं रहेगा, तो वे अविरल बहेंगी। बस जरूरत है तो इच्छाशक्ति की।

दुनिया मेरे आगे

# जाने-अनजाने रास्ते

**अमिताभ स.**

एक दिन एक बच्चा अपने पिता के साथ बाजार गया। बाजार में चलते-फिरते उसकी नजर खिलौनों की दुकान पर पड़ी। दुकान के बाहर ही प्लास्टिक की एक बंदूक सजी लटक रही थी। बंदूक देख कर उससे रहा नहीं गया। वह अपने पिता से बंदूक़ लेने की जिद करने लगा। काफी देर तक टालने और मना करने पर भी न मानने के बाद पिता ने उसे बंदूक खरीद दी। वह बच्चा घर पहुंचा, तो उसने सबसे पहले अपनी मां को बंदूक दिखाई और बोला, 'ममी, इस बंदूक पर मेरे सपने टिके हैं !' सुन कर मां घबरा गई कि बेटा क्या कह रहा है। वह सोचने लगी कि कहीं उसका बच्चा बड़ा होकर चोर- डकैत तो नहीं बन जाएगा! फिर शाम होते ही वह अपनी खिलौना-बंदूक लेकर गली-मुहल्ले के अपने यार- दोस्तों पर रोब जमाने लगा। एक मित्र ने समझाया, 'यार, बंदूक भी कोई पसंद करता है? यह किस काम की है? कुछ लेना ही था, तो क्रिकेट का बल्ला और गेंद लेता। खेलते-खेलते खिलाड़ी बन जाता।' फिर उसने साफ-साफ पूछा, 'भई, तुमने बंदूक ली ही क्यों?' बच्चा जब समझने लगा तो कहा- 'मैंने बंदूक यह सोच कर ली है कि मैं बड़ा होकर सेना में जाऊंगा और देश की रक्षा करूंगा।' सुन कर दोस्त हक्का-बक्का रह गया! जब उसकी मां को पता चला कि उसका बच्चा ऐसा सोचता है, तो उसका भी सिर गर्व से ऊंचा उठ गया।

ओशो के शब्द हैं, 'उस मां को, उस पिता को, मैं सच्चा माता-पिता कहता हूं और उस गुरु को, मैं सच्चा गुरु कहता हूं, जो अपने बच्चों और शिष्यों से कहे कि तुम खुद जैसे बनने की कोशिश करना। साथ ही, कभी भूल कर भी किसी और जैसे मत बनना। तो तुम्हारे भीतर एक सुगंध, एक सौरभ, एक गरिमा पैदा होगी, जिसके लिए तुम दुनिया में आए हो।' आमतौर पर, ऊपर-ऊपर से देख-सुन कर हर कोई अपने मन में किसी के बारे में धारणा बुन लेता है। मिसाल के तौर पर, अगर कोई युवा बेरोजगार तेज धार का चाकू खरीद लाए, तो उसे देखने वाले लोगों के दिमाग में पहला खयाल जरूर कौंधेगा कि चाकू से कुछ 'गलत' काम करने का इरादा होगा। बेशक उसकी ऐसी सोच हरगिज न रही हो। हो सकता है कि उसने अपने घर पर फल और सब्जियां काटने के लिए चाकू ख़रीदा हो।

इसी तरह एक बार एक घरेलू सहयोगी नरेश चूहे मारने की टिकिया लेने मुहल्ले की परचून दुकान पर गया। उसने दुकानदार की तरफ सौ रुपए का नोट बढ़ाया और कहा, 'भैया, एक फलां कंपनी की चूहे मारने की टिकिया दीजिए।' दुकानदार ने उससे जानना चाहा कि इसका क्या करोगे, तो वह बिना जवाब दिए, गुमसुम दुकानदार को ताकता रहा। शायद उसे दुकानदार से ऐसे सवाल की उम्मीद नहीं थी। दुकानदार ने उसे चूहे मारने के टिकिया देने से मना कर दिया। नरेश खाली हाथ घर लौट आया और अपने साहब से बोला कि दुकानदार ने पता नहीं क्यों उसे देने से इकार कर दिया है। जबकि कई टिकियां सामने ही रखी हुई थी। साहब नरेश को परचून की दुकान पर दुबारा ले गए। इस बार साहब ने वही टिकिया मांगी, तो दुकानदार ने बिना कुछ कहे-पूछे निकाल कर सामने रख दी। साहब से दुकानदार से जानना चाहा कि आपने नरेश को क्यों नहीं दी, तो दुकानदार बोला कि नरेश मुझे बता नहीं पाया कि इसका करेगा क्या! अगर वह कहता कि घर में उससे चूहे भगाने हैं, तो मैं फौरन दे देता, लेकिन वह खामोश रहा। इसलिए दुकानदार को संदेह हुआ कि छोटू का इरादा कुछ 'गलत' करने का है। यानी कहीं खुद खा ली, तो वह दुकानदार ही फंस जाएगा।

यह भी सच है कि मन में विचार रखने या महज इरादा होना, तब तक अपराध नहीं माना जाता, जब तक उसे अंजाम न दिया जाए। सड़क पर सफर के दौरान वाहनों का जाम लग जाने की सूरत में अगर कोई मन ही मन जल्दी पहुंचने के लिए उल्टी तरफ से जाना चाहे, तो कोई यातायात पुलिसकर्मी उसका चालान नहीं काटेगा, क्योंकि वह केवल चाह रहा है, उल्टी तरफ से गया नहीं है। जबकि अगर उसके मन में विचार उत्पन्न हो, और वह सचमुच गलत तरफ अपना वाहन ले जाए, तब कानून तोड़ने के जुर्म में फंसेगा। कहने का आशय यह कि सिर्फ चाहने या सोचने से किसी काम का हो जाना नहीं मान लिया जा सकता, जब तक कि वह वास्तव में घटित होता हुआ न दिखे।

वास्तव में, हर व्यक्ति में पूर्ण क्षमता है, चाहे तो वह कल्पना से भी ज्यादा नीचे गिर जाए और चाहे जितना भी ऊपर उठ जाए। मगर ऊपर उठने में चढ़ाई है और चढ़ाई में मेहनत लगती है। साथ ही चढ़ाई मेहनत के साथ सब्र मांगती है। चूंकि नीचे उतरने में ढलान है, बिना श्रम, जल्दी और आसानी से नीचे आ सकते हैं। इसलिए ज्यादातर व्यक्ति कानून तोड़ने का आसान रास्ता अपनाते हैं। इसके अलावा, नीचे उतरना हमेशा आसान लगता है। यों भी, भीड़ के पीछे चलना आसान है, क्योंकि वहां अपना दिमाग नहीं लगाना पड़ता। व्यक्ति जो भी आज है- अपने विचारों, भावों और कर्मों का जोड़ है। हर किसी का चरित्र अतीत की पूरी श्रृंखला से बनता और बिगड़ता है। इसीलिए पहली गलती पर अमूमन माफ कर दिया जाता है, लेकिन एक के बाद दूसरी, फिर तीसरी, चौथी। और गलतियों की पूरी एक श्रृंखला बन जाने के बाद माफी की गुंजाइश जाती रहती है।

> **हर व्यक्ति में पूर्ण क्षमता है, चाहे तो वह कल्पना से भी ज्यादा नीचे गिर जाए और चाहे जितना भी ऊपर उठ जाए। मगर ऊपर उठने में चढ़ाई है और चढ़ाई में मेहनत लगती है। यों भी, भीड़ के पीछे चलना आसान है, क्योंकि वहां अपना दिमाग नहीं लगाना पड़ता।**

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

### गहराता संकट

महंगाई तेजी से बढ़ने की आशंकाओं के बीच सरकार की आर्थिक नीतियों पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। निजी निवेश में भारी गिरावट और नीतिगत उदासीनता देश को आर्थिक संकट की ओर धकेल रही है। अगर समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आर्थिक हालात और गंभीर हो सकते हैं। दूसरी ओर रुपया भी डालर के मुकाबले भारी दबाव में है और सौ का आंकड़ा छूने की ओर अग्रसर है। कई अर्थशास्त्रियों ने आशंका जताई है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू नीतिगत समस्याओं के कारण आने वाले समय में स्थिति और जटिल हो सकती है। हालांकि निजी निवेश स्थिर है, लेकिन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नकारात्मक स्तर तक गिर गया है। यहां तक कि शेयर बाजार से विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल चुके हैं। वहीं घरेलू निवेशक भी भारतीय बाजार में पूंजी लगाने से हिचकिचा रहे हैं। यह चिंता का विषय है। दो मत नहीं कि चुनावी सफलता दल विशेष को सत्ता दिला सकती है, लेकिन केवल आर्थिक प्रदर्शन ही दीर्घकालिक जन विश्वास को बनाए रख सकता है। पिछले कई वर्षों से जिस अच्छे दिन आने का सपना हम देख रहे थे, वह अब बुरे सपने में तब्दील होता दिख रहा है।

*– जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

### तबाही के मुहाने

यूक्रेन मसले पर रूस अब भी पीछे नहीं हट रहा। अमेरिका ईरान के मामले में आक्रामक बना हुआ है। ऐसा लगता है कि महाशक्तियों की महत्त्वाकांक्षा दुनिया को हजारों साल पीछे धकेल देगी। धरती बंजर हो जाएगी। हरियाली गुम हो जाएगी। वर्तमान में जिस तरह युद्ध के हालात हैं, उससे लगता है कि पूरी धरती तबाह हो जाएगी। ऐसे में मनुष्य कितना लाचार हो जाएगा, इसकी कल्पना करते हुए भी डर लगता है। महाशक्तियों का यह दायित्व था कि वे दुनिया को सुरक्षित और सुंदर बनाते, लेकिन वे तो धरती को तबाह करने पर तुले हुए हैं। वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी कि जिस विध्वंस में हिरोशिमा और नागासाकी के लोग झुलस गए थे, फिर वैसी स्थिति दोबारा न देखनी पड़े। इसके लिए शक्तिशाली देशों ने सहमति प्रदान की थी। अन्य मुल्कों ने उसका अनुसरण भी किया। मगर अब दुनिया फिर तबाही के मुहाने पर है। संयुक्त राष्ट्र संघ अप्रासंगिक हो गया दिखता है।

*– मिथिलेश कुमार, भागलपुर*

### तकनीक के गुलाम

आज बदलते परिवेश में हर इंसान कहीं भी जाने के लिए 'गूगल मैप' का सहारा लेता है। किसी अनजान रास्ते के लिए इसका उपयोग करना कुछ हद तक सही है, पर आजकल लोग अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और जान-पहचान के लोगों के घर जाने के लिए भी इसी का सहारा लेते हैं। घर का पता, रास्ते, चिह्न कुछ भी याद रखने के लिए दिमाग पर जोर नहीं डालते। युवा पीढ़ी में तो यह आम है। दिमाग लगाना तो लगभग बिल्कुल बंद कर दिया है। नतीजा यह कि याद रखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। स्मृति धुंधली पड़ रही है। दिमाग को जंग हम खुद लगा रहे हैं। यही नहीं, इंटरनेट पर दिए नक्शे पर निर्भरता हादसों को भी न्योता दे रही है। इस पर भरोसा कर हम इसके दिशानिर्देश मानते चले जाते हैं और कई बार हादसे का शिकार हो जाते हैं। कोई भी तकनीक हमारी सुविधा के लिए है। उस पर इतनी निर्भरता कि अपने विवेक और बुद्धि का सही इस्तेमाल करना छोड़ दें, यह गलत है।

*– अभिलाषा गुप्ता, मोहाली*

### जोखिम की परतें

'ठगी का संजाल' (संपादकीय, 18 मई) पढ़ा। डिजिटल सेवाएं एक ओर मानव जीवन को कई सुविधाओं, संपर्कों और गति से समृद्ध करती हैं, वहीं दूसरी ओर लगभग अदृश्य ठगी के तंत्र को भी निरंतर विस्तार दे रही है। दो मत नहीं कि आभासी दुनिया की चमक-दमक के पीछे अनेक ऐसी परतें छिपी हैं, जिन्हें समझे बिना सुरक्षित रहना कठिन है। डिजिटल दुनिया की सहजता, तीव्रता और सर्वसुलभता ने जीवन को सरल अवश्य बनाया है, किंतु इसी सरलता के भीतर अनेक प्रकार के भ्रम और सूक्ष्म जोखिम भी विकसित हुए हैं। यह एक ऐसा युग है, जहां तकनीक जितनी अधिक शक्तिशाली होती जा रही है, उतनी ही अधिक सतर्कता भी अनिवार्य होती जा रही है। जब तक हम डिजिटल संरचनाओं की कार्यप्रणाली, उनके प्रभावों और उनकी सीमाओं को गहराई से नहीं समझेंगे, तब तक ठगी से सुरक्षित रह पाना संभव नहीं होगा।

*– अशोक, पटना, बिहार*

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# क्रिकेट का वैभव

उम्र में क्या रखा है, प्रदर्शन देखिए। छक्के देखिए, स्ट्राइक रेट और रन देखिए। महज 15 वर्षीय क्रिकेटर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बड़े-बड़ों के रिकॉर्ड को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। आईपीएल के एक सत्र में अब तक 65 छक्के मारने का जो रिकॉर्ड वैभव ने खड़ा किया है, वह इस देश में न जाने कितने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करेगा। दुनिया अचंभित है, भारत में ऐसे सुपर-बल्लेबाज पैदा हो रहे हैं कि जिन्हें रोकना कठिन है। वैभव की यह खासियत देखी गई है कि उनमें दिग्गज गेंदबाजों को लेकर कोई दहशत नहीं है। मैदान पर ऐसे अनेक खतरनाक माने गए गेंदबाज हैं, जिनका स्वागत वैभव ने आईपीएल 2026 में छक्के मारकर किया है। वैभव की निडरता उन्हें अलग श्रेणी के बल्लेबाज के रूप में स्थापित कर रही है। दुनिया में किसी भी टी-20 टूर्नामेंट में किसी भी बल्लेबाज ने इतने छक्के नहीं लगाए हैं। आज से 14 साल पहले आईपीएल 2012 में तूफानी बल्लेबाज क्रिस गेल ने 59 छक्कों के साथ रिकॉर्ड खड़ा किया था। इतने छक्कों के लिए उन्होंने 456 गेंदें ली थीं, जबकि वैभव ने महज 266 गेंदें ली हैं। अभी यह टूर्नामेंट खत्म नहीं हुआ है। वह और दो मैच खेल सकते हैं। उसके बाद ही दुनिया में छक्कों का एक गगनचुंबी रिकॉर्ड स्थापित होगा।

खैर, वैभव के लिए यह शुरुआत भर है। बुधवार के मैच में हैदराबाद की टीम के खिलाफ दो ऐसे रिकॉर्ड हैं, जो वह तोड़ सकते थे, पर नहीं तोड़ पाए। एक तो 16 गेंदों में 50 रन तक पहुंचकर सुरेश रैना से बराबरी तो हुई, पर रिकॉर्ड टूट न पाया। दूसरा, 97 रन बनाकर वह 29वीं गेंद पर आउट हो गए, अगर इस गेंद पर चौका लग गया होता, तो सबसे कम 30 गेंदों में शतक बनाने का क्रिस गेल का रिकॉर्ड भी टूट जाता। बहरहाल, सर्वाधिक स्ट्राइक रेट 242.85 का रिकॉर्ड वैभव ने बना लिया है। यह किशोर न जाने कितने रिकॉर्ड बनाते चला जा रहा है और दिग्गज क्रिकेटरों के पास भी उनकी प्रशंसा के लिए शब्द कम पड़ने लगे हैं। प्रशंसा करते हुए यह जरूर देखना चाहिए कि इस खिलाड़ी ने महज आठ वर्ष की आयु से किस कदर खुद को तपाया है? अपने बाजुओं में उसने अभ्यास से कितना बल भरा है? न जाने कितने त्याग से यह कौशल हासिल हुआ है कि मैदान के हर सिरे पर छक्के बरस रहे हैं। वाकई, फटाफट क्रिकेट ने भारतीय खेल को पूरी तरह से बदल दिया है। ध्यान रहे, वह उस पीढ़ी के बल्लेबाज हैं, जो आईपीएल क्रिकेट की चटक ध्वनियां सुनते हुए गोद से उतरी है।

**टी-20 क्रिकेट ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया है। ध्यान रहे, वैभव सूर्यवंशी उस पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, जो आईपीएल क्रिकेट की चटक ध्वनियां सुनते गोद से उतरी है।**

यहां जरूर याद करना चाहिए कि भारतीय क्रिकेट में बड़े बदलाव की शुरुआत कप्तान कपिल देव के समय हुई थी, जिसे सचिन तेंदुलकर ने अपनी ईमानदारी से नवाजा और सौरव गांगुली ने छोटे शहरों से धौनियों-कैफों को खोजकर आगे ला खड़ा किया। यह जो क्रिकेटरों की नई पौध आई है, उसे खाद-पानी देने में राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण का अतुलनीय योगदान है। भारत क्रिकेट की आधुनिक नर्सरी है, जिसमें दशकों तक वंचित रहे राज्य भी अब बहुत आगे निकल आए हैं। कोई आश्चर्य नहीं, आज आईपीएल-2026 में अगर उत्तर प्रदेश के 12 से ज्यादा खिलाड़ी जोर आजमा रहे हैं, तो बिहार भी 10 खिलाड़ियों के साथ अपनी मजबूती दर्ज करा रहा है। वैभव सूर्यवंशी की आभा प्राकृतिक है, पर इससे अन्य खिलाड़ियों के स्वाभाविक खेल में कोई नकारात्मक परिवर्तन नहीं आना चाहिए। कोई दोराय नहीं, सबको इंतजार है, वैभव की असली परीक्षा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में होगी। क्या वह भारत को चार-पांच विश्व कप दिला पाएंगे?

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 29 मई, 1951

## मुद्रास्फीति की विभीषिका

देश की आर्थिक स्थिति जब सुनिश्चित नहीं है, विचारकों द्वारा समय-समय पर उसका विश्लेषण एवं निस्तार के उपाय सुझाना स्वाभाविक ही नहीं वांछनीय भी है। इससे समस्या के सब पहलू सामने आकर सही अन्दाज लगाने की सुविधा होती है और गलती सुधारने का मौका मिलता है। फिर जब ऐसा विश्लेषण किसी अधिकारी व्यक्ति द्वारा हो, तो उस पर विचार करना और भी आवश्यक हो जाता है। हाल में पूना में डेक्कन एज्यूकेशन सोसायटी के वाणिज्य महाविद्यालय में भाषण करते हुए डा. जान मथाई ने जो कुछ कहा, इसीलिए, उसको दरगुजर करना उचित नहीं है।

डा. जान मथाई ऊंचे दर्जे के अर्थशास्त्री तो हैं ही, स्वतंत्र भारत के वित्त मंत्री रह चुकने के कारण भारत की आर्थिक स्थिति या समस्याओं पर बोलने का उनका अधिकार निर्विवाद है। अतः जब हम उन्हें यह कहते हुए पाते हैं कि देश की आर्थिक समस्या का मध्यबिन्दु आज भी मुद्रास्फीति ही है, तो यह हमारे गंभीर विचार का विषय बन जाती है। उन्होंने इसके नये खतरे का भी संकेत किया है, जिसका कारण उन्होंने यह बताया है कि भावी युद्ध की आशंका से आज विश्व में पुनःशस्त्रीकरण और सामरिक सामग्री के व्यापक संग्रह की प्रवृत्ति जोरों पर है। यह याद रखने की बात है कि पिछले युद्ध के समय युद्ध-सामग्री की भारी मांग के फलस्वरूप ही इंग्लैण्ड में हमारी पौण्ड पावने की भारी रकम जमा हुई और उसकी जगह हमारे यहां कागजी नोट छप-छपकर वितरित होते रहे। कागजी मुद्रा का यह बाहुल्य ही वह मुद्रास्फीति है, जो चीजों को पहले से महंगा कर रहा है तथा ऐसी मुद्रा को प्रोत्साहन दे रहा है, जिसकी पुश्त पर सुवर्ण या चान्दी जैसी ठोस चीज के बजाय केवल विदेशी बचत या सरकार की साखमात्र है। करवृद्धि, नियंत्रण, उत्पादन वृद्धि आदि उपायों से सरकार इसका समाधान करने के लिए यत्नशील है; किन्तु नई स्थिति का परिणाम है कि हमारा विदेशी व्यापार बचत का व्यापार बन रहा है और बचत के फलस्वरूप विदेशों में जमा मुद्रा की वृद्धि के साथ-साथ देश में कागजी मुद्रा का प्रसार बढ़ रहा है। यह मुद्रास्फीति का ही परिणाम है या क्या, यह कहना तो कठिन है, परन्तु स्पष्टतः महंगाई बढ़ रही है और भय होने लगा है कि पता नहीं क्या परिणाम यह लाएगी। अतः डा. मथाई के विश्लेषण को हमें चेतावनी के रूप में लेना चाहिए।

# कर्नाटक की कलह खत्म करती कांग्रेस

**वहां इतनी सुगमता से नेतृत्व-परिवर्तन होना संकेत है कि अब जनता में पकड़ रखने वाले नेता पार्टी हाईकमान को जमीनी हकीकत समझा पाने में सफल हो रहे हैं।**

यहां स्कैन करें

मनीषा प्रियम | राजनीतिक विश्लेषक

विंध्य पर्वतमाला के दक्षिणी राज्यों में राजनीति की कुछ अपनी विशेषताएं हैं। आवश्यक नहीं कि वहां उत्तर भारत जैसी राजनीति दोहराई जाए। जैसे- केरल में ही वामपंथ और कांग्रेस की लड़ाई पुरानी है। साल 1959 में यहां की नंबूदिरीपाद सरकार को तत्कालीन नेहरू मंत्रिमंडल द्वारा बर्खास्त किए जाने से लेकर कद्दावर वामपंथी नेता पी विजयन की सरकार को हाल में चुनावी शिकस्त देने तक हम इसकी झलक देख सकते हैं, मगर यहां राहुल गांधी के करीबी केसी वेणुगोपाल के बजाय वीडी सतीशन को राज्य की कमान सौंपी गई है, क्योंकि जमीन पर उनकी अच्छी पकड़ है। ठीक इसी तरह की रोचक तस्वीर अब कर्नाटक में उभर रही है।

कर्नाटक में साल 2023 के विधानसभा चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे और डीके शिवकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा में बीएस येदियुरप्पा जैसे कद्दावर स्थानीय नेता और बीएल संतोष जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जुड़े प्रखर राजनीतिज्ञ थे, फिर भी, कांग्रेस को 135 सीटें मिलीं। यहां तक कि एचडी देवगौड़ा का परोक्ष साथ भी भाजपा को सत्ता नहीं दिला सका, मगर अंदरूनी कलह की पुरानी कांग्रेसी कहानी कर्नाटक में भी दिखी। चुनावी जीत की सारी मेहनत डीके शिवकुमार ने की, यहां तक कि जरूरी संसाधन भी उन्होंने जुटाए, लेकिन मुख्यमंत्री पद की दावेदारी में बाजी सिद्धारमैया के हाथों में लगी।

सिद्धारमैया अति पिछड़ी कुरुबा जाति के नेता हैं। साल 2013 की चुनावी जीत के बाद जब वह मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने पिछड़ी जातियों, अल्पसंख्यकों और दलितों के एक सामाजिक गठबंधन 'अहिंदा' को आगे बढ़ाया, जो पारंपरिक रूप से शक्तिशाली वोक्कालिगा और लिंगायत जातियों के दबदबे को चुनौती देने के लिए बनाया गया था। सिद्धारमैया की राजनीति और इस नए सामाजिक गठबंधन को देखते हुए ही कांग्रेस हाईकमान ने डीके शिवकुमार की दावेदारी को उस वक्त स्वीकार नहीं किया। अब करीब तीन साल के बाद शिवकुमार की दावेदारी कहीं अधिक मुखरता से सामने आई है।



डीके शिवकुमार आलाकमान के नजदीकी माने जाते हैं और राजनीतिक दमखम रखते हैं। वह संसाधन जुटाने में माहिर हैं। हाईकमान को उनकी आवश्यकता है। फिर, वोक्कालिगा राजनीति में अभी एक शून्य दिख रहा है, क्योंकि देवगौड़ा की उम्र बढ़ चली है व प्रज्वल रेवन्ना पर तमाम तरह के आरोप लग चुके हैं। मैसूर के इलाकों व दक्षिण कर्नाटक की राजनीति में शिवकुमार का दबदबा है। ऐसे में, सिद्धारमैया का इस्तीफा देना और डीके शिवकुमार के नाम को आगे बढ़ाया जाना इस बात का संकेत है कि पार्टी हाईकमान यहां अब मजबूती से बागडोर संभाल सकता है। कांग्रेस में तमाम राज्यों में अनेक बड़े और कद्दावर नेता मौजूद हैं, लेकिन कई बार उनकी अंदरूनी कलह को हाईकमान खत्म नहीं कर पाता।

राजस्थान की राजनीति में अशोक गहलोत और सचिन पायलट का विवाद इसका एक बड़ा उदाहरण है। उनके बीच के मतभेद न सिर्फ जाहिर हुए, बल्कि पार्टी को इसका नुकसान भी उठाना पड़ा। इसी तरह, हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला की तनातनी साल 2024 के विधानसभा चुनाव में अंत-अंत तक बनी रही, जिसका नतीजा यह निकला कि वहां जीती हुई बाजी कांग्रेस हार गई। पंजाब में तो कैप्टन अमरिंदर सिंह पार्टी छोड़कर ही भाजपा में चले गए, जबकि नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी में खींचतान ऐसी रही कि राज्य की राजनीतिक बागडोर तुलनात्मक रूप से नई आम आदमी पार्टी के हाथों में चली गई।

ऐसे में, कर्नाटक में सुगमता से नेतृत्व-परिवर्तन का संभव हो पाना, कांग्रेस में एक अलग किस्म की राजनीति का संकेत है। इससे पता चलता है कि अब जनता में पकड़ रखने वाले नेता हाईकमान को जमीनी हकीकत समझा पाने में सफल हो रहे हैं। हाईकमान पर दबाव बनाकर पार्टी के क्षत्रप अपनी बात मनवाते रहे, जिसका खामियाजा कांग्रेस लंबे समय से भुगतती रही है। उत्तर भारत में मध्य प्रदेश जैसा महत्वपूर्ण राज्य इसी अंतर्विरोध के कारण हाथों से फिसल गया। यहां ज्योतिरादित्य सिंधिया, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह में कभी राजनीतिक सामंजस्य नहीं बन पाया और उनके मतभेद जनता को साफ-साफ दिखते रहे। निस्संदेह, सिद्धारमैया और शिवकुमार दो अलग किस्म की जमीनी राजनीति करते हैं, मगर उनके बीच की तनातनी अब तक सार्वजनिक रूप से नहीं दिखी है।

डीके शिवकुमार को यदि मुख्यमंत्री पद सौंपा जाता है, तो इससे यह साफ हो जाएगा कि हाईकमान की बात दक्षिण के एक महत्वपूर्ण राज्य में मानी गई है और सोनिया-राहुल में राज्य के नेतृत्व की पूरी आस्था है। गौरतलब है, कर्नाटक ही वह राज्य है, जहां से इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया था, जो के कामराज के 'इंदिरा हटाओ' के नारे के जवाब में दिया गया था। इसके अलावा, आपातकाल के बाद भी इस राज्य में कांग्रेस का दबदबा बना रहा है और चिकमंगलूर सीट से इंदिरा गांधी ने एक शेरनी के रूप में जीत दर्ज की। 1980 और 90 के दशक में यहां भाजपा की राजनीति जरूर मजबूत हुई और येदियुरप्पा, रेड्डी बंधु, अनंत कुमार, बीएल संतोष जैसे कई नेता पनपे, लेकिन जमीन पर कांग्रेस इनका सफल मुकाबला करती रही है। लिंगायत समुदाय ने बेशक भाजपा को समर्थन दिया है, पर यहां वोक्कालिगा, अन्य पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों को जोड़कर कांग्रेस ने अपनी सामाजिक पकड़ मजबूत बनाए रखी है।

इन परिस्थितियों को देखते हुए कर्नाटक में नेतृत्व-परिवर्तन की कवायद का खासा महत्व है। सिद्धारमैया ने अपना इस्तीफा लोकभवन में सौंप दिया है। यदि नेतृत्व-परिवर्तन की यह प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी होती है, तो हम कह सकते हैं कि कांग्रेस का परचम दक्षिणी राज्यों में फहरा रहा है। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि जमीन के जुड़े कई नेता अब भी कांग्रेस के पास हैं और हाईकमान की बात दक्षिण के महत्वपूर्ण राज्यों में आज भी मानी जा रही है। निश्चय ही यह तस्वीर राष्ट्रीय राजनीति से इतर है।

दक्षिणी के पांच राज्यों में कुल 129 लोकसभा सीटें हैं, जो केंद्र की राजनीति को प्रभावित करने में खासा सक्षम हैं। ऐसे वक्त में, जब उत्तर भारत में भगवा ध्वज लगातार मजबूती से फहरा रहा है, दक्षिण भारत से कांग्रेस या विपक्ष को संजीवनी मिल रही है। लिहाजा, कांग्रेस को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि दक्षिण की कहानी उत्तर में क्यों नहीं दोहरा पा रही?

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# अपनी यादों के उजाले हमारे साथ छोड़ गए बशीर बद्र

यहां स्कैन करें

शीन काफ निजाम | मशहूर शायर

अभी दो दिन पहले ही उनके शहर भोपाल से लौटा हूं। वहां भी दोस्तों से दरयाफ्त किया कि बशीर बद्र साहब का अब क्या हाल है? पिछले दिनों जब उनसे मिलने गया था, तब वह पहचान नहीं पा रहे थे और बोलना भी उनके लिए दुश्वार था। अफसोसनाक था कि उनकी हालत रोज-ब-रोज बद से बदतर होती जा रही थी। यादों से जुड़ी बीमारी ही ऐसी थी कि जिसका कोई इलाज न था। दोस्तों से सिर्फ यही खबर मिलती रहती थी कि बशीर साहब का अब-तब का ही मामला है। और आखिरकार उनके न रहने की मनहूस खबर भी आ ही गई।

मेरे उनसे बड़े अच्छे ताल्लुकात रहे। सन् 1973-74 से ही हमारा साथ था। दरअसल, उस समय मैंने अपने जोधपुर में एक मुशायरा कराया था- 'अदब का बदलता हुआ मंजरनामा'। मैंने उनसे कहा कि आप जरूर तशरीफ लाइए। गौर कीजिएगा, वह तब भी मुशायरे में आने के लिए मुआवजे को लेकर सजग थे और हर शायर-लेखक को होना भी चाहिए। ताज्जुब होता है, तब सेकंड क्लास कोच में बिना आरक्षण सर्दी में ठिठुरते हुए वह आए। मैंने अपने कुछ दोस्तों को स्टेशन भेजा था। जब गाड़ी आई, तब मेरे दोस्त ट्रेन के इंजन से गार्ड के डिब्बे तक बशीर बद्र साहब-बशीर बद्र साहब पुकारते दौड़ते रहे। असल में, वह कंबल ओढ़कर सो गए थे। खैर, मेजबानों की कुछ परेशानी के बाद वह जगे और बरामद हुए।

**आप 20वीं सदी में गजल की चार-पांच हस्तियों को गिनने जाएंगे, तो उनमें एक नाम बशीर बद्र का होगा। उनकी शायरी पर काम होना चाहिए।**

अब पीछे पलटकर देखता हूं, तो वक्त उनके साथ बहुत अच्छा गुजरा। बहुत पढ़े-लिखे थे। वह खास तौर से गजल के शायर थे। उनका यह शेर- *उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो/ न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाए,* बहुत मशहूर हुआ। यह शेर हर जगह उनकी शिनाख्त बन गया था। उनमें अनेक शायरों की गूंज थी। हर पढ़े-लिखे शायर के साथ ऐसा होता है। लेखक डेविड लॉज ने कहा ही है कि गजल की विषय-वस्तु दूसरे से जरूर प्रभावित होती है, पर जरूरी नहीं कि कोई गजलकार दूसरे को जाने।

खैर, आज यादें उमड़ रही हैं। बशीर साहब के ऐसे अनगिनत शेर हैं, जो दिल में बसे हुए हैं। उनका एक शेर बेजोड़ है- *खूबसूरत, उदास, खौफजदा। वो भी है 20वीं सदी की तरह।* इस तरह का इजहार तब नहीं था, जब बशीर साहब लेखन में आए थे। यह नई गजल में उनका खास कारनामा था और उन्हीं के साथ चला गया। उनके पास रूमानियत से चीजों को देखने का जो सलीका था, वह उनके जरिये ही पहली बार हिन्दुस्तान में शुरू हुआ।

बशीर साहब मुशायरे के मिजाज को बेहतरीन ढंग से समझने लगे थे। वह मुशायरों की शान हो गए थे, पर उनकी गहराई कम न हुई थी। एक मिसाल देखिए, *आंखों में रहा दिल में उतरकर नहीं देखा। कश्ती के मुसाफिर ने समंदर नहीं देखा।* बशीर साहब ने इस हुनर को बचाए रखा। गजल में जो छिपाने की कला है, उसे बचाए रखा। उनका एक मशहूर शेर है, *कोई हाथ भी न मिलाएगा, जो गले मिलोगे तपाक से। यह नए मिजाज का शहर है जरा फासले से मिला करो।* यहां बशीर साहब के समकालिक निदा फाजली भी याद आते हैं। इन दोनों शायरों के साथ मुझे एक अजीब बात यह लगती है कि अगर ये मुशायरे में न होते, तो पता नहीं, कितनी ऊंचाई तक गजल विधा को ले जाते।

उनका एक शेर बहुत चर्चित है- *लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में,* पर यह मुशायरे का है। यहां मैं कहना चाहूंगा कि उनके कुछ ज्यादा गहरे शेरों पर ज्यादा निगाह जानी चाहिए। उनमें गजल की जो समझ थी, बहुत कम लोगों में मैंने पाई। वह हवा में से गजल समझते थे। उनके साथ जब भी मैं दुबई, अबू धाबी या अमेरिका गया, मुझे यही लगा कि बशीर बद्र ऐसा शायर है, जिसे उतना वकार नहीं मिला, जितना मिलना चाहिए था।

गजल की दुनिया में उन्होंने नए लफ्जों का इस्तेमाल किया। नए लफ्जों में उनका जो माशूक है, वह मॉडर्न है। उनका बेहतरीन शेर है- *औराक में छुपाती थी अक्सर वो तितलियां। शायद किसी किताब में रखा हुआ हूं मैं।*

उनकी शायरी की गहराई पर जरूर काम होना चाहिए। आप 20वीं सदी में गजल की चार-पांच हस्तियों को गिनने जाएंगे, तो उनमें एक नाम बशीर बद्र का होगा। बीसवीं सदी की गजल को जब-जब याद किया जाएगा, बशीर बद्र और उनके शेर पूरी शिद्दत से याद आएंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# ऊर्जा को साधना सीखें

यह सबके साथ घटित हो रहा है। अपने जीवन को देखें; दस या बारह वर्ष की अवस्था में आप शारीरिक और मानसिक रूप से कितने लचीले थे? बीस साल की उम्र में लचीलेपन में बहुत कमी हुई और तीस तक लचीलापन बहुत हद तक जा चुका है। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, शारीरिक ही नहीं, मानसिक जकड़न भी आपको बुरी तरह पकड़ लेती है। यह कोई क्रमिक विकास नहीं है। यह धीरे-धीरे पीछे हटना है। अधिकांश लोगों के लिए जीवन मात्र पीछे हटना है। वे आगे नहीं बढ़ रहे हैं, वे पीछे की ओर जा रहे हैं। जो भी पैदाइशी पूंजी आपके पास थी, उसे आपने बढ़ाया नहीं, बल्कि और कम किया है।

मार्ग वाकई बहुत आसान है, लेकिन आपके व्यक्तित्व के कारण बेहद जटिल हो गया है। आध्यात्मिक-मार्ग पर हम जिन जटिलताओं का सामना करते हैं, वे मार्ग के कारण नहीं होतीं। ये जटिलताएं मात्र उस गंदगी के कारण हैं, जिसे हम 'मन' कहते हैं। आपके भीतर कुछ भी सरकता नहीं। एक मृत शरीर की तरह आप जड़ हो जाते हैं। मन की सनक को शांत करने के लिए आपको गुरु-कृपा की जरूरत है।

आपने अपनी ऊर्जा को दबा रखा है। आपके मन ने जीवन को इतना दबाकर रखा है कि उसमें कोई प्रवाह ही नहीं रह गया है। सिर्फ उतना ही घटता है, जितना अहं को सहारा देने के लिए आवश्यक है। आपके अंदर ऊर्जा की गति केवल वहीं तक है, जितना आपके अहं के लिए सुविधाजनक है; अगर ऊर्जा थोड़ी सी अधिक हो जाए, तो अहं विस्फोट कर जाता है। जैसे ही आपके भीतर ऊर्जा उमड़ पड़ती है, सब कुछ विसर्जित हो जाता है। अहं यह जानता है। इसीलिए वह इसे दबाकर रखता है।

यह उतनी ही ऊर्जा को स्वीकार करता है, जितनी इसे मजबूत बनाती है और पोषित करती है। अगर ऊर्जा बहुत अधिक हो जाए, तो अहं चूर-चूर हो जाएगा। यदि कुंडलिनी जाग्रत होने लगे, तब सब कुछ नष्ट हो जाएगा। आपकी अपनी कोई इच्छा नहीं रह जाएगी। चूंकि आप अपनी इच्छा को समर्पित करने के लिए राजी नहीं हैं; इसीलिए इस साधना के जरिये आपकी ऊर्जा को उकसाने के लिए हम आपको धक्का दे रहे हैं। इसीलिए आसन और क्रिया के मार्ग बने हैं। चूंकि आप खुद इसे करने में समर्थ नहीं हैं, इसलिए एक निश्चित तरीके से सृष्टि सक्रिय की जा सकती है। जब यह जाग्रत हो जाती है, तब हर चीज को व्यवस्थित कर देती है। यह एक बाढ़ की तरह है; आपकी सदियों पुरानी दुनिया कुछ घंटों के आवेग से बह जाती है।

**आपके अंदर ऊर्जा की गति केवल वहीं तक है, जितना आपके अहं के लिए सुविधाजनक है; अगर ऊर्जा थोड़ी सी अधिक हो जाए, तो आपका अहं विस्फोट कर जाता है।**

इसलिए आपकी साधना कहीं पहुंचने के लिए नहीं है। यह मात्र एक तरीका है, बाढ़ लाने की विधि है। ऐसी भीषण बाढ़, जो आपकी तुच्छ रचनाओं को मिटाकर आपको वैसा बना दे, जैसा सृष्टा ने बनाना चाहा था।

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

**द्रौपदी मुर्मु** | राष्ट्रपति, भारत



**पुलिस को नागरिकों का सहयोगी और मार्गदर्शक बनना है। इससे जनता और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ेगा। जब पुलिस लोगों की समस्याओं को समझकर उनकी सहायता करेगी, तब समाज में सुरक्षा और कानून के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा।**

अनुलोम-विलोम

एसआईआर




# पुनरीक्षण पर जरूरी अदालती फैसला

भारतीय लोकतंत्र केवल मतदान की प्रक्रिया का नाम नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास का आधार है, जिसके अनुसार हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिले और अपात्र व्यक्ति चुनावी व्यवस्था का हिस्सा न बने। इसी मूल भावना को केंद्र में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला सुनाया और साफ शब्दों में कहा कि निर्वाचन आयोग को संविधान और कानून के अंतर्गत मतदाता सूची की गहन समीक्षा करने का पूरा अधिकार है। उसके मुताबिक, यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की सांविधानिक आवश्यकता को मजबूत करती है। इस फैसले को केवल एक कानूनी निर्णय मानना पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि इसका प्रभाव देश की चुनावी राजनीति, लोकतांत्रिक ढांचे और भविष्य की चुनाव-प्रक्रिया पर दूरगामी रूप से पड़ने वाला है।

दरअसल, एसआईआर की प्रक्रिया ने भारतीय लोकतंत्र के सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है। क्या मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना अधिक महत्वपूर्ण है या यह सुनिश्चित करना कि कोई पात्र नागरिक सूची से बाहर न रह जाए। लोकतंत्र की मजबूती इन दोनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने में ही निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इसी संतुलन पर जोर दिया है। अदालत ने निर्वाचन आयोग को अधिकार तो दिया, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायपूर्ण और मानवीय होनी चाहिए। यही कारण है कि यह फैसला आने वाले समय में चुनाव सुधारों की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। अब निर्वाचन आयोग को अधिक सांविधानिक मजबूती मिली है और भविष्य में वह व्यापक पुनरीक्षण अभियानों को और आक्रामक रूप से आगे बढ़ा सकता है।

साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि चुनावी प्रक्रिया में न्यायपालिका आयोग की स्वतंत्रता और सांविधानिक भूमिका को महत्वपूर्ण मानती है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में, जहां करोड़ों मतदाता और हजारों राजनीतिक विवाद मौजूद हैं, वहां मतदाता सूची की विश्वसनीयता लोकतंत्र की आधारशिला बन जाती है।

सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र केवल राजनीतिक नारेबाजी का विषय नहीं, बल्कि सांविधानिक अनुशासन और संस्थागत विश्वसनीयता का भी प्रश्न है। चुनाव आयोग, न्यायपालिका और संविधान के बीच संतुलित समन्वय ही भारतीय लोकतंत्र को स्थिरता प्रदान करता है। इस फैसले का यह भी अर्थ है कि आने वाले वर्षों में देश भर में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण देखने को मिलेगा।

**महेंद्र तिवारी,** टिप्पणीकार

# नागरिकता भला क्यों तय करे आयोग

ऐसा लगता है कि संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी जिस संस्था को मिली है, उसी ने अपने हाथों से उसकी हत्या कर दी। इसके साथ ही उसने एक और काम किया, जिन नागरिकों के अधिकारों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित और संरक्षित रखने का उसने संकल्प लिया था, उसने अपनी उस जिम्मेदारी से भी मुंह मोड़ लिया। संविधान में लिखा है कि नागरिकों की नागरिकता तय करने का अधिकार गृह मंत्रालय का है, लेकिन एसआईआर के फैसले में अदालत ने यह तो माना किंतु यह भी कह दिया कि चुनाव आयोग भी नागरिकता की जांच कर सकता है। अगर आयोग को भी यह अधिकार मिल जाएगा, तो फिर गृह मंत्रालय क्या करेगा? कल को कोई और भी संस्था आती है और कहती है कि उसे सिर्फ देश के नागरिक को ही वह सुविधा देने का अधिकार है, और उसके पहले वह उसकी नागरिकता की जांच करेगी, तो आप उसे भी यह अधिकार दे देंगे? क्या कोई देश इस तरह से चल सकता है?

नए अदालती फैसले से तो यही लगता है कि चुनाव आयोग ही अब तय करेगा कि कौन नागरिक है और कौन वोट देने का अधिकार रखता है। और इससे आगे जाकर कब और किस इलाके का वह एसआईआर कर सकता है? कितने लोगों को जब चाहे, तब वह संदिग्धों की सूची में रख सकता है, और जितने लोगों को चाहे, वह हरी झंडी दे सकता है। यानी, परोक्ष रूप से सरकार को यह अधिकार दे दिया गया है कि वह चाहे, तो अपने चहेते चुनाव आयोग से अपने उन लोगों का इलेक्टोरल रोल गठित कर सकता है, जिसके बारे में उसे लगता है कि वे उसे फिर से वोट देकर सत्ता पर बिठाने की गारंटी करेंगे। इस तरह से इस देश में एक स्थायी सरकार के गठन और निर्माण का रास्ता साफ कर दिया गया है। अब कम से कम यह बात गृह मंत्री पूरे दावे के साथ कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री जी लोगों को दिए गए 2047 के सपने को पूरा करके ही कुर्सी छोड़ेंगे।

यह समझना होगा कि अगर नागरिक नहीं होगा, तो लोकतंत्र भी नहीं होगा, न ही होगा कोई गणतंत्र। और तब संविधान से लेकर संसद, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ तमाम सांविधानिक संस्थाएं कमोबेश खत्म हो जाएंगी। इसलिए अभी भी हमारे पास वक्त है परिस्थितियों को बदलने या उनमें सुधार लाने का। साफ है, जो नया फैसला आया है, उसकी कोई भरपायी नहीं हो सकती। ऐसे फैसलों की अदालती समीक्षा होनी चाहिए। बड़ी बेंच के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की बातों पर भी गौर करते हुए कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

**महेन्द्र मिश्र,** टिप्पणीकार

# नसों का रंग क्यों बदलने लगा है?

**बीते दो दशकों में 23 से 45 साल के युवाओं में रक्त का थक्का बनने यानी ब्लड क्लॉटिंग के मामले 45% तक बढ़ गए हैं। ऑफिस की कुर्सी हो या घर का सोफा, लगातार बैठे रहना और नसों की सेहत की अनदेखी करते जाना, ब्लड क्लॉटिंग का खतरा बढ़ा रहा है। सही उपचार में देरी न करना समस्या को बढ़ने से रोक सकता है। आदतों में छोटे सुधार भी बड़ी राहत देंगे। बता रही हैं शमीम खान**



हमारे शरीर में 60,000 मील लंबे रक्त वाहिकाओं के जाल में रक्त का प्रवाह तभी सामान्य रहता है, जब उसमें कोई रुकावट न हो। रक्त में क्लॉट या थक्का बनने से यह प्रवाह बाधित हो जाता है। पहले जहां, बुजुर्गों या लंबे समय तक बिस्तर पर रहने वालों में रक्त में थक्के बनने की समस्या अधिक देखने को मिलती थी, अब युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं। इनमें पैरों की नसों में थक्के बनने और इनके फेफड़ों तक पहुंचने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### युवाओं में ब्लड क्लॉटिंग का खतरा

रक्त का थक्का यानी खून का जमना या अर्द्ध ठोस अवस्था में आना। ब्लड क्लॉट के कारण जब खून का प्रवाह बाधित होने लगे, तो यह एक आपातस्थिति बन जाती है। यह समस्या शुद्ध खून ले जाने वाली धमनियों व अशुद्ध खून ले जाने वाली शिराओं दोनों में हो सकती है। शिराओं में थक्का बनने की स्थिति को डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) और पल्मोनरी एम्बोलिज्म (पीए) कहा जाता है। 'जामा कार्डियोलॉजी' के एक विश्लेषण के अनुसार, बीते दो दशकों में युवाओं में ब्लड क्लॉटिंग के मामले 40 से 45 फीसदी तक बढ़े हैं। इसके कुछ मुख्य कारण हैं :

- गैजेट्स और निजी वाहनों के अधिक इस्तेमाल के कारण लगातार बैठे रहना।
- मोटापा, शारीरिक सक्रियता की कमी, तनाव और गलत खान-पान।
- तंबाकू, शराब व धूम्रपान के कारण नसों में फैटी एसिड व विषैले तत्व जमा होना।
- बॉडी बिल्डिंग या दर्द होने पर बिना सलाह लंबे समय तक स्टेरॉइड युक्त चीजों का सेवन करना।

### पैर ही नहीं फेफड़े भी निशाने पर

**डीवीटी :** जब अंदरूनी गहरी शिराओं में खून का थक्का जमता है, तो इसे डीवीटी कहते हैं। आमतौर पर यह समस्या पैर में होती है। किसी एक पैर या पिंडली में तेज दर्द और सूजन रहना, प्रभावित हिस्से की त्वचा का लाल या बदरंग होना, वहां छूने पर गर्माहट महसूस होना और नसों का गुच्छा उभरना आदि लक्षण दिखते हैं।

**पल्मोनरी एम्बोलिज्म :** फेफड़ों में ब्लॉकेज एक गंभीर स्थिति है। ऐसे में पैर में डीवीटी के कारण बना थक्का टूटकर खून के बहाव के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाता है और वहां की नसों को ब्लॉक कर देता है। अगर थक्का बड़ा हो, तो ब्लड प्रेशर तेजी से गिर सकता है, अचानक सांस रुक सकती है और दिल का दौरा आ सकता है। ऐसी स्थिति में मरीज को अगर सीने में तेज दर्द व दिक्कत महसूस हो, थोड़ा सा भी चलने या काम करने पर सांस फूलने लगे, पैरों में लगातार सूजन या खांसी के साथ खून आए, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### उभरी नीली नसें बढ़ाएं जोखिम

हमारे पैरों में तीन तरह की नसों का नेटवर्क होता है, जो एक-दूसरे को प्रभावित करती हैं-

- **सुपरफिशियल वेन्स :** ये त्वचा के ठीक नीचे होती हैं। वेरिकोज वेन्स इसी नेटवर्क में होती हैं।
- **डीप वेन्स :** ये नसें मांसपेशियों में गहरे अंदर होती हैं, जो दिल तक खून पहुंचाती हैं। डीवीटी की समस्या इसी स्तर पर होती है।
- **परफोरेटर्स :** ये छोटी नसें हैं, जो सुपरफिशियल वेन्स को डीप वेन्स से जोड़ती हैं।

पैरों या हाथों में नीली या बैंगनी रंग की उभरी, फूली और उलझी नसें वेरिकोज वेन्स कहलाती हैं। शोध बताते हैं कि गंभीर वेरिकोज वेन्स के मरीजों में डीवीटी का खतरा सामान्य से ज्यादा होता है। वेरिकोज वेन्स में नसों के वॉल्व खराब हो जाते हैं। इससे खून दिल की तरफ ऊपर चढ़ने के बजाय पैरों में ही जमा होने लगता है। खून के इस ठहराव से थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है, जो परफोरेटर्स के रास्ते 'डीप वेन्स' पर भी असर डालती हैं।

**वेरिकोज वेन्स के लक्षण :** पैरों में भारीपन, जलन व मांसपेशियों में ऐंठन रहती है। पैरों में सूजन रहने के अलावा लंबे समय तक बैठने या खड़े रहने पर दर्द होता है।

शुरुआती चरण में व्यायाम, वजन नियंत्रित करना और कंप्रेशन स्टॉकिंग्स पहनना आराम देता है। राहत न मिलने पर लेजर थेरेपी, रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लैशन या सर्जरी का सहारा लिया जाता है।

**हमारे विशेषज्ञ :**
**डॉ. तरुण मित्तल**, लैप्रोस्कोपिक सर्जन, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली। **डॉ. पंकज छाबड़ा**, डायरेक्टर, पल्मोनोलॉजी, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद।

### खून के प्रवाह में गड़बड़ी के लक्षण

- मांसपेशियों में ऐंठन
- लगातार पैरों में दर्द रहना
- पाचन से जुड़ी समस्याएं
- पैरों में नीली, बैंगनी नसों का बहुत अधिक उभार
- थकान महसूस होना
- याददाश्त कमजोर होना
- भ्रमित होना
- त्वचा बदरंग हो जाना
- सांस लेने में परेशानी होना
- हाथों या पैरों में दर्द, सुन्न पड़ना या झुनझुनी

### गंभीर मामलों में ही सर्जरी जरूरी

डीवीटी के लक्षणों को देखते हुए डॉक्टर सीटी पल्मोनरी एंजियोग्राफी, डी-डाइमर टेस्ट और अल्ट्रासाउंड करा सकते हैं। शुरुआती चरण में दवाओं से आराम मिल जाता है। अंतिम विकल्प के तौर पर सर्जरी की जाती है। सही इलाज में देरी से बचना बेहद जरूरी है।

### कैसे करें अपना बचाव

**सक्रिय रहें :** नियमित व्यायाम से रक्त संचरण बेहतर होता है। अगर आप लगातार बैठकर काम करते हैं, तो हर एक घंटे में 5 मिनट का ब्रेक लें।

**खूब पानी पिएं :** पानी व तरल पदार्थ शरीर की नमी बनाए रखते हैं। पानी की कमी से खून गाढ़ा हो जाता है, जो क्लॉटिंग का खतरा बढ़ाता है।

**पौष्टिक खानपान :** जंक व प्रोसेस्ड फूड कम करें। संतुलित व पौष्टिक भोजन करना कोलेस्ट्रॉल और फैटी एसिड के खतरे को कम करता है। इससे सही वजन व रक्त संचरण बेहतर बनाए रखने में मदद मिलती है।

**अत्यधिक श्रम से बचें :** अगर डीवीटी या रक्त में थक्के बनने का खतरा है, तो अधिक श्रम न करें। इससे क्लॉट के दूसरे स्थान पर पहुंचने का खतरा बढ़ता है।

**पैरों को चलाएं :** लगातार बैठे रहते हैं, तो कुछ देर पैर ऊपर उठाएं और फिर नीचे लाएं, ऐसा 10-12 बार करें। टखनों को ऐसे घुमाएं कि पिंडलियां भी मूव करें।

**तनाव प्रबंधन व जांच :** तनाव की अधिकता, शरीर की स्वयं को स्वस्थ रखने की कुदरती प्रक्रिया को सुस्त कर देती है। अपनी जीवनशैली व्यवस्थित करें। योग व ध्यान करें। नियमित रूप से जरूरी जांचें कराएं।

**नींद पूरी करें :** अच्छी गहरी नींद, रक्त संचार या नसों के लिए ही नहीं, पूरे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। काम के साथ पर्याप्त आराम भी करें।

**हल्के हो जाएं :** वजन ज्यादा है, तो सबसे पहले इसे कम करें। शरीर भारी होने से पैरों और जांघों की नसों पर दबाव बढ़ता है और रक्तसंचरण पर असर पड़ता है।

### इन्हें खाना न भूलें

टमाटर, अदरक, लहसुन, संतरा, नीबू, हल्दी, ग्रीन टी, हरी पत्तेदार सब्जियां, डार्क चॉकलेट और बेरीज।

# बच्चे के खर्राटे हल्के में न लें

**माता-पिता बच्चों के खर्राटे को गहरी नींद समझकर अनदेखा कर देते हैं। बच्चों में खर्राटे अधिक आना किसी सेहत संबंधी समस्या का संकेत हो सकता है। कब सचेत हो जाएं, जानें अनीता सहरावत से**



बड़े ही नहीं, तकरीबन 15 से 20 प्रतिशत बच्चे सोते समय खर्राटे लेते हैं। अगर बच्चे सप्ताह में तीन से ज्यादा बार लगातार नींद में खर्राटे लेते हैं, तो यह स्लीप डिसॉर्डर या सांस संबंधी समस्या का संकेत हो सकता है।

नींद में सांस लेते वक्त गले और नाक में रुकावट के कारण जब हवा जीभ या कंठ की दीवारों से टकराती है, तब खर्राटे आते हैं। अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल से जुड़ीं वरिष्ठ ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. नित्या सुब्रमण्यन के अनुसार, 'लगातार खर्राटे लेने से बच्चे की गहरी नींद में बाधा आती है, जिससे दिनभर थकान, कमजोरी, सुस्ती रहती है। इस कारण वे चिड़चिड़े, गुस्सैल या हाइपर हो सकते हैं। लगातार खर्राटे का आना ऑब्सस्ट्रक्टिव स्लीप एप्निया का संकेत हो सकता है। खर्राटे के अलावा बच्चों में यह लक्षण दिखें, तो सचेत हो जाएं-

- सोते समय कुछ पल के लिए सांस रुकना
- सोते समय बहुत पसीना आना या अजीब मुद्रा में सोना (जैसे गर्दन पीछे खींचकर सोना)
- अत्यधिक थकान, चिड़चिड़ापन या सुस्ती रहना
- एकाग्रता की कमी
- उम्र के हिसाब से बिस्तर गीला करना

### बच्चों में खर्राटे आने का कारण

- **टॉन्सिल्स व एडेनोइड्स बढ़ना :** यह सबसे आम कारण है। टॉन्सिल्स व नाक के पीछे मौजूद एडेनोइड्स ग्रंथियां, संक्रमण के कारण बढ़ जाती हैं और सांस नली संकरी हो जाती है।
- **मोटापा :** गले के आसपास अतिरिक्त वसा सांस के रास्ते पर दबाव पैदा करती है।
- **एलर्जी व सर्दी-जुकाम :** धूल से एलर्जी या बार-बार सर्दी होने से नाक के अंदर सूजन आ जाती है और बच्चा मुंह से सांस लेता है।
- **अप्रत्यक्ष धूम्रपान :** घर के बड़ों का धूम्रपान करना अप्रत्यक्ष रूप से बच्चे के श्वसन मार्ग में सूजन का कारण बन सकता है।

### अनदेखी का नतीजा

- **मानसिक विकास में बाधा :** नींद पूरी न होने से बच्चे की याददाश्त और सीखने की क्षमता कमजोर होती है। ऐसे में कई बार बच्चों को एडीएचडी का शिकार मान लिया जाता है।
- **शारीरिक विकास रुकना :** गहरी नींद की कमी से बच्चों के ग्रोथ हार्मोन पर असर पड़ता है, जो उनके कद और वजन पर असर डाल सकता है। दिल पर भी दबाव बढ़ता है।

### ध्यान रखें-

1. खर्राटे आते समय बच्चों को पेट के बल सुलाने की बजाय करवट के बल सुलाएं। तकिया थोड़ा ऊंचा रखें।
2. यदि बच्चे को एलर्जी या दमा की शिकायत है, तो डॉक्टर से मिलें। दवा से आराम आ जाएगा।
3. यदि टॉन्सिल्स या एडेनोइड्स ज्यादा बढ़े हुए हैं, तो डॉक्टर उन्हें सर्जरी की सलाह दे सकते हैं।
4. अगर बच्चे का वजन ज्यादा है, तो व्यायाम, खेलकूद व संतुलित खान-पान से उसे नियंत्रित करें।

## सवाल-जवाब

# लाइलाज नहीं बीपीवीपी की समस्या

**सवाल : मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं। उसके बाद भी डेढ़ से दो साल के अंतराल पर अचानक चक्कर व उल्टी आ जाती है। डॉक्टर इसे बीपीवीपी बता रहे हैं। उनका कहना है, मुझे इसी तरह चक्कर व उल्टी के दौरे आते रहेंगे। इसका कोई ठोस इलाज नहीं है। कृपया बताएं कि क्या करें?**



**डॉ. पुलिन गुप्ता**
प्रोफेसर (मेडिसिन) राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली

बीपीवीपी, जिसे पोजिशनल वर्टिगो भी कहते हैं, लाइलाज समस्या नहीं है। सबसे पहले बीपीवीपी को समझ लें। हमारे कान के अंदरूनी हिस्से में तीन कैनाल होती हैं, इन्हें सेमीसर्कुलर कैनाल कहते हैं, जो 90 डिग्री पर आपस में जुड़ती हैं। उसमें कई बार कैल्शियम जम जाता है, जिसके कारण चक्कर आने की समस्या हो जाती है। बीपीवीपी से घबराएं नहीं। आप किसी ईएनटी सर्जन को दिखाएं। इसमें कुछ ट्रेनिंग दी जाती है, इसे एप्ले मैन्युवर, सीमोंट मैन्युवर कहते हैं। इनमें कुछ व्यायाम शामिल होते हैं, जिन्हें कुछ दिन करने से यह समस्या पूरी तरह ठीक हो जाती है।

**सवाल : मेरी उम्र 71 वर्ष है, रात को या दिन में जब भी सोता हूं, तो मुंह से लार गिरती रहती है। कई बार पेट के कीड़े मारने की दवा खा चुका हूं। कोई फर्क नहीं पड़ा। मुझे क्या करना चाहिए?**

**जवाब :** मुंह की लार का पेट के कीड़ों से कोई संबंध नहीं होता। हमारे मुंह में थूक की ग्रंथियों के कारण थूक बनता है। रात के समय मुंह में जो ज्यादा लार बनती है, उसे सियालोरिया कहते हैं। यह सामान्य है और कोई बीमारी नहीं है। अगर कोई पेट के बल या साइड करवट से सोता है, तो उसका थूक निकल सकता है। पीठ के बल लेटने वालों में ऐसा नहीं होता।

आमतौर पर इसमें कोई डरने वाली बात नहीं है। कुछ लोगों को दांतों की समस्या होती है या एसिडिटी बहुत ज्यादा रहती है, जिससे एसिड वापस मुंह में आ जाता है या फिर कुछ लोग जो मुंह से सांस लेते हैं, जिनकी नाक बंद रहती है, उनकी भी लार निकल जाती है। आप एक बार डॉक्टर को दिखाएं, वे इस संबंध में पार्किंसन की जांच कर सकते हैं।

कुछ एसिडिटी, पार्किंसन और एंटी-साइकोटिक्स की दवाओं के कारण भी लार गिरने लगती है। कई बार हल्का स्ट्रोक आया हो, तो भी ऐसा हो सकता है। घबराएं नहीं, कुछ सुधार करके देखें। सबसे पहले आप पीठ के बल लेटें। आप खूब पानी पिएं। डॉक्टर को दिखाकर साइनस की जांच करा लें। यह समस्या पूरी तरह ठीक हो जाएगी।

**सवाल : मेरा बीपी 140/97 है। क्या इस रेंज पर दवा शुरू करनी चाहिए? मेरी उम्र 37 है, वजन 68 किलो और कद 5 फुट 2 इंच है। इसीजी और थायरॉइड रिपोर्ट सामान्य है। क्या करूं?**

कद के अनुसार आपका वजन ज्यादा है। इस उम्र में इतना बीपी रहना स्टेज 1 हाइपरटेंशन माना जाएगा। ऐसे में दो-तीन महीने खाने में नमक कम कर दें। पैदल चलें, योग करें, गहरे श्वास लेने का अभ्यास करें। नींद पूरी करें। कुल मिलाकर, आपको अपनी जीवनशैली सुधारने की जरूरत है। अगर तब भी आराम नहीं आ रहा है, तो उन्हें दवा शुरू करनी होगी। इस उम्र में इतना बीपी रहना आने वाले 15 से 20 सालों में आंख के परदे, दिल, किडनी या शरीर के दूसरे अंगों पर असर डाल सकता है। बेहतर है कि इसी स्तर पर इसे काबू कर लें। थायरॉइड या ईसीजी का इससे संबंध नहीं है। सबसे पहले जीवनशैली सुधारने पर ध्यान दें। नमक कम खाएं, वजन कम करें, सुबह का खाना राजा की तरह और रात का भोजन रंक की तरह करें। थोड़ा ध्यान व योग करें। रात में खाने के बाद पैदल जरूर चलें। यही रेंज रहती है, तो डॉक्टर को दिखाएं व दवा लें।

### भेजें अपने सवाल

सेहत से जुड़े सवाल **tanmanhindustan@gmail.com** पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-
**तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301**

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। आत्मसंयत रहें। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

**कर्क :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफल रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कन्या :** शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में बदलाव हो सकता है। परिवार व किसी मित्र के सहयोग से आगे बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ :** कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। लेखनादि बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी।

**मीन :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। बातचीत में संतुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

29 मई, शुक्रवार, **शक संवत्** : 08 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 15 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 11 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि प्रातः 09.51 बजे तक पश्चात चतुर्दशी तिथि, स्वाति नक्षत्र प्रातः 10.38 बजे तक पश्चात विशाखा नक्षत्र, परिघ योग रात्रि 04.36 बजे तक पश्चात शिव योग तैतिल करण, चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**वास्तु के अनुसार स्टोर रूम को लेकर क्या नियम हैं?**

**-राकेश मल्होत्रा**, दिल्ली

- स्टोर रूम के लिए सबसे अच्छी दिशा दक्षिण पश्चिम या पश्चिम होती है। इसमें स्टोरेज वाली रैक्स को दक्षिण या पश्चिम दिशा में लगाकर रखें। स्टोर में कोई भी कबाड़ या अनुपयोगी सामान न रखें।
- स्टोर रूम को सूखा और व्यवस्थित रखें। सामान को बेतरतीब ढंग से फैला हुआ न छोड़ें। कोशिश करें कि स्टोर का दरवाजा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर खुले। स्टोर रूम गीला नहीं रहना चाहिए। स्टोर रूम में रोशनी का पर्याप्त प्रबंध होना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 8343



**बाएं से दाएं**
1. किए जाने वाले काम; काम का ढेर (5)
4. शोभित होना; श्रृंगार करना; तैयार होना (3)
6. पवित्र; शुद्ध (3)
7. अत्यंत कड़ा; बहुत कठिन; सर्वाधिक कठिन (5)
10. ऐसी स्थिति में होना कि किसी को मार डालने में समर्थ हो (2,2,2,3)
13. किसी की मित्रता, गर्वोक्ति करना; तारीफ करना; भरोसा करना; यकीन करना; सुस्ताना; (2,3)
15. पाषाण; पत्थर (3)
16. सम्मान हेतु; मान के लिए (3)
17. सौगंध उठाना; शपथ लेना (3,2)

**ऊपर से नीचे**
1. कार्य चलाने वाली संस्था; कार्यकारिणी; शासन व्यवस्था; सरकार (5)
2. उक्ति; बखान; बयान; वक्तव्य (3)
3. यात्री; राही; मुसाफिर (3)
5. साहूकार जिसकी साख सारे संसार में मानी जाए; बहुत बड़ा धनी महाजन (5)
8. अधिक ठंड से हाथ-पांव सुन्न होना; ऐंठन; ठिठुरने का भाव; सरदी से होने वाला कंपन (4)
9. लेने वाला; साहूकार; ऋणदाता (4)
11. किसी को बोलने से रोकना; नियंत्रित करना; लगाम चढाना; लगाम लगाना (3,2)
12. इज्जत बचाना; प्रतिष्ठा की रक्षा करना (2,3)
14. किसी घटना का रंगमंच पर प्रदर्शन; मंचन के लिए तैयार की गई कथा (3)
15. अग्र; अव्वल; पहला; श्रेष्ठ; सबसे अच्छा; प्रधान; मुख्य (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8342



### सुडोकू : 8325

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | 1 | | | 8 |
| | | | 7 | | 6 | 2 | | 1 |
| | 3 | | 2 | | | | | |
| 5 | 4 | | | | | 7 | 1 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 7 | | | | | 2 | 9 |
| | | | | | 4 | | 5 | |
| 3 | | 8 | 9 | | 5 | | | |
| 9 | | | 1 | | | | 8 | 3 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 |

# Last Day To Join Private Channel.
# Closing entry for new members Now.

**Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times

And more Newspapers

**InternationalNewspapers channel**

[Europian, American, Gulf & Asia]

**Magazine Channel**

National & International

[Genaral & Exam related]

**English Editorials**

[National + InternationalEditorials]

**Click here to join**

## Lifetime validity at just 19 Rupees

Trust me... this will be your best purchase of 2026

## चिंतन

# सिद्धा के इस्तीफे से कांग्रेस में नई चुनौतियों की शुरुआत

लंबी उहापोह के बाद कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा चुनाव से करीब दो साल पहले इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए रास्ता साफ कर दिया। सवाल यह है कि क्या यह कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर कांग्रेस के भीतर वर्षों से चल रहे सत्ता संघर्ष का अंत है या एक नए संघर्ष की शुरुआत है। डीके सोमवार को शपथ ले सकते हैं। सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राज्यसभा के जरिये केंद्र की राजनीति में जाने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहने का फैसला किया है। यही कांग्रेस व डीके कैंप में बेचैनी की वजह है। राज्य में शीर्ष पद पर रहने के बाद सिद्धारमैया का केंद्र में न जाना साबित करता है कि वे भविष्य में फिर इस पद पर दावेदारी करेंगे। यही नहीं, प्रदेश में डीके की एक भी गलती को भुनाने का वह कोई भी मौका नहीं छोड़ेंगे। यानी अगले दो साल तक वह सीधे या परोक्ष तौर सरकार के साथ रहते हुए विपक्ष की ही भूमिका में रहेंगे। यही कांग्रेस की चिंता है। डीके की शपथ से पहले भी कर्नाटक में जबरदस्त नाटक देखने को मिलेगा। सिद्धारमैया हाईकमान को दबाव में लाकर अपने समर्थकों को कैबिनेट में प्रमुख पद दिलाने की कोशिश करेंगे। इन हालात में डीके के लिए सरकार चलाना कितना कठिन होगा, यह समझा जा सकता है। कर्नाटक की राजनीति में खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रुचि है। उनके पुत्र प्रियांक भी सर्वोच्च पद के दावेदार रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता संघर्ष 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद हुए एक अनौपचारिक सत्ता-साझेदारी समझौते से जुड़ा माना जाता है। शिवकुमार समर्थक लगातार दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय सत्ता साझा करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, सिद्धारमैया ने कभी सार्वजनिक रूप से ऐसे किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया और प्रशासन पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। चुनावों के बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। शिवकुमार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे और चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा गया था, इसलिए वह शीर्ष पद पर अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहे थे। तब पार्टी ने शिवकुमार को मनाकर उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया था और ढाई साल के बाद कमान देने का वादा किया था। बाद में हाईकमान द्वारा डीके खेमे की ओर से लगातार दबाव डालने के बावजूद कुछ भी साफ नहीं किया जा रहा था। इससे डीके का धैर्य चूक रहा था। यह दोनों नेताओं के बीच तनाव की वजह भी बना रहा। पिछले वर्ष नवंबर में, जब कर्नाटक सरकार ने अपने कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा कर लिया, तब कांग्रेस नेतृत्व ने कथित तौर पर शिवकुमार को असम विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का राजनीतिक पर्यवेक्षक नियुक्त कर इस तनाव को कम करने की कोशिश की, लेकिन रोटेशनल मुख्यमंत्री व्यवस्था को लेकर अटकलें जारी रहीं। पिछले कुछ वर्षों में शिवकुमार ने अपने धार्मिक संपर्कों को भी काफी बढ़ाया है। उन्होंने कर्नाटक और देशभर के प्रमुख मंदिरों के लगातार दौरे किए। उनकी धार्मिक छवि को लेकर कांग्रेस के भीतर बहस भी छिड़ गई थी। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से सिद्धारमैया के साथ टकराव को बढ़ाने से काफी हद तक परहेज किया, हालांकि उनके समर्थकों ने दबाव बनाए रखा। अब ऐसा ही दबाव सिद्धारमैया नहीं बनाएंगे, ऐसा नहीं लगता। कुल मिलाकर कर्नाटक में कांग्रेस की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, बल्कि यह नई चुनौतियों की शुरुआत है।



तैयारी
प्रमोद भार्गव

# अब बख्शे नहीं जाएंगे घुसपैठिए

> पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

नक्सल समस्या की तरह अब घुसपैठियों की समस्या का निदान भी होने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका साथ, सबका विकास नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। घुसपैठियों के बंगाल में बसने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत मिल रहा था। किंतु अधिकारी ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति लागू करने और जिला स्तर पर होल्डिंग सेंटर बनाने का निर्णय लेकर जता दिया है कि आखिरकार अवैध प्रवासियों को बाहर जाना ही होगा। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने प्लेटफार्म एक्स पर ऐलान कर दिया कि 'घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की बात कही थी, जो अब कर दी गई है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या बदलाव के तरीके की जांच व समीक्षा करेगी।' यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में काम कर एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थायी नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल की थी। इसके मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। पहले सीपीएम और बाद में तृणमूल इन घुसपैठियों को न केवल शरण देते रहे हैं, बल्कि उनके आधार, राशन और वोटर कार्ड भी बनवाते रहे हैं। नतीजा रहा कि बंगाल का हर चौथा वोटर मुस्लिम बताया जा रहा है। छह जिले तो ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 66 प्रतिशत से भी अधिक है। इस कड़ी में मुर्शिदाबाद जिले में 66.27, मालदा में 51.27, उत्तर दिनाजपुर 49.92,



वीरभूमि में 37.06, दक्षिण 24 परगना 35.57 और नादिया में 26.27 प्रतिशत मुस्लिमों की आबादी हो गई है। इस बिगड़े जनसंख्यात्मक घनत्व का ही परिणाम रहा कि 34 साल सीपीएम और 15 साल तृणमूल ने बंगाल पर शासन करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देते रहे। यदि असम में अवैध घुसपैठ की बात करें तो 1951 से 1971 के बीच यहां के मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादाद 53 प्रतिशत बढ़ी। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गई।

गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41.89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वासित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक कई बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। अतएव 2005 में सर्बानंद सोनोवाल बनाम भारत संघ मामले में असम में अवैध प्रवासियों के पहचान से जुड़े एक पुराने कानून को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असम में होने वाली भारी घुसपैठ ने राज्यों के नागरिकों के जीवन को आमूलचूल प्रभावित किया है। यह स्थिति एक तरह से अघोषित बाहरी आक्रमण जैसी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम और बंगाल में घुसे चले आते हैं। यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती है।

आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि

प्रो. आरके जैन



# डॉ. बशीर बद्र : उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया, बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे- जहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है। जब शब्दों की रोशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर



उर्दू शायर और गजलकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है, जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज़ का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी ग़ज़लें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफ़र शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया- उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब-कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति-"लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में..."-आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी ग़ज़लों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं- ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां "उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो..." और "दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे..." आज भी लोगों की ज़ुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य ग़ज़लें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू ग़ज़ल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते-बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। उनकी ग़ज़लें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं-वह हमेशा अपने पाठकों के भीतर जीवित रहती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
**दर्शन**

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
**प्रेरणा**

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा- मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा- मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूं। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला- मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूं। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका- यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पेट्रोल-डीजल वाहनों का विकल्प इलेक्ट्रिक वाहन

अमरीका और ईरान युद्ध के कारण हमारे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। इससे आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है, खासतौर पर जिनका कारोबार अपने निजी वाहनों के जरिए होता है, डीजल की कीमत में वृद्धि से सार्वजनिक वाहनों में सफर भी महंगा हो सकता है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम ई-बस सेवा योजना को हरी झंडी देकर चंडीगढ़ के लिए लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों का वर्चुअल तरीके से शुरुआत की। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी पहल हो चुकी है। यहां की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अच्छी पहल करते हुए नई इलेक्ट्रिक बसें और अन्य सरकारी वाहन ही खरीदने का मन बनाया है। सरकार इससे अपने यहां डीजल और पेट्रोल का प्रयोग भी कम करेगी। *- विकास चौधरी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सावरकर को श्रद्धांजलि



महान क्रांतिकारी और प्रतिभाशाली राष्ट्रवादी विचारक वीर सावरकर को हार्दिक श्रद्धांजलि! उनका वीरता और बुद्धि से परिपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र की प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### खाद्यान्न उत्पादन



देश में खाद्यान्न उत्पादन का अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया गया है। कल ही हमने तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। इस वर्ष खाद्यान्न का कुल अनुमानित उत्पादन 3,765.63 लाख टन है, जो पिछले वर्ष से 188 लाख टन अधिक है।
- **शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषिमंत्री

### समस्याओं का समाधान



सत्ता हमारे लिए सुख का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। ग्राम चौपाल के माध्यम से राजस्थान सरकार आज हर गांव तक पहुंच रही है, ताकि समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा सके और विकास योजनाएं समाज के सबसे दूरस्थ व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।
- **भजनलाल शर्मा**, सीएम, राजस्थान

### राजनीतिक प्रतीक



भारतीय सार्वजनिक विमर्श के विशाल रंगमंच पर, जहाँ रूपक लंबे समय से औजार और हथौड़े दोनों का काम करते आए हैं, तिलचट्टे का एक कीड़े से राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरना एक गहरा परिवर्तन दर्शाता है।
- **राम गोपाल वर्मा**, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# अगले पांच साल में तापमान में होगी रिकॉर्ड वृद्धि : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की नयी जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान कई बार उस अंतरराष्ट्रीय सीमा से ऊपर जा सकता है, जिसे अब तक सुरक्षित माना जाता रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इसके साथ ही अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से बढ़ रही वैश्विक गर्मी के कारण बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी जैसी चरम मौसमी घटनाएं अधिक होंगी। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु एजेंसी और ब्रिटेन के मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 से 2030 के बीच औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 75 प्रतिशत आशंका है। यही वह सीमा है जिसे 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सुरक्षित माना गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि तापमान में मामूली वृद्धि भी मौत, खतरे और जीव-जंतुओं की प्रजातियों के नुकसान का कारण बन सकती है।

## ऑफ बीट

# लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को



थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है-ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण

परिवर्तन को स्वीकार न करना भी परेशानी का कारण बनता है

# कर्नाटक में परिवर्तन

आखिरकार कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने त्यागपत्र दे दिया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के उनकी जगह आसीन होने का रास्ता साफ हो गया। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा लंबे समय से हो रही थी और इसे लेकर खींचतान भी जारी थी, लेकिन कुछ तय नहीं हो पा रहा था। शिवकुमार का दावा था कि 2023 में सरकार गठन के समय सिद्दरमैया और उनके बीच ढाई-ढाई वर्ष तक सत्ता संभालने की सहमति बनी थी, पर कांग्रेस नेतृत्व ने इसकी पुष्टि नहीं की। अब तीन वर्ष बाद नेतृत्व परिवर्तन होना यह बताता है कि वास्तव में दोनों नेताओं में बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने का समझौता हुआ था और उससे कांग्रेस आलाकमान भी अवगत था। यदि ऐसा था तो फिर छह माह की देरी क्यों हुई? यह प्रश्न कांग्रेस नेतृत्व और विशेष रूप से राहुल गांधी की विफलता को दर्शाता है। इसलिए और भी, क्योंकि कहा जा रहा है कि नेतृत्व परिवर्तन तब सुनिश्चित हो पाया, जब प्रियंका गांधी ने हस्तक्षेप किया। यदि यह सच है तो यह पुराना सवाल फिर से उठेगा कि आखिर राहुल गांधी समय पर फैसला क्यों नहीं ले पाते? ध्यान रहे कि कांग्रेस अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खरगे हों, लेकिन पार्टी के बड़े फैसले राहुल गांधी ही लेते हैं। त्यागपत्र देने को तैयार हुए सिद्दरमैया ने यह तो माना कि आलाकमान ने जैसा कहा, वैसा किया, पर वे राज्यसभा आने को तैयार नहीं। एक तरह से उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को यह संदेश दिया कि वे संतुष्ट नहीं हैं और अपने हिसाब से राज्य की ही राजनीति करेंगे। हालांकि उनके त्यागपत्र देने पर शिवकुमार ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया, लेकिन यह कहना बहुत कठिन है कि दोनों के रिश्ते सामान्य बने रहेंगे और कर्नाटक कांग्रेस में गुटबाजी को बढ़ावा नहीं मिलेगा। इसकी अनदेखी न की जाए कि इसके पहले बारी-बारी से नेतृत्व करने को लेकर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इसी तरह की खींचतान हुई थी। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच ढाई-ढाई साल तक सत्ता संभालने को लेकर तनातनी जारी रही तो छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच। कांग्रेस नेतृत्व न तो इन दोनों राज्यों में अपने नेताओं के झगड़े को सुलझा पाया और न ही यह साफ कर पाया कि उनमें ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहने का समझौता हुआ था या नहीं? पंजाब में उसने नवजोत सिंह सिद्धू को संतुष्ट करने के लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को पद छोड़ने के लिए बाध्य किया तो इसके नतीजे में वहां ऐसी गुटबाजी पनपी कि पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी नहीं बचा पाई। कर्नाटक में क्या होगा, यह दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव ही बताएंगे।

# बढ़ेगा स्थानीय पर्यटन

प्रदेश सरकार ने बिहार दर्शन योजना शुरू कर स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने की बड़ी पहल की है। योजना के तहत सरकारी खर्च पर अफसर-कर्मियों की विदेश यात्रा पर रोक लगेगी। साथ ही उन्हें राज्य के पर्यटन स्थलों पर परिवार के साथ घूमने जाना पड़ेगा। रात्रि विश्राम के बाद अनुभव व सुझाव का प्रतिवेदन देना होगा। इससे ग्रामीण पर्यटन स्थलों का विकास तेजी से होगा। साथ ही ऐसे स्थलों का प्रचार-प्रसार होगा, जिनके बारे में कम जानकारी है। बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्थलों की संख्या बहुत है, जहां जानकारी और सुविधा के अभाव में लोग नहीं पहुंचते, जबकि उनका ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व है। प्रचार-प्रसार होगा तो दूसरे प्रदेशों से भी पर्यटक आएंगे। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से रोजगार के अवसर में भी वृद्धि होगी। होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, हस्तशिल्प के साथ-साथ छोटे व्यापारियों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में भी सहायक है। ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और प्रवासन कम होगा। योजना में अफसर-कर्मियों को यात्रा के दौरान होम स्टे व ईको टूरिज्म को प्राथमिकता देने का प्रविधान है। इससे स्थानीय खानपान और उन उत्पादों को पहचान मिलेगी, जो उपेक्षा के शिकार हैं। इससे पुरानी परंपराओं और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

**बिहार दर्शन योजना लागू होने से ऐसे स्थलों को पहचान मिलेगी, जिनके बारे में अभी कम लोगों को जानकारी है**

# समूचे तंत्र की विफलता



ए. सूर्यप्रकाश

**त्विषा मामले में अगर मीडिया ने दखल न दिया होता तो व्यवस्था के सभी अंगों के बीच की साठगांठ लोगों के भरोसे को नष्ट कर चुकी होती**



अवधेश राजपूत

त्विषा शर्मा की मौत के मामले को मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल पुलिस और न्यायिक अधिकारियों ने जिस प्रकार संभाला, वह चुनी हुई सरकार, पुलिस-प्रशासन और अधीनस्थ न्यायपालिका जैसे राज्यव्यवस्था के सभी अंगों की विफलता का ही संकेत है। अगर मीडिया ने दखल न दिया होता तो इन सभी अंगों के बीच की साठगांठ समूचे तंत्र में नागरिकों के भरोसे को पूरी तरह नष्ट कर चुकी होती। स्वतंत्रता के 80 साल बाद भी तंत्र के ऐसे पतन का साक्षी बनना बेहद शर्मनाक है।

माडल-अभिनेत्री त्विषा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े किए हैं। जैसे 12 मई को मौत होने के बाद भी 15 मई तक पुलिस ने प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। त्विषा की सास गिरिबाला सिंह सेवानिवृत्त जज तो पति समर्थ सिंह अधिवक्ता हैं। जहां एफआइआर में देरी हुई, वहीं गिरिबाला सिंह को न केवल सहजता से अग्रिम जमानत मिल गई, बल्कि घटना स्थल पर बेरोकटोक जाने की छूट भी मिली। यह अच्छा है कि हाई कोर्ट से उनकी यह जमानत खारिज हो गई और सीबीआइ ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है, पर उससे पहले उनके पास इतनी गुंजाइश रही कि वे तमाम साक्ष्यों को अपनी सुविधा से देख सकें। उन्होंने पुलिस और न्यायिक तंत्र से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों को फोन काल भी किए, जिनमें लोकायुक्त, डीजी रैंक के पुलिस अधिकारी और एक जिला जज भी शामिल रहे। शायद ही कोई ऐसा दूसरा मामला ध्यान में आए, जहां न्यायाधीश ने मामले से जुड़े किसी संभावित आरोपित को ही साक्ष्यों से छेड़छाड़ की ऐसी खुली छूट प्रदान की हो। समर्थ सिंह भी करीब दस दिनों तक भूमिगत रहे। जब मीडिया में इस मुद्दे ने तूल पकड़ा तो मुख्यमंत्री त्विषा के परिवार से मिलने पर सहमत हुए और मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई। हालांकि यह सब 25 मई तक संभव हो सका। राज्य दूसरे पोस्टमार्टम के लिए भी तैयार तो हुआ, लेकिन मौत के 12 दिन बाद 24 मई को।

इस पूरे मामले में पुलिस की ढिलाई और सास को मिली अग्रिम जमानत ऐसे किसी भी व्यक्ति के अंतरात्मा को झकझोर सकती है, जो ससुराल में महिलाओं के प्रति क्रूरता और दहेज निषेध कानून की बारीकियों से परिचित हो। भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानी बीएसए की धारा 117 के तहत स्पष्ट प्रविधान है कि, 'विवाह के सात वर्ष के अंदर किसी महिला की आत्महत्या के संबंध में जब यह सवाल उठे कि क्या उसकी आत्महत्या उसके पति या उसके किसी रिश्तेदार द्वारा उकसावे का परिणाम रही या उसके प्रति क्रूरता बरती गई तो न्यायालय सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह मानकर चल सकता है कि आत्महत्या उसके पति या पति के किसी रिश्तेदार द्वारा उकसावे का नतीजा रही।' भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 तो और भी स्पष्ट एवं प्रभावी है। इसके अनुसार, 'जब सवाल यह हो कि क्या किसी व्यक्ति ने किसी महिला की दहेज के चलते हत्या की है और अपनी मृत्यु से ठीक पहले ऐसी महिला को उस व्यक्ति द्वारा दहेज की किसी भी मांग के लिए या उसके संबंध में क्रूरता या उत्पीड़न का शिकार बनाया गया था, तो न्यायालय यह मानने के लिए बाध्य होगा कि वही व्यक्ति दहेज के कारण हुई हत्या का जिम्मेदार है।'

देश में दहेज हत्या के बढ़ते मामलों के कारण ही संसद ने कानून में संशोधन किया और 1980 के दशक में इसे और अधिक सख्त बनाया। नव-प्रवर्तित भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के अंतर्गत भी पति या पति के रिश्तेदार के लिए तीन साल तक की कारावास का प्रविधान है, जो किसी महिला को अपनी क्रूरता का शिकार बनाता है। धारा 86 'क्रूरता' को परिभाषित करती है। 'क्रूरता' से तात्पर्य जानबूझकर किए गए ऐसे किसी भी आचरण से है, जिसके चलते (क) महिला को आत्महत्या करने के लिए उकसाने की आशंका हो या महिला के जीवन, अंग या स्वास्थ्य (चाहे मानसिक हो या शारीरिक) को गंभीर क्षति या खतरा पहुंचने का जोखिम हो, (ख) इसमें दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न किया जाना शामिल हो। यदि दहेज उत्पीड़न के कारण विवाह के सात वर्ष के भीतर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होती है, तो इस तरह के मामलों में न्यूनतम सात वर्ष की जेल हो सकती है, जो आजीवन कारावास तक बढ़ सकती है।

इस मामले में सास गिरिबाला सिंह ने सार्वजनिक बयानबाजी से ही स्वयं को संदिग्ध रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने त्विषा पर मादक पदार्थों का सेवन करने, मानसिक बीमारी का इलाज चलने और परिवार के साथ तालमेल न बिठा पाने जैसे आरोप मढ़े। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या पुलिस संसद द्वारा पारित कानून से जुड़े पहलुओं से परिचित नहीं थी? क्या गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत देने वाले इन प्रविधानों से वाकिफ नहीं थे? इस संबंध में उच्चतम न्यायालय का यह अवलोकन भी निराशाजनक है, जिसमें उसने मीडिया से कहा कि वह कोई नैरेटिव बनाने का प्रयास न करे। एक तरह से उसने मीडिया ट्रायल से परहेज करने को तो कहा, लेकिन पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह या भोपाल पुलिस या दस दिनों तक गायब रहे त्विषा के अधिवक्ता पति समर्थ सिंह को लेकर कुछ नहीं कहा। अच्छी बात है कि सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जरूर मीडिया की पीठ थपथपाई कि उसके हस्तक्षेप से यह मामला सही दिशा में बढ़ा।

समग्रता में देखें तो यह मामला समूचे तंत्र की विफलता का ऐसा उदाहरण है और उन लोगों को मुंह बंद करने के लिए पर्याप्त है, जो मीडिया ट्रायल को लेकर बिदकते रहते हैं। अगर मीडिया ने इस मुद्दे को न उठाया होता, तो संभव है कि इस मामले का किसी परिणति से पहले ही पटाक्षेप हो गया होता? अगर मीडिया के माध्यम से इसका ब्योरा सामने नहीं आता तो क्या उच्चतम न्यायालय को इस शर्मनाक लीपापोती की भनक लग पाती? कम से कम इस मामले में तो कहना ही होगा कि-मीडिया ट्रायल की जय हो। स्पष्ट है कि व्यवस्था के तीनों स्तंभ जब निराश करने लगें तो चौथा स्तंभ उम्मीद की किरण बनकर उभरता है।

(लेखक संवैधानिक मामलों के जानकार एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# पटरी पर लौटता तीन भाषा फार्मूला



प्रेमपाल शर्मा

**नौवीं कक्षा में दो भारतीय भाषाओं को पढ़ाना अनिवार्य करने का उद्देश्य देश को बहुभाषी समाज बनाना है, जो इसकी सच्चाई भी है**




उत्तर-दक्षिण के बीच मेल बढ़ाएगी भाषाई पहल। फाइल

सीबीएसई और केंद्र सरकार के ताजा निर्णय की तारीफ की जानी चाहिए, जिसमें उन्होंने नौवीं कक्षा में दो भारतीय भाषाओं को पढ़ना अनिवार्य किया है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन का अगला कदम है। सीबीएसई के नए आदेश के अनुसार पहली जुलाई से देश में नौवीं कक्षा में तीन भाषाएं पढ़ाई जाएंगी, जिनमें दो अनिवार्य रूप से भारतीय भाषाएं होंगी। अगर पहली भाषा अंग्रेजी है तो दूसरी भाषा हिंदी या अपनी मातृभाषा होगी और तीसरी भाषा के रूप में विद्यालय संविधान की आठवीं अनुसूची की कोई भी भाषा चुन सकते हैं। इसका उद्देश्य बहुभाषी समाज की तरफ बढ़ना है, जो इस देश की हकीकत भी है। 1960 के दशक में कोठारी आयोग द्वारा दिए गए तीन भाषा सूत्र का आत्मा भी यही था कि उत्तर भारत के बच्चे दक्षिण भारत की कोई भाषा सीखें और दक्षिण भारत के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा उत्तर भारत की हिंदी सीखें, लेकिन कुछ राजनीतिक स्वार्थ की वजह से इसे हिंदी थोपने के रूप में दुष्प्रचार किया गया। उत्तर भारत की शिक्षा नीति में भी यह कमी रही कि उसने दक्षिण की कोई भाषा सीखने के बजाय तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत से काम चला कर खानापूर्ति कर ली। उम्मीद है उत्तर भारत अब ऐसी गलती नहीं करेगा। दक्षिण भारत का इसीलिए आज तक यह विरोध जारी है कि जब उत्तर भारत उसकी कोई भाषा नहीं सिखाता तो दक्षिण के राज्य भी हिंदी क्यों सीखें? इसीलिए तीन भाषा फार्मूला अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो पाया। अब सरकार की नई सुविचारित नीति के तहत यह सफल होता नजर आ रहा है।

वर्तमान में उत्तर भारत में विशेषकर अधिकांश पब्लिक स्कूलों में नौवीं कक्षा में तो एक भी भारतीय भाषा नहीं पढ़ाई जा रही। इनमें से कुछ स्कूल ऐसे भी हैं जिनमें 12वीं में हिंदी का सेक्शन ही नहीं है, जबकि अंग्रेजी के अलावा बच्चों को पढ़ने के लिए जर्मन, फ्रेंच, जापानी, स्पेनिश आदि विदेशी भाषाओं के विकल्प हैं। सरकारी स्कूलों में गनीमत है कि हिंदी बची हुई है, लेकिन ज्यादातर विज्ञान के विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में भी 11वीं में हिंदी नहीं पढ़ रहे या कहें उन्हें नहीं पढ़ाई जा रही। भाषा नीति के नए आदेश का सबसे ज्यादा विरोध यही महंगे निजी स्कूल और अभिभावक कर रहे हैं। वे शिकायत कर रहे हैं कि इसे इस सत्र में ही लागू करना था तो पहली अप्रैल से क्यों नहीं किया गया। उन्हें पता होना चाहिए कि अप्रैल में शैक्षिक सत्र जरूर आरंभ हो जाता है, लेकिन पूरे देश में शिक्षा पहली जुलाई से ही शुरू होती है, इसलिए देरी की इस बात में कोई दम नहीं है। उनका दूसरा आरोप है कि हमने फ्रेंच, जर्मन भाषाओं की किताबें खरीद ली हैं और बच्चे कई वर्षों से इन भाषाओं को पढ़ रहे हैं। अब और भारतीय भाषाएं पढ़नी पड़ेंगी तो उनके बच्चों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ जाएगा। उनकी यह भी शिकायत बचकानी है। उनसे बस यही कहना है कि अंग्रेजी तो वे जन्म से सीख रहे हैं। जर्मन और फ्रेंच भी उनको कभी अतिरिक्त बोझ नहीं लगते, पर अपनी मातृभाषा या अन्य देसी भाषाएं उन्हें बोझ क्यों लगने लगता है।

क्या हमारा संविधान गलत है, जिसमें हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने और उसमें प्रशासन और शिक्षा देने की बात कही गई है? तीसरी भाषा के लिए सरकार ने सही राह सुझाई है कि इसमें बोर्ड की परीक्षा नहीं होगी, पाठ्यक्रम बहुत हल्का होगा और उसका मूल्यांकन भी आंतरिक होगा। इसका उद्देश्य साफ है कि उत्तर भारत के लोग दक्षिण की भाषाओं को जानें और दक्षिण के उत्तर भारत की। इससे दक्षिण का हिंदी और उत्तर भारत की भाषाओं का विरोध भी निर्मूल हो जाएगा और भाषाई एकता तो बढ़ेगी ही। आज यूरोप, अमेरिका से लेकर चीन, जापान जैसे देश इसलिए विकसित हैं, क्योंकि उनकी शिक्षा और प्रशासन अपनी भाषा में होता है, अंग्रेजी और दूसरी विदेशी भाषा में नहीं।

तीसरी भाषा कौन-सी चुनी जाए। अच्छा तो यही रहेगा कि संस्कृत के नाम पर पुरानी गलती न हो। स्कूल या प्रशासन बच्चों की सहमति से भाषा का चुनाव करें। पंजाबी, मराठी देवनागरी परिवार की भाषा हैं। बच्चों को कुछ मेहनत जरूर करनी पड़ेगी, लेकिन क्या यही मेहनत दक्षिण के राज्यों को हिंदी सीखने के लिए नहीं करनी पड़ती? इसलिए बिना देरी के इस पर अमल होना चाहिए और जो लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी के अलावा दूसरी विदेशी भाषाएं भी सीखना चाहते हैं तो उनके लिए आसमान खुला है। बिना परीक्षा में शामिल किए यदि संभव हो तो स्कूल सिखाएं या कोई और इंतजाम करें। सब कुछ स्कूल नहीं सिखाते। हमारे चारों तरफ ऐसे हजारों लोग मिल जाएंगे जिन्होंने नौकरी, व्यवसाय के लिए अपनी जरूरत के हिसाब से विदेशी भाषाएं सीखी हैं। इसलिए अभिभावकों का सरकार पर आरोप लगाना, उसे कठघरे में खड़ा करना या सुप्रीम कोर्ट जाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता। आश्चर्य है कि दो-तीन विदेशी भाषाएं पढ़ना उन्हें अपने बच्चों पर अतिरिक्त बोझ नहीं लगता, लेकिन अपनी मातृभाषा और भारतीय भाषाएं सीखने के नाम पर वे सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं। यह अनुचित है। सरकार को किसी भी हालत में झुकना नहीं चाहिए।

(केंद्रीय संयुक्त सचिव रहे लेखक शिक्षाविद् हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## वैचारिक सामर्थ्य

अंतर्मन में उपजी भावनाओं द्वारा मन-मस्तिष्क में विचारों का उदय होता है, किंतु वही भाव विचारों की परिधि में आते हैं, जो विवेक के साथ बुद्धि का सम्यक मंथन करने के बाद प्रकट हुए हों। अतः वैयक्तिक एवं सामाजिक उत्थान करने वाले भाव ही विचार कहलाते हैं। किसी भी वैज्ञानिक उपकरण से समर्थ मानव शरीर में सर्वाधिक संवेदनशील एवं क्रियाशील मस्तिष्क है, जिसकी अतिसूक्ष्म परतें मानवीय भावों एवं वैचारिक तरंगों को प्रतिपल आकर्षित और विकर्षित करती रहती हैं। इनकी गति भौतिक जगत के किसी पदार्थ की तरंगों से अधिक तीव्र होती है। लोक में सकारात्मक विचारों की अपेक्षा नकारात्मक विचारों के संचरण की आवृत्ति तेज होती है, जिससे अफवाहों का बाजार जल्दी गर्म होता है। अधिकांशतः इसके भयावह परिणाम ही देखने को मिलते हैं। अतः सम्यक पड़ताल किए बिना नकारात्मक विचारों को न स्वीकार करना चाहिए और न प्रसारित।

व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में विचारों की महनीय भूमिका होती है। इसलिए राष्ट्र वही शक्तिसंपन्न होता है, जो वैचारिक रूप से समृद्ध हो। नागरिकों के विचार ही क्रिया रूप में परिणत होकर राष्ट्र का स्वरूप निर्धारित करते हैं। यही जन-संचेतना जागृत कर सामाजिक परिवर्तन को दिशा देते हैं। परिशोधन के अभाव में वैचारिक विकृतियां राष्ट्र के पतन का कारण बनती हैं। दीर्घकाल तक राजनीतिक दास बनाने हेतु अंग्रेजों ने शिक्षा को हथियार बनाकर भारतीयों को पहले वैचारिक रूप से गुलाम बनाया, जिसका कुप्रभाव आजादी के इतने वर्षों बाद भी परिलक्षित होता है। अतः देश के नागरिकों को वैचारिक रूप से प्रबुद्ध एवं सशक्त होना चाहिए, जो अपनी भाषा एवं संस्कृति पर गर्व कर सकें। अतः नागरिकों की वैचारिक सामर्थ्य को मजबूत करना राष्ट्र का प्रथम कर्तव्य है।

डा. सत्यप्रकाश मिश्र

# खेल हर बच्चे का अधिकार

प्रियंका शर्मा

**खेल बच्चों का समय खराब नहीं करता, बल्कि उनका आज और आने वाला कल बेहतर बनाता है**

खेल केवल समय बिताने का तरीका नहीं है, यह बच्चों के व्यक्तित्व, भावनाओं और सोच को आकार देने का सबसे स्वाभाविक माध्यम है। आज की तेज और प्रतिस्पर्धी दुनिया में बच्चों का बचपन मोबाइल, स्क्रीन, पढ़ाई के दबाव और व्यस्त दिनचर्या के बीच सिमटता जा रहा है। कई बच्चे मैदानों से ज्यादा स्क्रीन के साथ समय बिताने लगे हैं। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी है कि खेल बच्चों की जरूरत है, कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं। खेल बच्चों को केवल खुश नहीं रखता, बल्कि उनके संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल के दौरान बच्चे नई चीजें सीखते हैं, अपनी कल्पनाशक्ति विकसित करते हैं और दुनिया को अपने तरीके से समझना शुरू करते हैं। खेल उन्हें निर्णय लेना, समस्याओं को सुलझाना, हार-जीत स्वीकार करना और दूसरों के साथ मिलकर चलना सिखाता है।

शारीरिक रूप से भी खेल बच्चों को सक्रिय और स्वस्थ बनाता है। दौड़ना, कूदना और अलग-अलग गतिविधियों में भाग लेना उनके शरीर को मजबूत करता है। खेल बच्चों के भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बेहतर बनाता है। कई बार बच्चे अपने डर, गुस्से या तनाव को शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाते, लेकिन खेल के माध्यम से वे अपनी भावनाओं को सहज रूप से बाहर निकाल लेते हैं। यही कारण है कि मनोवैज्ञानिक और थेरेपिस्ट भी बच्चों के साथ "प्ले थेरेपी" का उपयोग करते हैं। आज सबसे बड़ी चिंता यह है कि बच्चों के खेलने का समय लगातार कम होता जा रहा है। पढ़ाई में आगे निकलने की होड़, सुरक्षा की चिंताएं और बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों को खुले वातावरण और वास्तविक अनुभवों से दूर कर रहा है। धीरे-धीरे उनका बचपन, रचनात्मकता और सामाजिक जुड़ाव भी प्रभावित हो रहा है।

माता-पिता और शिक्षकों को यह समझना चाहिए कि केवल किताबों का ज्ञान देकर बच्चों को भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार नहीं किया जा सकता। उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन को समझने, महसूस करने और खुलकर जीने का अवसर देना भी है। बच्चों को हर समय नियंत्रित करने के बजाय उन्हें खेलने, खोजने और गलतियों से सीखने का मौका मिलना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन के अनुसार हर बच्चे को खेलने और मनोरंजन का अधिकार है। यह केवल एक गतिविधि नहीं, स्वस्थ और खुशहाल बचपन की पहचान है। खेल बच्चों का समय खराब नहीं करता, बल्कि उनका आज और आने वाला कल बेहतर बनाता है। जब बच्चे खुलकर खेलते हैं, तभी वे खुलकर सीखते हैं, सोचते हैं और जीवन के लिए तैयार होते हैं। इसलिए हर बच्चे को ऐसा बचपन मिलना चाहिए जहां खेल, हंसी और सीखने की आजादी हो।

(लेखिका बाल एवं किशोर परामर्शदाता हैं)

## मानसिकता बदले पाकिस्तान

'खुद को पहचानने की कोशिश में पाकिस्तान' शीर्षक से लिखे अपने आलेख में शंकर शरण ने उचित ही रेखांकित किया है कि पाकिस्तान का अपनी जड़ों को नकारना ही उसके अस्तित्वगत संकट का मूल कारण है। लाहौर में पुराने हिंदू नामों की बहाली इस बात का प्रमाण है कि भूगोल बदल जाने से इतिहास और स्मृतियां नहीं बदलतीं। वास्तव में पाकिस्तान जिस भूमि पर स्थित है, वह हड़प्पा, मोहनजोदड़ो जैसी सिंधु घाटी सभ्यताओं, पाणिनि के व्याकरण और तक्षशिला जैसे वैश्विक ज्ञान केंद्रों की जननी है। इस गौरवशाली विरासत को पराया मान लेना उसकी सबसे बड़ी ऐतिहासिक भूल रही है। अपनी पहचान को केवल मजहब और थोपी गई उर्दू भाषा तक सीमित करने का ही दुष्परिणाम था कि 1971 में भाषा आंदोलन के कारण उसका विभाजन हुआ और बांग्लादेश का उदय हुआ। आज भी बलोच और पश्तून समुदायों का संघर्ष साबित करता है कि केवल धार्मिक कट्टरता किसी राष्ट्र को एक सूत्र में नहीं बांध सकती। आयातित वहाबी विचारधारा ने वहां की सहिष्णु सूफी संस्कृति-बुल्ले शाह और बाबा फरीद की विरासत को लहूलुहान कर डाला है। इस पहचान संकट ने सामाजिक ही नहीं, भू-राजनीतिक और आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया है। भारत-विरोध को ही पहचान बनाने की जिद में पाकिस्तान ने शिक्षा और स्वास्थ्य के बजाय सेना और आतंकवाद पर धन झोंका। नतीजतन वह आर्थिक दिवालियेपन की कगार पर है, जबकि खाड़ी के मुस्लिम देश भारत के साथ मजबूत आर्थिक साझेदार बन चुके हैं। पाकिस्तान का हित इसी में है कि वह विभाजनकारी मानसिकता को पीछे छोड़कर अपनी उपमहाद्वीपीय जड़ों, सूफी विरासत और साझा संस्कृति को स्वीकार करे।

pramodkgoelpnb2014@gmail.com

मेलबाक्स

## परीक्षाओं में बढ़ती लापरवाही

शिक्षा को किसी भी देश के भविष्य की नींव माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में परीक्षाओं में बढ़ती लापरवाही गंभीर चिंता का विषय बन गई है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने कई बड़ी परीक्षाओं में गड़बड़ी, पेपर लीक और अव्यवस्था की घटनाएं देखी हैं। कई राज्यों में भर्ती परीक्षाएं रद करनी पड़ीं, कहीं प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, तो कहीं परिणामों में त्रुटियों ने छात्रों को परेशान किया। कई परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्था और गलत प्रबंधन की शिकायतें भी सामने आई हैं। इसके अलावा, परिणामों में गड़बड़ी और गलत मूल्यांकन जैसी समस्याएं भी विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं। एक विद्यार्थी पूरे वर्ष कठिन मेहनत करता है। उसके लिए परीक्षा केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि उसके भविष्य, परिवार की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती है। लेकिन जब परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जिम्मेदारी की कमी दिखाई देती है, तब सबसे अधिक नुकसान छात्रों के आत्मविश्वास और भविष्य को होता है। सबसे दुखद बात यह है कि गलतियों की कीमत हमेशा छात्रों को चुकानी पड़ती है, जबकि लापरवाही करने वाले लोग अक्सर बच निकलते हैं।

निकिता जोशी, कानपुर

## यूरिया का अनियंत्रित प्रयोग घातक

आज जिस गति से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से अनाज उत्पादन बढ़ा है, उसी गति से विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी बढ़ी हैं। हम पेट तो भर रहे हैं, लेकिन साथ ही बीमारियों को भी आमंत्रित कर रहे हैं। यूरिया का अत्यधिक उपयोग किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। आर्थिक, जैविक, पर्यावरणीय और वैज्ञानिक-हर दृष्टिकोण से इसका अति प्रयोग नुकसानदायक है। यह न केवल मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करता है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक साबित हो रहा है। अत्यधिक यूरिया का बड़ा हिस्सा गैसों के रूप में वातावरण में फैल जाता है या भूजल में घुलकर पानी को प्रदूषित करता है, तब इसके उपयोग पर नियंत्रण आवश्यक हो जाता है।

डा. मिथिलेश कुमार, भागलपुर

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**169** लाख टन खाद्य तेल आयात किया भारत ने वर्ष 2025-26 के दौरान, जिसकी कीमत लगभग 19.5 अरब डालर थी। इसमें पाम आयल इंडोनेशिया और मलेशिया से, सोयाबीन तेल अर्जेंटीना व ब्राजील से, जबकि सूरजमुखी तेल रूस व यूक्रेन से आयात किया गया।





गजेंद्र सिंह
लोक नीति विश्लेषक

आजकल

# संतुलित और टिकाऊ कृषि नीति की जरूरत

**भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की लगभग 50 प्रतिशत कार्यशील आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है, जबकि कृषि का योगदान भारत की जीडीपी में 15-17 प्रतिशत ही है। यह विरोधाभास स्वयं संकेत देता है कि देश की आधी जनसंख्या जिस क्षेत्र पर निर्भर है, उसकी आय और उत्पादकता अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। इसके बावजूद भारतीय कृषि आज कई संरचनात्मक चुनौतियों का सामना कर रही है- घटती उत्पादकता, जल संकट, फसल असंतुलन, बढ़ती आयात निर्भरता और किसानों की आय का संकट। लिहाजा इनसे निपटने की जरूरत है**



धान की खेती में बहुत अधिक पानी की खपत होती है, लिहाजा खेती के चक्र में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। फाइल

एक समय भारत खाद्य आत्मनिर्भरता और कृषि निर्यात के लिए विश्व में उदाहरण माना जाता था, लेकिन पिछले एक दशक में कृषि व्यापार की तस्वीर तेजी से बदली है। वर्ष 2013-14 में भारत का कृषि निर्यात, कृषि आयात की तुलना में लगभग 27 अरब डालर अधिक था। उस समय कृषि आयात लगभग 15.5 अरब डालर और निर्यात लगभग 43.3 अरब डालर का था। लेकिन वर्ष 2025-26 तक यह अंतर घटकर लगभग 12.7 अरब डालर रह गया है। इस अवधि में कृषि आयात बढ़कर लगभग 40.4 अरब डालर तक पहुंच गया, जबकि कृषि निर्यात लगभग 53.1 अरब डालर रहा। ये आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि भारत की कृषि अर्थव्यवस्था आयात आधारित होती जा रही है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत उन वस्तुओं का भी बड़े पैमाने पर आयात कर रहा है, जिनका उत्पादन देश के किसान स्वयं कर सकते हैं।

भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक देशों में शामिल है। देश अपनी कुल खाद्य तेल आवश्यकता का लगभग 55-60 प्रतिशत आयात करता है। वर्ष 2025-26 में भारत ने लगभग 169.4 लाख टन खाद्य तेल आयात किया, जिसकी कुल कीमत लगभग 19.5 अरब डालर रही। इसी अवधि में भारत ने लगभग 59.6 लाख टन दालों का आयात किया, जिसकी कीमत लगभग 3.6 अरब डालर रही। अरहर, मसूर, मटर और उड़द जैसी दालें मुख्यतः कनाडा, आस्ट्रेलिया, म्यांमार और रूस से खरीदी गईं। इसके अलावा, भारत ने लगभग 3.5 अरब डालर मूल्य के ताजे फलों का आयात किया। एक समय दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपास निर्यातक रहा भारत अब रिकार्ड स्तर पर कच्चा कपास आयात कर रहा है। यह स्थिति एक कृषि प्रधान देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि जिन वस्तुओं का उत्पादन देश के किसान स्वयं कर सकते हैं, उनके लिए भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है।

वहीं भारत के कृषि निर्यात के आंकड़े इस प्रकार हैं। वर्ष 2025-26 में भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल निर्यातक रहा, जिसमें बासमती चावल का निर्यात लगभग 5.8 अरब डालर और गैर-बासमती चावल का निर्यात लगभग 4.4 अरब डालर रहा। इसी अवधि में भारत का समुद्री उत्पाद निर्यात लगभग 8.4 अरब डालर तक पहुंचा, जबकि मिर्च, जीरा, हल्दी, इलायची और धनिया जैसे मसालों का निर्यात चार अरब डालर से अधिक रहा।

भारत की कृषि नीति लंबे समय तक गेहूं और धान केंद्रित रही है। हरित क्रांति के बाद पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में धान और गेहूं उत्पादन को भारी प्रोत्साहन दिया गया। न्यूनतम समर्थन मूल्य, सरकारी खरीद और मुफ्त या सस्ती बिजली जैसी नीतियों ने किसानों को इन्हीं फसलों पर निर्भर बना दिया। लेकिन इसका सबसे बड़ा दुष्परिणाम भूजल संकट के रूप में सामने आया। नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है और देश के कई कृषि क्षेत्र "डार्क जोन" की श्रेणी में पहुंच चुके हैं।

**सरकारी प्रयास** : सरकार ने आगामी खरीफ सीजन की 14 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करते हुए दलहन, तिलहन और कपास जैसी फसलों पर अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि की है, जबकि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केवल तीन प्रतिशत वृद्धि की गई है। किसानों को पारंपरिक जल-गहन फसलों से हटाकर फसल विविधीकरण की ओर प्रोत्साहित करना है, ताकि खाद्य तेल और दालों में बढ़ती आयात निर्भरता को कम किया जा सके। इसी दिशा में सरकार ने खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन, आयल पाम मिशन और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन जैसी योजनाएं भी शुरू की हैं, जिनका लक्ष्य घरेलू उत्पादन बढ़ाना, किसानों की आय में सुधार करना और कृषि क्षेत्र को अधिक से अधिक आत्मनिर्भर बनाना है।

हालांकि केवल एमएसपी बढ़ा देना अथवा नई योजनाओं और मिशनों की घोषणा कर देना ही पर्याप्त समाधान नहीं होगा। दलहन और तिलहन जैसी फसलें मौसम, कीट, रोग और पाले से जल्दी प्रभावित होती हैं तथा कई बार बाजार में इनके दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे चले जाते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यही कारण है कि किसान गेहूं और धान जैसी अपेक्षाकृत सुरक्षित फसलों से बाहर निकलने में संकोच करते हैं। ऐसे में फसल विविधीकरण को सफल बनाने के लिए मजबूत फसल बीमा, सरकारी खरीद की गारंटी, भंडारण और कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं, प्रसंस्करण उद्योग, निर्यात प्रोत्साहन, कृषि अनुसंधान और बेहतर बीज विकास जैसे व्यापक सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता होगी। कृषि क्षेत्र में नवाचार और कृषि उद्यमिता से जुड़ी निधियों का बड़ा हिस्सा सीधे किसानों तक पहुंचना चाहिए।

भारत की कृषि नीति लंबे समय तक 'अधिक उत्पादन' केंद्रित रही है, लेकिन अब आवश्यकता 'संतुलित और टिकाऊ कृषि व्यवस्था' की है, जिसमें जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता, पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और आयात निर्भरता जैसे सभी पहलुओं को साथ लेकर चलना होगा। भारत के सामने चुनौती केवल उत्पादन बढ़ाने की नहीं, बल्कि 'सही फसल, सही क्षेत्र और सही नीति' तय करने की है। यदि किसानों की स्थायी आय और जल सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो कृषि नीति को अल्पकालिक राजनीतिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाकर दीर्घकालिक राष्ट्रीय रणनीति के रूप में पुनर्गठित करना होगा।

## बासमती धान उत्पादकों को मिले राहत



डा. वीरेंद्र सिंह लाठर
पूर्व प्रधान विज्ञानी, आइएआरआई, नई दिल्ली

वर्तमान में सरकार केवल सामान्य धान और ग्रेड-ए धान के लिए ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। वर्ष 2026-27 के लिए इसे क्रमशः 2,441 व 2,461 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। लेकिन सरकार द्वारा बासमती धान की एमएसपी घोषित नहीं करने से बासमती धान उत्पादक किसानों को बिचौलिए साहूकार और धान मिल मालिकों के रहमोकरम पर छोड़ रखा है।

उल्लेखनीय है कि भारत वैश्विक बाजार में बासमती चावल का अग्रणी निर्यातक है। देश ने वर्ष 2024-25 के दौरान 50,312 करोड़ रुपये मूल्य का बासमती चावल विश्व को निर्यात किया है। एपीईडीए (एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथारिटी) ने विदेशी व्यापार समझौते के दिशानिर्देशों के अनुसार, भारत से बासमती चावल के सदस्य निर्यातकों के लिए 43,262 पंजीकरण सह आवंटन प्रमाण पत्र (आरसीएसी) जारी किए हैं। बासमती चावल का निर्यात औसत 9300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किया गया। देश के घरेलू बाजार में भी बासमती चावल का औसत बाजार मूल्य 10 हजार रुपये प्रति क्विंटल से अधिक ही रहता है। इसके बावजूद, बिचौलियों और राइस मिलर्स के भ्रष्ट कार्टेल किसानों से बासमती धान की खरीद मात्र 1500- 3500 रुपये (औसत 2,700 रुपये) प्रति क्विंटल दाम पर करके किसानों का खुला शोषण करते हैं। जबकि वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार एक क्विंटल बासमती धान से लगभग 67 किलो चावल मिलता है, यानी बासमती चावल के विपणन का 60 प्रतिशत से अधिक लाभ बिचौलियों, राइस मिलर्स और व्यापारी हड़प जाते हैं। जबकि बासमती धान की खेती करने वाले किसान को 35 हजार रुपये प्रति एकड़ से अधिक भारी-भरकम लागत लगाने और खरीफ मानसून वर्षा सीजन की प्राकृतिक आपदा से जूझने के बावजूद नाममात्र लाभ और बहुत बार ऋणात्मक लाभ ही मिलता है। केंद्रीय कृषि मूल्य एवं लागत आयोग के अनुसार, वर्ष 2025 में धान खेती की व्यापक लागत 2090 रुपये प्रति क्विंटल है। इसलिए 2,100 रुपये प्रति क्विंटल में बिकने वाली बासमती किसानों के लिए घाटे का सौदा है।

किसानों, बिचौलियों और राइस मिलर्स के लालच से बासमती चावल की गुणवत्ता पर गहरा संकट बना हुआ है। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से बासमती धान की खेती निर्धारित भौगोलिक संकेत (जीआइ) क्षेत्र से बाहर के राज्यों में भी बड़े स्तर होने लगी है। उत्तर प्रदेश में ग्रीष्मकालीन बासमती धान पर प्रतिबंध नहीं होने और आलू उत्पादक किसानों द्वारा अगेती बासमती फसल लगाने से पूसा बासमती-1509 जैसी कम अवधि वाली किस्में अगस्त में ही मंडियों में बिक्री के लिए आ जाती हैं। इस फसल को अवैध लाभ बढ़ाने के लिए राइस मिलर्स औने-पौने दाम पर खरीदकर बासमती चावल में मिलावट करके इसकी गुणवत्ता को कम कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, बिचौलियों और राइस मिलर्स मंडियों में भ्रष्ट कार्टेल बनाकर बासमती धान के खरीद दाम में भारी हेराफेरी करके वर्षों से किसानों को खुला शोषण करते रहे हैं। इसीलिए बासमती धान खेती की आर्थिक व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए सरकार को सामान्य धान के मुकाबले डेढ़ गुणा अधिक एमएसपी दाम घोषित करके, बासमती धान को एमएसपी विपणन प्रणाली में लाना चाहिए, जिससे किसानों की बिचौलियों और राइस मिलर्स द्वारा वर्षों से की जा रही खुली लूट पर रोक लगाने और बासमती के दाम में अनिश्चितता को खत्म किया जा सकेगा। इससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा और बासमती चावल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी।

खरी-खरी

## सबक सीखते नहीं सिखाते हैं

विनय कुमार पाठक

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पहले हुए नीट पेपर लीक से सबक नहीं सीखा। दरअसल परीक्षा एजेंसियां सबक सीखने नहीं, सबक सिखाने में विश्वास रखती हैं। यदि उनके द्वारा सिखाए गए सबक को संबंधित लोग समझ पाते तो आज इतना हंगामा ही नहीं होता। सबसे पहले विद्यार्थियों के लिए सबक प्रस्तुत है : अरे भाई! लाखों खर्च करके पेपर पाते हो तो इस बात को गोपनीय रखो न? गोपनीय नहीं रखने का अंजाम देख लिया न? परीक्षा रद और फिर से परीक्षा। अब दोबारा जो परीक्षा होगी, उसमें पेपर लीक होने की आर्द्रता का लाभ कोई जरूरी नहीं कि तुम्हें मिल पाए। ऐसा भी नहीं है कि किसी को नहीं मिल पाएगा, पर तुम्हें मिल पाएगा या नहीं, यह कहना कठिन है, क्योंकि जिस रहनुमा से तुम्हें पेपर मिला है, हो सकता है वह अस्थायी रूप से सरकारी मेहमाननवाजी का लुत्फ उठा रहा हो।

वैसे भी जमानत अपवाद नहीं है, किसी भी मामले में। आखिर जांच सांच करने का नाटक तो खेलना जरूरी हो जाता है न? अतः सबक नंबर एक कि जो पेपर मिला है उसके उत्तर का रट्टा लगा लो और भूल जाओ कि पेपर मिला भी है। चुपचाप रटे हुए उत्तर को परीक्षा में लिखो और बगुला भगत की तरह बने रहो।

सबक नंबर दो ज्यादा लालच मत करो। यह क्या कि लीक हुआ पेपर मिला और उसकी फोटो कापी करवाकर बेचने निकल गए। लालच का नतीजा क्या होता है पंचतंत्र की कहानियों में पढ़ने के बाद भी नहीं समझते तो फिर कोई क्या करे? यह ठीक है कि तुमने व्यवसायिक बुद्धि लगाया कि जब पेपर खरीदने में रकम खर्च किया तो बेचकर मुनाफा क्यों न कम लें या हानि को कम क्यों न कर लें। पर नतीजा देख लिया न?

लीक करने वालों के लिए सबक : किसके लिए पेपर लीक कर रहे हो यह ध्यान में रखो। वह व्यक्ति उच्च चरित्र का होना चाहिए। चोरी बेईमानी में उच्च चरित्र वाले खुद भी सुरक्षित रहते हैं और औरों को भी सुरक्षित रखते हैं। ऐसा न हो कि ऐरे गैरे नत्थु खैरे को पेपर दे दो। वह तो डूबेगा ही, तुम्हें भी ले डूबेगा।

पोस्ट

कांग्रेस के कई नेताओं को डीके शिवकुमार के धैर्य से कुछ सीखना चाहिए कि एक समय सीएम नहीं बनाए जाने के बावजूद पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण दिखाने में उन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी।
दिनेश डांगी@dineshdangi84

कर्नाटक और हिमाचल में कांग्रेस की सरकारें वापस नहीं आ रही हैं। आखिरी वक्त में मुख्यमंत्री बदलने से कोई फायदा नहीं होगा। उलटे पंजाब की तरह भद पिटेगी, जहां कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह मुख्यमंत्री बनाए गए चरणजीत सिंह चन्नी दोनों सीटों पर विधानसभा चुनाव हार गए।
संजय निरुपम@sanjaynirupam

केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाकर संगठन में भेजना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा के सांगठनिक ढांचे और केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जल्द ही परिवर्तन देखने को मिलेंगे। निस्तुला हेब्बार@nistula



वैभव सूर्यवंशी इस आइपीएल के सितारे बनकर उभरे हैं। याद नहीं आता कि इससे पहले किसी आइपीएल सत्र के दौरान किसी ने इस तरह ध्यान खींचा हो।
आकाश चोपड़ा@cricketaakash

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**एसआइआर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला विपक्षी दलों के लिए झटका है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

**क्या डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने से कर्नाटक में कांग्रेस को लाभ मिलेगा?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

लगा तमाचा जोर का बहुत मचाया शोर,
बता दिया है कोर्ट ने अब तो असली चोर।
अब तो असली चोर-चोर मौसेरे भाई,
पकड़ गया सब झूठ युक्ति यह काम न आई।
जीत गया आयोग रहा जो हरदम सांचा,
'वोट चोर' के गाल जोर का लगा तमाचा!
-ओम प्रकाश तिवारी

झारखंड डायरी

# राज्यसभा चुनाव को लेकर बनते समीकरण



शशि शेखर
संपादकीय प्रभारी, रांची

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 18 जून को होने वाले चुनाव में भाजपा ने भी मैदान में उतरने का निर्णय ले लिया है। भाजपा के इस निर्णय को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है। इस चुनाव में भाजपा के पास संख्या बल की कमी है। जीत के लिए 28 मतों की दरकार है, जबकि राजग के पास 24 ही मत हैं। 81 सदस्यों वाली झारखंड विधानसभा में राजग खेमे में 24 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 21 तथा सहयोगी दल आजसू, जदयू और लोजपा के एक-एक विधायक शामिल हैं। जीत के लिए भाजपा को चार और मतों की जरूरत है। भाजपा से कौन चुनाव लड़ेगा, इस पर अभी पार्टी के भीतर मंथन चल रहा है। केंद्रीय नेतृत्व शीघ्र ही नाम तय करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मेयर आशा लकड़ा और कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव की बेटी निशा उरांव और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री अमर बाउरी के नामों की चर्चा हो रही है। झारखंड से अभी राज्यसभा के तीन सदस्य भाजपा से हैं। इनमें अगले महीने दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। भाजपा चाहती है कि यह सीट उसी के पाले में रहे। भले ही गणित साथ नहीं दे रहा, लेकिन राजनीति में कभी भी किसी की बाजी पलट सकती है।

उधर, विधायकों की संख्या कम होने के बाद भी उम्मीदवार उतारे जाने की भाजपा की घोषणा से झारखंड के सत्ताधारी दल झामुमो और कांग्रेस में हलचल है। सत्तारूढ़ दल के पास पर्याप्त आंकड़े हैं। इस खेमे में झामुमो के 34, कांग्रेस 16, राजद के चार व भाकपा माले के दो विधायक हैं। नई नवेली पार्टी जेएलकेएम के पास एक सीट है। वह अभी किसी के साथ नहीं है। इसके बावजूद झामुमो व उसके सहयोगी दल के पास 56 विधायक हैं।



झारखंड के विधायक अगले माह राज्यसभा के दो सदस्यों को चुन सकते हैं। फाइल

झामुमो के नेता मतों की सेंधमारी को लेकर आशंका जता रहे हैं। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि गठबंधन के पास दोनों सीटें जीतने के लिए पर्याप्त विधायक हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के पास मात्र 24 विधायक हैं और 24 विधायक के भरोसे वह चुनाव जीत नहीं सकती। फिर भी वह चुनाव लड़ना चाहती है, इसके विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंका है। विनोद पांडेय ने आयोग से पूरी चुनाव प्रक्रिया के लिए विशेष निगरानी की मांग की है। यही नहीं, पार्टी ने सीबीआई, ईडी, राज्य खुफिया निदेशालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग सहित अन्य एजेंसियों से भी इस मामले में सतर्क रहने का आग्रह किया है।

झारखंड में राज्यसभा चुनाव के दौरान पूर्व में कई बार हार्स ट्रेडिंग के आरोप लग चुके हैं। ऐसे कई मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। विधायक पाला बदल कर या 'अंतरात्मा का आवाज' सुनकर अपने दल व खेमे के बजाय किसी अन्य पक्ष के उम्मीदवार को अपना मत दे चुके हैं। इस चुनाव में भी भाजपा दावा कर रही है कि 'आत्मा का आवाज' पर कुछ विधायक हमें वोट दे सकते हैं।

उधर सत्ताधारी झामुमो की सहयोगी कांग्रेस भी मैदान में उतरने की घोषणा कर चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कांग्रेस को एक सीट देंगे या दोनों सीटों पर अपना दावा पेश करेंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। दोनों में से अभी तक किसी दल ने उम्मीदवारों के नाम को लेकर भी पत्ते नहीं खोले हैं। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि पद्मभूषण शिबू सोरेन के निधन से खाली हुई सीट पर सोरेन परिवार से ही कोई उम्मीदवार हो सकता है। कयास यह भी है कि हेमंत सोरेन की विधायक पत्नी कल्पना सोरेन बड़ी सदन में जा सकती हैं। वहीं दूसरी सीट कांग्रेस को देने पर सहमति बन सकती है। कांग्रेस खेमे से भी आधा दर्जन से अधिक उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं।

राज्यसभा चुनाव को लेकर एक खबर यह भी आ रही है कि झारखंड से एक बार फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज के उद्योगपति परिमल नथवानी उम्मीदवार हो सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें भाजपा के साथ ही कांग्रेस और झामुमो के भी कई विधायकों का समर्थन प्राप्त है। यदि वे मैदान में आते हैं तो चुनाव और भी दिलचस्प हो जाएगा। नथवानी झारखंड से दो बार राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। सभी दलों से उनके अच्छे संबंध हैं। यदि वह मैदान में आते हैं तो बहुत संभव है कि निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाजपा उन्हें समर्थन दे दे। अब देखना दिलचस्प होगा कि दोनों सत्ता पक्ष और विपक्ष का अगला दांव क्या होगा।

मंथन



डा. कुशाग्र राजेंद्र
प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान, एमिटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम

# नौतपा से जुड़ी लोक परंपरा

**नौतपा के दौरान उत्तर और मध्य भारत में सूर्य की किरणें 90 डिग्री के लंबवत कोण पर पड़ती हैं, जिससे ऊर्जा का बिखराव कम होने से तापमान 45-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है**



भीषण गर्मी के बाद ही आसमान से गिरती हैं राहत की बूंदें। फाइल

जेठ मास जो तपे निरासा, तब जानों बरखा की आसा- आम जन के बीच में सदियों से गूंजती यह कहावत महज कोई अंधविश्वास या लोक-विश्वास नहीं है। यह हमारे पूर्वजों के पीढ़ियों से संचित उस गहरे मौसम विज्ञान के अनुभव का निचोड़ है, जिसे आज के आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसा जा सकता है। हर साल मई के आखिरी सप्ताह में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब भीषण गर्मी का एक नौ दिवसीय चक्र शुरू होता है, जिसे हम 'नौतपा' कहते हैं। लोक-मानस में यह धारणा अडिग है कि इन नौ दिनों में धरती जितनी ज्यादा भट्टी की तरह तपेगी, आने वाला मानसून उतना ही झमाझम बरसेगा।

अक्सर आधुनिक बौद्धिक विमर्श में परंपराओं को 'छद्म-विज्ञान' कहकर खारिज कर दिया जाता है, लेकिन नौतपा के मामले में ऐसी जल्दबाजी इसके साथ अन्याय होगी। वास्तव में, नौतपा 'एथ्नो-मीटियोरोलाजी' यानी 'लोक मौसम विज्ञान' का एक जीवंत उदाहरण है, जो खगोल विज्ञान, वायुमंडलीय भौतिकी और कृषि-पारिस्थितिकी का एक अद्भुत मेल है। भारतीय उपमहाद्वीप में ऋतुओं के चक्र को समझने के लिए खगोलीय पिंडों की स्थिति का उपयोग एक 'ज्यामितीय कैलेंडर' के रूप में किया जाता रहा है। नौतपा तब शुरू होता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र (वृषभ राशि का एक तारा समूह) में प्रवेश करता है। वैज्ञानिक रूप से देखें तो रोहिणी नक्षत्र के तारे (जैसे एल्डबरन) हमसे लगभग 65 प्रकाश-वर्ष दूर हैं, इसलिए उनका पृथ्वी के तापमान पर कोई सीधा भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। लेकिन, हमारे पूर्वजों ने 'रोहिणी' नाम का उपयोग साल के उस विशिष्ट समय की पहचान के लिए किया, जब पृथ्वी सूर्य के सबसे निकटतम तापीय प्रभाव क्षेत्र में होती है। यह एक ऐसी 'खगोलीय घड़ी' है जो बिना किसी थर्मामीटर के हमें बताती है कि अब सौर विकिरण अपने चरम स्तर पर पहुंचने वाला है।

वायुमंडलीय भौतिकी के अनुसार, जब मैदानी इलाके अत्यधिक गर्म होते हैं, तो वहां की हवा हल्की होकर तेजी से ऊपर उठती है। इससे जमीन के पास हवा का एक खालीपन या 'तापीय निम्न-दाब क्षेत्र' विकसित होता है। यह क्षेत्र एक विशाल 'वैक्यूम क्लीनर' की तरह काम करता है, जो हिंद महासागर की ठंडी और नमी से भरी मानसूनी हवाओं को अपनी ओर खींचता है। सीधे शब्दों में कहें तो, नौतपा के दौरान मैदान जितने ज्यादा तपेंगे, हवा का खिंचाव उतना ही मजबूत होगा और मानसून उतना ही सुदृढ़ होगा।

एक बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि सूर्य 21 जून को कर्क रेखा के ठीक ऊपर होता है, तो नौतपा मई के अंत में ही क्यों आता है? इसका उत्तर वायु में पाई जाने वाली आर्द्रता या भाप में छिपा है। मई का अंत उत्तर भारत के वायुमंडल का सबसे सूखा दौर होता है। शुष्क हवा, नम हवा के मुकाबले तेजी से गर्म होकर ऊपर उठती है और सबसे प्रभावी निम्न-दाब बनाती है। जून तक आते-आते प्री-मानसून बारिश हवा में उमस बढ़ा देती है, जिससे वह 'तापीय खिंचाव' पैदा नहीं हो पाता जो मई के अंत में मिलता है। इसी समय हिमालय के ऊपर बहने वाली 'सबट्रापिकल जेट स्ट्रीम' (तेज हवाओं की नदी) उत्तर की ओर खिसकती है, जिससे मैदानों की गर्म हवा को ऊपर उठाने के लिए 'आसमानी ढक्कन' खुल जाता है और मानसून सक्रिय हो जाता है।

नौतपा का संबंध केवल बारिश की भविष्यवाणी से नहीं, बल्कि खेती की व्यावहारिक तैयारी से भी है। इस दौरान किसान अपने खेतों की गहरी जुताई करके उन्हें खाली छोड़ देते हैं। आधुनिक कृषि विज्ञान इसे 'थर्मल साइल सोलराइजेशन' कहता है। तेज धूप और 50 डिग्री तक की तपन मिट्टी के भीतर छिपे हानिकारक कवक, बैक्टीरिया और कीटों के अंडों को प्राकृतिक रूप से नष्ट कर देती है। यह बिना किसी महंगे और जहरीले रासायनिक कीटनाशक के पूरी जमीन को 'स्टरलाइज' करने का प्राकृतिक तरीका है। गहरी जुताई से मिट्टी के कण बिखर जाते हैं, जिससे उसकी आक्सीजन सोखने की क्षमता बढ़ती है और वह मानसून की पहली बारिश को गहराई तक सोख पाती है।

नौतपा जैसी संकल्पनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि भारत का पारंपरिक ज्ञान कोई कपोल-कल्पित कहानी नहीं है। पश्चिम ने जहां पिछले कुछ सौ वर्षों में प्रयोगशालाओं में सिद्धांत गढ़े, वहीं हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्षों तक खुली धरती और आसमान को अपनी प्रयोगशाला बनाकर अनुभव का यह ज्ञान संचित किया। लोक-जीवन का यह विश्वास कि "तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय," वास्तव में गूढ़ वायुमंडल के विज्ञान का सरल और सहज रूप है। एक प्रगतिशील समाज वही है जो अपनी जड़ों के अनुभवजन्य सत्य को आधुनिक विज्ञान की रोशनी में परखे और उसे आगे बढ़ाए। नौतपा हमें सिखाता है कि प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव ही वह कुंजी है, जिससे हम भविष्य की जलवायु चुनौतियों को समझ सकते हैं।

### चालू वित्त वर्ष में पांच हजार करोड़ लाभ की उम्मीद : कल्याण

**नई दिल्ली:** सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ कल्याण कुमार ने उम्मीद जताई है कि बैंक चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान पांच हजार करोड़ रुपये का सालाना लाभ पाने के लिए अच्छी स्थिति में है। कल्याण कुमार ने कहा कि इस साल से हम नई टैक्स व्यवस्था में जा रहे हैं। इससे हमारे सालाना लाभ में 600-700 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। इससे हमें शुद्ध लाभ में सुधार लाने में मदद मिलेगी। बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक का शुद्ध लाभ 4,369 करोड़ रुपये रहा है। (प्रेट्र)

भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इनोवेशन में, खासकर दुनिया भर में प्रासंगिक बहुभाषी और मल्टीमाडल एआइ समाधानों के क्षेत्र में एक वैश्विक दिग्गज बनने की अच्छी स्थिति में है।
– शशिकुमार श्रीधरन, प्रबंध निदेशक, गूगल क्लाउड इंडिया



## एक नजर में

### 2.50 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देगी अशोक लेलैंड

**नई दिल्ली:** वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लेलैंड के बोर्ड ने बीते वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने शेयरधारकों को 2.50 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) 2026 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 1,381.32 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 1,245.92 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 3,720.98 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 3,382.79 करोड़ रुपये से ज्यादा है। (प्रेट्र)

### 2026 में 170 अरब डालर हो सकता है ऊर्जा निवेश

**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि कैलेंडर वर्ष 2026 के दौरान भारत का ऊर्जा निवेश रिकार्ड 170 अरब डालर तक पहुंच सकता है। इसमें सौर ऊर्जा और तेल रिफाइनिंग क्षेत्र में हो रहे तीव्र विस्तार का प्रमुख योगदान रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। (प्रेट्र)

### जनवरी-मार्च में 24% तक बढ़ी घरों की औसत कीमत

**नई दिल्ली:** रियल एस्टेट कंसल्टेंट प्राप्टाइगर ने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमत में 3-24 प्रतिशत तक की वृद्धि रही है। इस दौरान बेंगलुरु में सबसे अधिक 24 प्रतिशत की वृद्धि रही है। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में 20 प्रतिशत, एनसीआर में 18 प्रतिशत, पुणे व हैदराबाद में क्रमशः 12 व 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अहमदाबाद, कोलकाता और चेन्नई में घरों का औसत मूल्य क्रमशः 8, 7 और तीन प्रतिशत बढ़ा है। (प्रेट्र)

# विकास का नया इंजन बना सेवा क्षेत्र का निर्यात

## बीते दस साल में देश का कुल सेवा निर्यात 158 अरब डालर से बढ़कर 421 अरब डालर पर पहुंचा

राजीव कुमार ● जागरण

**नई दिल्ली:** सर्विस सेक्टर निर्यात में पिछले 11 सालों में दोगुना से भी अधिक की बढ़ोतरी हुई है। सर्विस सेक्टर निर्यात की बढ़ोतरी दर वस्तु निर्यात के मुकाबले लगातार अधिक चल रही है। यही वजह है कि धीरे-धीरे सर्विस निर्यात और वस्तु निर्यात का अंतर कम होता जा रहा है। अगले दो-तीन साल में सर्विस निर्यात का आंकड़ा वस्तु निर्यात को भी पार सकता है।

गत वित्त वर्ष 2025-26 में पहली बार सर्विस निर्यात 400 अरब डालर के आंकड़े को पार करते हुए 421.3 अरब डालर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2014-15 में सर्विस निर्यात सिर्फ 158 अरब डालर का था। इस अवधि में देश के कुल निर्यात में सर्विस सेक्टर निर्यात की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत थी जो अब 50 प्रतिशत के पास पहुंचती दिख रही है। सर्विस सेक्टर निर्यात की बढ़ोतरी दर को देखते हुए ही सरकार ने वर्ष 2047 तक वैश्विक स्तर पर होने वाले सर्विस निर्यात में भारत की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है जो वर्तमान में 4.3 प्रतिशत है। सर्विस निर्यात बढ़ने से देश के जीडीपी में भी सर्विस सेक्टर का योगदान बढ़ेगा। भारत के जीडीपी में सर्विस सेक्टर का योगदान 53.6 प्रतिशत है जबकि अमेरिका में सर्विस सेक्टर का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक तो चीन में 60 प्रतिशत से अधिक का है। सर्विस सेक्टर के निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकार की तरफ से केयर (देखभाल) सेक्टर में लोगों को तैयार करने के साथ आयुष, आयुर्वेद, मेडिकल टूरिज्म जैसे सेक्टर को नए तरीके से बढ़ावा देने की तैयारी की जा रही है। क्लाउड सर्विस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), डिजिटल सेवा, साइबर सुरक्षा जैसे नए सेक्टर में भी सर्विस निर्यात के लिए इको सिस्टम तैयार किया जा रहा है। अभी सेवा निर्यात में सबसे बड़ी हिस्सेदारी आइटी की है। इसके बाद वित्तीय और सलाह सेवा क्षेत्र का स्थान है।

**पिछले सात सालों में सेवा निर्यात**

| वित्त वर्ष | निर्यात (अरब डालर में) |
|---|---|
| 2025-26 | 421.3 |
| 2024-25 | 387.6 |
| 2023-24 | 341.1 |
| 2022-23 | 325.3 |
| 2021-22 | 254.5 |
| 2020-21 | 206.1 |
| 2019-20 | 213.2 |

- भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का 53.6 प्रतिशत योगदान
- 2047 तक वैश्विक सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 10% करने का लक्ष्य




### नए एफटीए से सेवा निर्यात को और मिलेगा बूस्ट

विदेश व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि विकसित देशों के साथ होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भी भारत को सर्विस सेक्टर के निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत-ब्रिटेन के बीच हो चुके एफटीए में सर्विस सेक्टर के 137 सब-सेक्टर को शामिल किया गया है। जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते से इन सभी सेक्टर में भारत से निर्यात का मौका मिलेगा। वैसे ही न्यूजीलैंड के साथ भी इस साल ही व्यापार समझौता लागू हो जाएगा। न्यूजीलैंड के साथ समझौते में 118 प्रकार के सर्विस सेक्टर को शामिल किया गया है। ओमान के साथ व्यापार समझौता अगले महीने से लागू हो सकता है जहां 127 सर्विस सेक्टर का दरवाजा भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए खुल जाएगा। अगले साल के आरंभ तक यूरोपीय यूनियन के साथ भारत का व्यापार समझौता अमल में आ जाएगा जिससे सर्विस से जुड़े 144 सेक्टर में निर्यात का मौका मिलेगा।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# ईंधन की बढ़ती कीमतों से वाहन की बिक्री हो सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एमडी और सीईओ शैलेश चंद्र ने कहा है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों का वाहनों की बिक्री पर असर पड़ सकता है। हालांकि, वित्त वर्ष 2027 के लिए यात्री वाहनों की बिक्री में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के अनुमान को बदलना अभी जल्दबाजी होगी।

उन्होंने नेक्स्ट जेन टिआगो के लांच पर बातचीत करते हुए कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतें आटो उद्योग के लिए एक बड़ी चिंता का विषय हैं और पिछले 10 दिनों में कीमतें चार बार बढ़ी हैं, जिससे मांग पर पड़ने वाले अंतिम असर का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि ईंधन कीमतों में वृद्धि कहां जाकर रुकेगी, यह कहना मुश्किल है। यह पहला ऐसा पहलू है जो उद्योग पर असर डाल सकता है और उसके लिए एक रुकावट बन सकता है। इसका असर अलग-अलग सेगमेंट में अलग-अलग हो सकता है और कुछ क्षेत्रों में यह असर ज्यादा साफ तौर पर दिखाई दे सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि डीजल की बढ़ती कीमतों का महंगाई पर कई गुना असर होगा और इससे ग्राहकों के खर्च करने के तरीकों में बदलाव आ सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग से जुड़े एक और सवाल का जवाब देते हुए चंद्रा ने कहा कि इसमें जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और पिछले कुछ महीनों में इसकी बुकिंग में काफी वृद्धि हुई है।


शैलेश चंद्र ● फाइल फोटो

टाटा मोटर्स के एमडी शैलेश चंद्र ने कहा- वाहनों की मांग पर पड़ने वाले अंतिम असर का अंदाजा लगाना मुश्किल

# अगले एक वर्ष में धीमा रहेगा वैश्विक आर्थिक विकास : सर्वे

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** दुनियाभर के मुख्य अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि अगले एक साल में वैश्विक आर्थिक विकास धीमा होगा, लेकिन भारत एक ऐसे क्षेत्र के तौर पर सबसे अलग है जहां विकास की उम्मीदें सबसे ज्यादा हैं। वर्ल्ड इकोनमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने गुरुवार को एक सर्वे में यह बात कही।

डब्ल्यूईएफ ने कहा कि सर्वे में शामिल लगभग दस में से नौ मुख्य अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले साल में वैश्विक विकास धीमा होगा। हालांकि, सिर्फ 13 प्रतिशत लोगों को लगता है कि वैश्विक मंदी आ सकती है। सर्वे के मुताबिक, 94 प्रतिशत लोगों को उम्मीद है कि स्ट्रेट आफ होर्मुज बंद होने से वैश्विक महंगाई बढ़ेगी, जिससे ऊर्जा और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ेंगी और सप्लाई चेन में रुकावट आएगी। मुख्य अर्थशास्त्रियों ने स्ट्रेट आफ होर्मुज के मौजूदा समय तक बंद रहने की स्थिति को पिछले साल की टैरिफ (शुल्क) से जुड़ी उथल-पुथल के मुकाबले कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला बताया है।

डब्ल्यूईएफ के मुख्य अर्थशास्त्रियों के सर्वे में भारत और अमेरिका के अपेक्षाकृत मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई

सर्वे में कहा गया है कि इस संकट का सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्रों पर पड़ने की उम्मीद है। इसके विपरीत भारत और अमेरिका के घरेलू मांग और निवेश के सहारे अपेक्षाकृत मजबूत बने रहने की उम्मीद है। भारत के बारे में, सर्वे में कहा गया है कि देश की विकास संभावनाएं लगातार सबसे अच्छी और बेहतर बनी हुई हैं।

# भारत और दक्षिण कोरिया व्यापार घाटा कम करने पर सहमत

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारत और दक्षिण कोरिया दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार घाटे को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के समग्र ढांचे के भीतर हल करने पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों ने डिजिटल व्यापार, सप्लाई चेन और रणनीतिक औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करने के लिए उप-समूह बनाने का भी फैसला किया।

यह मुद्दा मौजूदा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को आगे बढ़ाने को लेकर चल रही 12वें दौर की बैठक में उठा। दोनों देशों के बीच जनवरी 2010 में सीईपीए लागू हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत के द्विपक्षीय व्यापार घाटे को स्वीकार किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा 15.35 अरब डालर रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 15.2 अरब डालर था।

# मुकेश अंबानी ने लगातार छठे साल नहीं लिया वेतन

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** एशिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी ने अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से लगातार छठे साल कोई वेतन नहीं लिया। कंपनियों से मिलने वाला लाभांश ही उनकी कमाई का मुख्य जरिया रहा।

69 साल के अंबानी ने वित्त वर्ष 2008-09 से लेकर 2019-20 तक अपना सालाना वेतन 15 करोड़ रुपये पर सीमित कर दिया था। वित्त वर्ष 2021 से उन्होंने कोरोना महामारी के चलते तब तक किसी तरह का वेतन नहीं लेने का फैसला किया था जब तक कि सभी बिजनेस पूरी तरह से अपनी कमाई की क्षमता पर वापस नहीं आ जाते। 1977 से मुकेश अंबानी रिलायंस के बोर्ड में हैं और जुलाई, 2002 में अपने पिता और समूह के मुखिया धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद कंपनी के चेयरमैन बने थे। उन्हें 2023 में रिलायंस प्रमुख के तौर पर अप्रैल 2029 तक के लिए फिर से नियुक्त किया गया था।

मुकेश अंबानी के पास रिलायंस के 1.61 करोड़ शेयर हैं। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी द्वारा घोषित छह रुपये प्रति शेयर के लाभांश के आधार पर 9.66 करोड़ रुपये की आय हुई। प्रमोटर ग्रुप की कंपनियों के उनके पास 664.5 करोड़ शेयर हैं। इससे उन्हें 3,987 करोड़ रुपये की आय होती है। अंबानी के तीनों बच्चे ईशा, आकाश और अनंत को अक्टूबर, 2023 में बिना किसी वेतन के बोर्ड में जगह दी गई थी। उन्हें सिर्फ बोर्ड मीटिंग में शामिल होने और मुनाफे पर कमीशन मिलता है। जुड़वा भाई-बहन आकाश और ईशा को बोर्ड मीटिंग में सिटिंग फीस के तौर पर पांच लाख रुपये और 2.5 करोड़ रुपये का कमीशन मिला। अंबानी के बच्चों में सबसे छोटे अनंत को पिछले साल रिलायंस के बोर्ड में कार्यकारी निदेशक बनाया गया था। वित्त वर्ष 2025-26 में उन्हें 12.17 करोड़ रुपये का वेतन मिला।

### 19 जून को रिलायंस इंडस्ट्रीज की एजीएम

रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) 19 जून को वीडियो कांफ्रेंसिंग और अन्य आडियो-विजुअल माध्यमों से होगी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लाभांश पाने के हकदार शेयरधारकों के लिए पांच जून की रिकार्ड डेट तय की है। अगर एजीएम में लाभांश का एलान होता है तो बैठक की तारीख से सात दिनों के अंदर उसका भुगतान कर दिया जाएगा।

- कंपनियों से मिलने वाला लाभांश ही एशिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी की कमाई का मुख्य जरिया
- 2008-09 से लेकर 2019-20 तक अपना सालाना वेतन 15 करोड़ रुपये पर कर दिया था सीमित


मुकेश अंबानी ● फाइल फोटो

### उच्च-दक्षता वाले सौर माड्यूल का उत्पादन शुरू

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जामनगर में स्थित 'धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कांप्लेक्स से उच्च-दक्षता वाले सौर माड्यूल का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह कांप्लेक्स एक इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इसमें सोलर माड्यूल्स, बैटरियां, ग्रीन हाइड्रोजन और बायो-एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

## राष्ट्रीय फलक

# 800 करोड़ रुपये की ठगी में ईडी ने शुरू की जांच, मनी लांड्रिंग का शक

जागरण संवाददाता, बरेली

800 करोड़ की ठगी कर फरार हुए कन्हैया गुलाटी व उससे जुड़े लोगों के विरुद्ध ईडी ने जांच शुरू कर दी। ईडी को शक है कि कन्हैया गुलाटी के कैनविज ग्रुप की आड़ में काले धन को सफेद किया गया। इसी आधार पर आंचलिक कार्यालय (लखनऊ) के सहायक निदेशक ओंकार नाथ कश्यप ने 12 लोगों को नोटिस जारी किया है। बैंक खातों के लेनदेन, मोबाइल फोन डिटेल का ब्योरा जांचा जाएगा।

कन्हैया गुलाटी ने ठगी की शुरुआत वर्ष 2007 में की थी। उसने कैनविज नेटवर्क-मार्केटिंग कंपनी बनाकर निवेशकों को झांसा दिया कि तीन-चार वर्ष में धन दोगुना हो जाएगा। मूलधन पर प्रतिमाह ब्याज के तौर पर किस्तें भी मिलेंगी। बड़ी संख्या में लोगों के रुपये जमा कराने के बाद उसने दूसरा पैंतरा चला कि रुपये जमा करें, जो कैनविज कालोनियों में लगाया जाएगा। इसके बाद किसी को धन दो-तीन गुना करने तो किसी को कालोनी में प्लाट देने का झांसा दिया। कुछ समय तक उसने निवेशकों के धन का कुछ हिस्सा लाभांश के तौर पर दिया। इसके बाद जुलाई 2025 से कंपनी बंद कर दी। इस बीच वह शहर की संपत्तियां बेचकर भाग गया। उसके विरुद्ध बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, झारखंड और बिहार में 64 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने यह प्रकरण आर्थिक अपराध शाखा को सौंपने के लिए पत्राचार किया मगर, अभी जवाब नहीं आया है। इस बीच ईडी ने जांच शुरू कर दी। 13 मई को आंचलिक कार्यालय से उन 12 लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कैनविज ग्रुप से जुड़े थे। नोटिस में जवाब देने के लिए आंचलिक कार्यालय बुलाया गया। इन लोगों को अपने बैंकों के लेनदेन का ब्योरा, मोबाइल फोन-लैपटाप लेकर पहुंचना है।

- बरेली में कैनविज ग्रुप बनाकर कन्हैया गुलाटी ने करोड़ों हड़पे
- ईडी के सहायक निदेशक ने एक दर्जन लोगों को भेजा नोटिस

### कन्हैया गुलाटी को तलाशना चवना चुनौती

कैनविज ग्रुप के मालिक कन्हैया गुलाटी के विरुद्ध पहला मुकदमा वर्ष 2016 में दर्ज हुआ था। उसके बाद भी वह अपनी कंपनियों के नाम पर निवेशकों से रुपये जमा कराता रहा। उस पर दूसरा मुकदमा वर्ष 2017 में दर्ज कराया गया। पिछले साल उसके फरार होने के बाद मुकदमे दर्ज कराने में तेजी आई। वह अपना मकान-स्कूल बेच चुका है। मुकदमों में कन्हैया के साथ उसके स्वजन भी नामजद हैं, लेकिन सभी फरार हैं।

# रेलवे अंडरपास के निर्माण में धंसी मिट्टी, दो इंजीनियरों की मौत

**जासं, जयपुर:** राजस्थान के कोटा-झालावाड़ मार्ग पर दरा में रेलवे अंडरपास निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से दो रेलवे इंजीनियरों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे आपदा प्रबंधन दल के सदस्यों ने मिट्टी हटाकर दोनों इंजीनियरों को बाहर निकाला। तब तक एक की मौत हो चुकी थी और दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई।

अंडरपास निर्माण का काम लार्सन एंड टर्बो कंपनी कर रही है। कनवास के एसडीएम बाबूलाल मीणा ने बताया कि दरा घाटी के पास रेलवे अंडरपास का काम चल रहा है। मजदूरों के जाने के बाद इंजीनियर पवन कुमार झा और प्रभात सिंह निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान मिट्टी धंसने से दोनों इंजीनियर दब गए। इनमें प्रभात की मौके पर ही मौत हो गई व पंकज ने कोटा मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज में रैगिंग, 18 वरिष्ठ छात्र निलंबित

जागरण संवाददाता, गोरखपुर

बीआरडी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ हुई रैगिंग मामले में 18 वरिष्ठ छात्रों को दोषी पाया गया है। एंटी रैगिंग कमेटी की जांच के आधार पर सभी आरोपित छात्रों को एक महीने के लिए हास्टल और कक्षाओं से निलंबित करते हुए प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सभी छात्रों के अभिभावकों को तलब किया गया है।

बताया जा रहा है कि मेडिकल कालेज के एक छात्र ने नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) और यूजीसी को ईमेल कर रैगिंग की शिकायत की थी। उसने आरोप लगाया था कि कालेज के राजेंद्र हास्टल में लगातार रैगिंग हो रही है। इसी हास्टल में प्रथम वर्ष के छात्र रहते हैं। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने भी कुछ साक्ष्यों के साथ दोनों संस्थाओं को शिकायत भेजी। इस पर एनएमसी ने मेडिकल कालेज प्रशासन को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। मंगलवार को एंटी रैगिंग कमेटी की पहली बैठक हुई थी, लेकिन उसमें कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। बुधवार को एनएमसी की ओर से फिर ईमेल आने के बाद प्राचार्य की अध्यक्षता में आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ-साथ आरोपित छात्रों को भी तलब किया गया। सभी से पूछताछ की गई और उनके बयान दर्ज किए गए। कमेटी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई का फैसला किया। पता चला है कि कार्रवाई की जद में आए सर्वाधिक छात्र 2024 बैच के हैं। 2023 और 2022 बैच के छात्रों पर भी रैगिंग का आरोप सिद्ध हुआ है। दो रेजिडेंट छात्राओं को चेतावनी नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया है। एमबीबीएस 2025 बैच के प्रथम वर्ष के पांच छात्रों पर कार्रवाई की तैयारी है।

- दोषी मिले छात्रों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया, अभिभावक तलब
- दो रेजीडेंट छात्राओं को नोटिस, प्रथम वर्ष के पांच छात्रों पर कार्रवाई की तैयारी

# जोड़े जाएंगे और मजेदार फीचर

प्रथम पृष्ठ से आगे

यूजर्स को एनिमेटेड "सुपर हार्ट" रिएक्शन, बायो के लिए खास फांट, कस्टम एप आइकन और प्रोफाइल पिनिंग जैसे विकल्प मिलेंगे। वहीं, वाट्सएप प्लस का फोकस चैटिंग अनुभव को ज्यादा निजी और आकर्षक बनाने पर रहेगा।

सब्सक्राइबर यूजर्स को कस्टम चैट थीम, एक्सक्लूसिव रिंगटोन, प्रीमियम स्टिकर, अतिरिक्त पिन चैट और एडवांस्ड लिस्ट कस्टमाइजेशन फीचर मिलेंगे। मेटा की प्रोडक्ट प्रमुख नाओमी ग्लाइट ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में सब्सक्राइबर यूजर्स के लिए और भी मजेदार फीचर जोड़े जाएंगे। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि ये नए सब्सक्रिप्शन प्लान "मेटा वेरिफाइड" सेवा से अलग होंगे। मेटा वेरिफाइड पहचान सत्यापन, अकाउंट सुरक्षा व ग्राहक सहायता जैसी सुविधाएं देता है। साथ ही मेटा एआइ आधारित सेवाओं को 'मेटा वन' सब्सक्रिप्शन इकोसिस्टम से विस्तार देने की तैयारी कर रहा है।

# श्रीलंका में छह दिन देरी से पहुंचा मानसून

प्रथम पृष्ठ से आगे

श्रीलंका में मानक समय से छह दिन की देरी से मानसून पहुंचा है। श्रीलंका पहुंचने के लगभग एक सप्ताह बाद मानसून केरलम पहुंचता है। अब राज्य में तीन से चार जून के बीच मानसून के प्रवेश की संभावना सबसे अधिक मानी जा रही है। हालांकि, केरलम में अभी भारी बारिश हो रही है, लेकिन इसे प्री-मानसून की श्रेणी में रखा गया है।

**उत्तर-पश्चिम भारत में तीन दिन गर्मी से राहत की उम्मीद:** आइएमडी के अनुसार, आइएमडी ने उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में पड़ रही भयंकर गर्मी से कुछ राहत मिलने की भविष्यवाणी की है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो-तीन दिन अधिकतम तापमान में छह से आठ डिग्री तक गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, 31 मई तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में कई स्थानों पर तेज आंधी-तूफान आने के आसार हैं।

# मथुरा में आधे घंटे तक गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला परिक्रमा मार्ग, एक दर्जन घायल

जागरण संवाददाता, मथुरा

ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग पर गुरुवार सुबह भंडारा लगाने के विवाद में पुरानी रंजिश को लेकर ठाकुरों के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। खुलेआम गोलियों की तड़तड़ाहट से आधे घंटे तक परिक्रमा मार्ग दहल गया। बैग व चप्पलें छोड़कर श्रद्धालु जान बचाने के लिए भागे। फायरिंग में दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग घायल हो गए। एसएसपी ने लापरवाही के आरोप में हाईवे थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है और चौकी प्रभारी व बीट कांस्टेबल के निलंबित कर दिया है। पुलिस ने 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जा रहा है कि पार्षद प्रतिनिधि राजवीर सिंह उर्फ गुड्डी प्रधान की गांव के ही चंद्रपाल सिंह से वर्षों पुरानी रंजिश चली आ रही है। पांच वर्ष पूर्व दोनों पक्षों के बीच गोलियां चली थीं। इसमें चंद्रपाल सिंह घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्ष गांजा तस्करी में लिप्त हैं, जिसको लेकर उनमें विवाद हो रहता है। बुधवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट और पथराव हुआ था। थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस सक्रिय नहीं हुई। गुरुवार सुबह 11 बजे चंद्रपाल पक्ष के लोग ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग पर भंडारा लगाए थे। इसी दौरान पार्षद प्रतिनिधि पक्ष भी फल लेकर भंडारा लगाने पहुंच गया। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच टकराव ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों तरफ से फायरिंग होने लगी। इससे परिक्रमा करने आए लोगों में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए सामान छोड़कर भागने लगे। आधे घंटे तक खुलेआम गोलियों की तड़तड़ाहट से परिक्रमा मार्ग दहल गया। फायरिंग में पार्षद पक्ष की ओर से हरिओम और सावित्री को गोली तथा दूसरे पक्ष की तरफ से संजू और रवि को गोली लगी है। एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपितों के घरों में दबिश देकर हथियार बरामद किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार का कहना है कि मारपीट के बाद सक्रियता न दिखाने पर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह लाइन हाजिर, चौकी प्रभारी संदीप कुमार और बीट कांस्टेबल आदर्श कुमार निलंबित कर दिया गया है। सीसीटीवी रिकार्डिंग से चेहरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

- मथुरा में भंडारा लगाने को लेकर ठाकुरों के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, बैग-चप्पलें छोड़ भागे श्रद्धालु


मौके पर फायरिंग करते युवक। सौ. वीडियो ग्रेब

# पीएम मोदी से मिला जनजाति सुरक्षा मंच का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** नई दिल्ली में जनजाति सुरक्षा मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान आदिवासी समुदायों के विकास और उनके सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। मुलाकात के बाद मोदी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर इस संबंध में जानकारी साझा की। उन्होंने हिंदी में की गई अपनी पोस्ट में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के प्रति इस मंच का समर्पण "अत्यंत प्रशंसनीय" है। यह बैठक जनजातीय समाज की प्रगति और मुख्यधारा में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मंच के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के सामने आदिवासियों के कल्याण और उनके अधिकारों से जुड़े कई अहम मुद्दे भी रखे, जिन पर सकारात्मक बातचीत हुई।

# दार्जिलिंग में बच्चों को स्कूल पहुंचाने के लिए शुरू होगी विशेष 'स्कूल ट्वाय ट्रेन'

जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी

पर्यटन सीजन में भारी यातायात जाम से परेशान स्थानीय छात्र-छात्राओं को समय पर स्कूल पहुंचाने के लिए बंगाल के दार्जिलिंग में दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) ने विशेष 'स्कूल ट्वाय ट्रेन' सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह सेवा अगले सप्ताह से पूरी तरह चालू हो जाएगी।

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने कहा कि घूम से दार्जिलिंग के बीच करीब 20 सरकारी और निजी स्कूल हैं। छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए हमने यह विशेष सेवा शुरू करने का फैसला किया है। सुबह स्कूल शुरू होने से पहले ट्रेन घूम से दार्जिलिंग और दोपहर में स्कूल छूटने के बाद दार्जिलिंग से वापस घूम आएगी। इस विशेष ट्रेन में सिर्फ स्कूल यूनिफार्म में छात्र-छात्राएं ही चढ़ सकेंगे।

आम यात्रियों को इसमें जगह नहीं दी जाएगी। छात्रों के लिए किराए में विशेष छूट का भी प्रविधान किया गया है।

मालूम हो कि गर्मियों का पर्यटन सीजन शुरू होते ही दार्जिलिंग शहर में पर्यटकों की भारी भीड़ जुट जाती है। घूम से दार्जिलिंग जाने वाली सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती हैं। सड़क के किनारे पर्यटक फोटो खिंचवाने और सूर्योदय-सूर्यास्त देखने के लिए रुकते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है। इस सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। घूम से दार्जिलिंग के बीच 20 सरकारी व निजी स्कूल हैं। इस आठ किमी लंबे रास्ते को पार करने में कभी-कभी ढाई से तीन घंटे तक लग जाते हैं। लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला।

- पर्यटकों की भीड़ से ट्रैफिक जाम के कारण लिया गया निर्णय
- आठ किलोमीटर का सफर तय करने में लग जाते हैं करीब तीन घंटे

## प्रेरणा

कठिनाइयां मनुष्य को उसकी वास्तविक शक्ति से परिचित कराती हैं। -सेनेका

### संपादकीय

# एसआईआर पर फैसले से उभरे हैं कुछ जरूरी सवाल

**सुप्रीम** कोर्ट ने एसआईआर को सही ठहराने वाले अपने फैसले में एक बार फिर इसी कोर्ट के पूर्व के दो फैसलों- राजबाला (2015) और अनूप बरनवाल (2023)- से सहमत होकर मताधिकार को कानूनी दर्जे से ऊपर उठाते हुए अनुच्छेद 326 के तहत संवैधानिक हक का दर्जा दिया है। लेकिन इसके बावजूद अगर किसी व्यक्ति का नाम एसआईआर में चुनाव आयोग द्वारा हटाया जाता है तो व्यावहारिक रूप से गृह मंत्रालय के समक्ष सिद्धि की जिम्मेदारी आयोग की न होकर व्यक्ति की होगी। फैसले में आयोग को नागरिकता की प्रारम्भिक जांच की संस्था माना गया है, जबकि पूर्व के कई फैसलों में इस कार्य के लिए गृह मंत्रालय की एजेंसियों को ही सक्षम माना गया है। सैद्धांतिक रूप से किसी भी संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करने का जिम्मा राज्य की संस्थाओं पर होना चाहिए। लेकिन क्या एसआईआर का भी यही उद्देश्य है? संविधान सभा में अनुच्छेद 324 (देश भर के लिए एक ही चुनाव आयोग) पर बोलते हुए डॉ. आम्बेडकर ने एक चौंकाने वाला सत्य बताया था- मूल ड्राफ्ट में हर राज्य के लिए अलग आयोग का प्रावधान था, पर पता चला कि कुछ राज्य सरकारें राज्य-स्तरीय आयोग के पक्ष में इसलिए हैं, क्योंकि वे कुछ धार्मिक, जातीय व अन्य समूहों को मताधिकार से वंचित करना चाहती हैं। चुनाव आयोग को भी नाम हटाने के लिए पूर्णतः जवाबदेह बनाना बेहतर होता।

### जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com



# कोई दुर्भाग्य इतना बड़ा नहीं होता कि सौभाग्य को पी जाए

**कुछ** लोगों ने गलत काम किया और एक बड़ी परीक्षा रद्द हो गई। अब बच्चे गलत कदम ना उठा लें। विद्रोह, घुटन, निराशा स्वाभाविक है। परीक्षा की साख तो दांव पर लग ही गई, अब बच्चों का जीवन दांव पर न लग जाए। युवा पीढ़ी को जब चोट लगती है तो प्रकृति भी आहत होती है। अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी उन परिवारों की है, जिनके बच्चे इस घटना से टूट गए हैं। माता-पिता और घर के बड़े लोग बच्चों को एक बात समझाएं कि जीवन 'सिंगल ऑप्शन' नहीं होता। कोई दुर्भाग्य इतना बड़ा नहीं होता कि वह सौभाग्य को पी जाए। ऐसी घटनाओं से अपने सौभाग्य को विस्मृत न करें और अपने पुरुषार्थ को भूल न जाएं। इस दुनिया से दुष्ट कभी कम होंगे नहीं। धोखा देने वाले तो राम और कृष्ण को भी धोखा दे गए थे। इसलिए हम बच्चों को समझाएं कि फेल्योर की फीलिंग में पॉजिटिविटी खत्म न करें। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए एक सुझाव है। उन्हें हनुमान चालीसा से जोड़िए, क्योंकि हनुमान चालीसा हनुमान जी का शब्द अवतार है। •Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## विश्लेषण • 'कॉकरोचों' से कौन डरता है और क्यों?

# देश में युवाओं का बढ़ता आक्रोश हमें कुछ बताता है

### आंदोलन

राजदीप सरदेसाई
वरिष्ठ पत्रकार
rajdeepsardesai52@gmail.com



**आज** सब तरफ कॉकरोच शब्द की चर्चा है। किन्तु इसके हमारे राजनीतिक शब्दकोश का हिस्सा बनने से बहुत पहले ही मैं इस शब्द का उपयोग करता आ रहा हूं। ईश्वर न करे, लेकिन कल किसी परमाणु विस्फोट में दुनिया नष्ट हो जाए, तब भी केवल कॉकरोच ही जीवित बचेंगे। एक ग्रेट-सर्वाइवर से राजनीतिक प्रतिरोध के प्रतीक तक, कॉकरोचों ने एक लंबी यात्रा तय की है।

कॉकरोच जनता पार्टी या सीजेपी का उदय उस व्यवस्था के प्रति बढ़ते जनाक्रोश को दर्शाता है, जो इतनी खण्डित हो चुकी है कि प्रदर्शनकारियों को लोकतंत्र पर मंडराते खतरों की ओर संकेत करने के लिए एक कीड़े की छवि का सहारा लेना पड़ा है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जिसमें नेतागण सम्राटों की तरह व्यवहार करने लगे हैं और विपक्ष कोई विश्वसनीय चुनौती पेश नहीं कर पा रहा है। इसी शून्य में कॉकरोच रेंगता हुआ प्रवेश करता है- एक ऐसा प्राणी, जिससे हमें घृणा करना और डरना सिखाया गया है, फिर भी जो हर तरह की विपत्ति के बीच जीवित रहने की क्षमता रखता है।

यह तथ्य कि एक अपेक्षाकृत अनजान पोलिटिकल कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजिस्ट द्वारा किसी अमेरिकी विश्वविद्यालय में बैठकर शुरू किया गया एक व्यंग्यात्मक आंदोलन अचानक सत्ता गलियारों में बेचैनी पैदा कर दे, अपने आप में बहुत कुछ बताता है। आखिर एक शक्तिशाली राष्ट्र को मुख्य न्यायाधीश की गैर-जरूरी टिप्पणी से उपजे ऑनलाइन-आंदोलन से चिंतित क्यों होना चाहिए? भारत के बेरोजगार युवाओं का मानो उपहास करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने अनजाने में एक तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दे दिया : क्रोध, अलगाव और व्यंग्य से संचालित एक डिजिटल विद्रोह। तब से लाखों युवा भारतीय इसके इर्द-गिर्द एकजुट हो चुके हैं।

इस पूरी घटना को विशेष रूप से दिलचस्प बनाने वाली बात यह है कि सीजेपी वास्तव में कोई राजनीतिक दल नहीं है। उसका न कोई नेता है, न कार्यालय, न कार्यकर्ता-तंत्र, न कोई संगठनात्मक ढांचा। 1.5 अरब की आबादी और असाधारण विविधता वाले इस देश में केवल साइबर-स्पेस में मौजूद एक आंदोलन को सिद्धांततः यथास्थिति के लिए खतरा नहीं होना चाहिए। फिर भी खतरा क्यों महसूस किया जा रहा है?

सीजेपी पर विदेशी फंडिंग से संचालित होने का आरोप लगाया जा रहा है। झूठा दावा किया जा रहा है कि उसके अनेक समर्थक पाकिस्तानी हैं। उसके सोशल मीडिया हैंडल्स को ब्लॉक किया जा रहा है। कुछ लोगों ने तो उसे आम आदमी पार्टी का प्रॉक्सी सिद्ध करने की भी कोशिश की। यह सब एक प्रकार की संशयग्रस्त मानसिकता को उजागर करता है।

इस घबराहट के पीछे कई कारण हैं। अव्वल तो यही कि यह काफी हद तक नैरेटिव को कंट्रोल करने का दौर है। इस दौर का राजकाज चौबीसों घंटे चलने वाले किसी विज्ञापन-अभियान जैसा प्रतीत होता है : उपलब्धियों का प्रचार करो, विफलताओं को दबा दो, नारे बदलो और आगे बढ़ जाओ। करोड़ों नौकरियां जिनका वादा किया गया था नहीं मिलीं, किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, पेपर लीक लगातार जारी हैं- लेकिन नैरेटिव-प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि आम धारणा, प्रदर्शन पर भारी पड़े। ऐसे में यह चीज परेशान करने वाली लग सकती है कि इंटरनेट के ये कॉकरोच किसी लिखी हुई पटकथा का पालन करने से इंकार कर रहे हैं।

दूसरे, युवाओं का आक्रोश चुनावी दृष्टि से महत्व रखता है। ऊंची जीडीपी वृद्धि के आंकड़ों और उग्र राष्ट्रवाद के शोर के पीछे एक ऐसी पीढ़ी मौजूद है,

> **पूरे भारत में ही युवा मतदाता अब पुराने और जड़ राजनीतिक विचारों को लगातार अस्वीकार कर रहे हैं। वे ताजगी, प्रामाणिकता और भावनात्मक जुड़ाव की तलाश में हैं। मीम-संस्कृति उनके प्रतिरोध की भाषा बनती जा रही है।**

जो गहरी असुरक्षा से जूझ रही है। लाखों शिक्षित युवा रोजगार के घटते अवसरों, परीक्षाओं के बढ़ते दबावों और ऐसी अर्थव्यवस्था का सामना कर रहे हैं, जहां स्थायी नौकरी पाना लगातार दूर की कौड़ी बनता जा रहा है। बहुतों के लिए यह निराशा अब चिरस्थायी हो चुकी है। उन्हें लगता है कि राजनेता उन्हें केवल चुनावों के समय ही देखते हैं और केवल तभी सुनते हैं, जब वे विरोध-प्रदर्शन करते हैं। यह आक्रोश केवल वैचारिक ही नहीं है, यह कई मायनों में व्यक्तिगत भी है।

यह हालिया चुनावों में भी स्पष्ट दिखाई दिया, विशेषकर तमिलनाडु में, जहां विजय की लोकप्रियता ने पारम्परिक राजनीति से तंग आ चुके युवा मतदाताओं को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया। पूरे भारत में युवा मतदाता अब पुराने और जड़ राजनीतिक विचारों को लगातार अस्वीकार कर रहे हैं। वे ताजगी, प्रामाणिकता और भावनात्मक जुड़ाव की तलाश में हैं। मीम-संस्कृति उनके प्रतिरोध की भाषा बन चुकी है। और याद रहे कि व्यंग्य हमेशा राजनीतिक हथियार साबित होता है। अधिनायकवादी व्यवस्थाएं हास्य-व्यंग्य के सामने खुद को आश्चर्यजनक रूप से असुरक्षित ही पाती हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## दूरदृष्टि • बार-बार बदल रहा है बातचीत का रुख

# ईरान युद्ध जितना लंबा खिंचेगा हमारी मुश्किलें उतनी ही बढ़ेंगी

### देश-दुनिया

मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com



**पिछले** हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच समझौता लगभग तय हो चुका है। लेकिन अमेरिका में इजराइल की हिमायत करने वाले अपने समर्थकों की आलोचना झेलने के बाद वे कहने लगे कि उन्हें समझौते की जल्दी नहीं। वे अब सभी मुस्लिम देशों और इजराइल के बीच एक व्यापक शांति समझौते का विचार ले आए हैं। पर युद्ध के लंबा खिंचने का भारत पर बड़ा असर पड़ेगा।

सऊदी अरब, यूएई, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल में ट्रम्प ने एक नया राग अलाप दिया। उन्होंने इन सभी देशों से 'अनिवार्य' रूप से अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल होने का आग्रह किया। अब्राहम अकॉर्ड्स अमेरिकी मध्यस्थता में हुए वे समझौते हैं, जिनका उद्देश्य इजराइल और मध्य पूर्व के मुस्लिम बहुल देशों के बीच राजनयिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को औपचारिक रूप देना है। ट्रम्प ने यह कॉल युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्तावित एमओयू और अंतरिम समझौते पर चर्चा के लिए किया था। लेकिन उन्होंने अचानक बातचीत का रुख बदल दिया।

आसिम मुनीर ने इस विचार को सबसे पहले खारिज करते हुए कहा कि इससे मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका कमजोर होगी। साथ ही यह फिलिस्तीन मसला हल करने के लिए 'दो राष्ट्र' समाधान के समर्थन में पाकिस्तान के लंबे समय से चले आ रहे रुख के खिलाफ भी होगा। ईरान ने भी ट्रम्प का सुझाव खारिज कर दिया। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने पहले कूटनीतिक चुप्पी साधी, लेकिन बाद में स्पष्ट कर दिया कि उन्हें भी यह स्वीकार नहीं। पहले से इजराइल को मान्यता दे रहे तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन जैसे देश भी असहज स्थिति में आ गए।

शांति के लिए प्रस्तावित एमओयू को दोनों पक्षों ने सैद्धांतिक तौर पर स्वीकार लिया है। जिन बातों पर सहमति बनी है, उनमें अस्थायी युद्धविराम, चरणबद्ध तरीके से होर्मुज खोलना, ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी खत्म करना और लेबनान में लड़ाई खत्म करना शामिल है। लेकिन अभी भी कुछ बड़े मसले अनसुलझे हैं। मसलन, परिष्कृत यूरेनियम सौंपने की समय सीमा, कतर के बैंकों में जमा ईरान की 20 अरब डॉलर की संपत्तियां रिलीज करना और अब्राहम अकॉर्ड्स का विस्तार। दरअसल, ईरान का कहना है कि परमाणु मुद्दा एमओयू का हिस्सा नहीं है और इस पर चर्चा केवल एमओयू पर सहमति होने के बाद 60 दिन की बातचीत अवधि में ही होगी।

प्रस्तावित एमओयू की प्रमुख सैन्य शर्तों में दोनों ओर से नौसेना की नाकेबंदियों को घटाना, वैश्विक समुद्री मार्गों को बहाल करना और सीमा-पार सैन्य संघर्ष रोकना शामिल है। ईरान होर्मुज पर लगाए प्रतिबंधों को हटाने पर सहमत हो गया है। वह अपनी नौसेना द्वारा लगाई गई बारूदी सुरंगों को हटाएगा और जहाजों की आवाजाही को बिना कोई अनिवार्य शुल्क लगाए युद्ध से पहले की स्थिति पर लौटने देगा।

हालांकि ईरानी सैन्य अधिकारियों ने खुले तौर पर कह दिया है कि वे अपनी भौगोलिक संप्रभुता या भू-राजनीतिक स्थिति को नहीं छोड़ेंगे। होर्मुज ईरानी सेना के नियंत्रण में रहेगा। अमेरिकी सेना ने भी ईरानी बंदरगाहों पर लगाई नौसैनिक नाकाबंदी पूरी तरह हटाने पर सहमति जताई है। इससे ईरान पहले की भांति समुद्री व्यापार और कच्चे तेल का निर्यात कर पाएगा। अमेरिका ईरानी तट के आसपास से अपनी हमलावर

> **अमेरिका और ईरान के बीच अभी भी कई मुद्दों पर सहमति बनना बाकी है। हमारे यहां ईंधन की कीमतें चार बार बढ़ाई जा चुकी हैं। अभी तक हमने स्थिति को संभाले रखा है, लेकिन संघर्ष लंबा खिंचता है तो गंभीर परिणाम हो सकते हैं।**

नौसैनिक इकाइयों को हटाएगा। समझौते में इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच युद्धविराम लागू करने की बात भी है। हालांकि, अमेरिका और इजराइल लेबनान को अलग मामला बताते रहे हैं।

शांति के प्रयासों में प्रगति के बावजूद सैन्य तनाव अब भी बना हुआ है, खासकर होर्मुज में। लगभग रोजाना झड़पें हो रही हैं। सबसे बड़ा मुद्दा ईरान की परमाणु क्षमता है। ईरान कहता आया है कि उसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए हैं और वह कोई परमाणु हथियार बना भी नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का भी मानना है कि ईरान का कोई परमाणु हथियार कार्यक्रम नहीं है। इसके बावजूद अमेरिका मांग कर रहा है कि ईरान अपना 60% तक परिष्कृत 440.9 किलो यूरेनियम उसे या किसी तीसरे देश को सौंप दे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक | डायसन : ब्रिटेन की मशहूर होम एप्लायंसेज कंपनी

# 2019 में मालिक की आधी संपत्ति डूबी, अब घरेलू उपकरण की 'एपल' कहलाती है डायसन

**साल** 2018, डायसन ने 'एयररैप' नाम से हेयर ड्रेसर लॉन्च किया, जिसकी तब कीमत करीब 40 हजार रुपए थी, लेकिन इसे खरीदने को लेकर लोगों में ऐसा जुनून था कि भारत सहित कई देशों में यह आउट ऑफ स्टॉक हो गया। फोर्ब्स की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार लॉन्च के तीन साल बाद भी करीब 1 लाख लोग वेटिंग में थे। डायसन के प्रोडक्ट को लेकर लोगों में दीवानगी की यह एक बानगी है। हालांकि 2019 में एक समय ऐसा भी आया जब लगा कि इसके मालिक जेम्स डायसन आर्थिक रूप से बर्बाद हो सकते हैं।

2019 में जेम्स डायसन को इलेक्ट्रिक कार का अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बंद करना पड़ा था। जेम्स ने इसमें अपनी आधी से ज्यादा निजी संपत्ति दांव पर लगा दी थी। कार शानदार थी। एक बार चार्ज होने पर 965 किमी की रेंज दे रही थी, लेकिन उसे फायदे में बेचने के लिए कार की कीमत वर्तमान में करीब 1.93 करोड़ रखनी पड़ती। यह वह दौर था जब कंपनी के दिवालिया होने और जेम्स की जीवन भर की कमाई डूबने का सबसे बड़ा जोखिम मंडरा रहा था। हालांकि समय रहते प्रोजेक्ट से हाथ खींचने और नए इनोवेशन के जरिए वे खुद को और कंपनी, दोनों को बचाने में कामयाब रहे।



कंपनी के नए प्रोडक्ट के प्रोटोटाइप के साथ जेम्स डायसन।

**सबक...** यदि आपमें खुद पर विश्वास के साथ काम के लिए जुनून हो तो एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **10** हजार करोड़ रु. रिसर्च पर हर सप्ताह खर्च कर रही है कंपनी। | **65** से अधिक देशों में व्यापार कर रही है डायसन इस समय। | **2** करोड़ से अधिक होम एप्लायंसेज बेचती है कंपनी हर साल। | **842** करोड़ रुपए रेवेन्यू था डायसन का भारत में 2025 में। |

### यूं संकट में फंसी थी...

- **ईवी प्रोजेक्ट की असफलता:** डायसन ने 2014 में चुपचाप इलेक्ट्रिक कार बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया था। इस पर करीब 500 मिलियन पाउंड का निवेश किया। प्रोजेक्ट फ्लॉप रहा। इससे भारी नुकसान हुआ।
- **अत्यधिक महत्वाकांक्षी विस्तार :** कंपनी बिना किसी ऑटोमोबाइल अनुभव के कार निर्माण में उतर गई। इस विस्तार से कंपनी का फोकस पूरी तरह हट गया। होम एप्लायंसेज की रिसर्च पर दबाव बढ़ा।
- **सप्लाई चेन प्रभावित होना :** कोविड-19 महामारी के दौरान चिप और अन्य पार्ट्स की भारी कमी के कारण प्रमुख उत्पादों की डिलीवरी में देरी हुई।
- **अधिक प्रीमियम प्राइसिंग :** डायसन के उत्पाद शुरू से ही बहुत प्रीमियम और महंगे रहे हैं। मंदी और महंगाई के दौर में 40 से 50 हजार रुपए के वैक्यूम या हेयर ड्रायर की बिक्री पर सीधा असर दिखने लगता है।

### इस तरह की वापसी...

- **हेयर केयर सेगमेंट में सफलता :** डायसन ने 'हेयर स्टाइलिंग' पर फोकस किया। 'डायसन एयररैप' और 'सुपरसोनिक' हेयर ड्रायर बिना अधिक गर्मी के बालों को स्टाइल करते हैं। दोनों प्रोडक्ट बेहद सफल रहे।
- **सीधे ग्राहक तक पहुंच बढ़ाई :** अमेजन जैसे थर्ड-पार्टी रिटेलर्स पर निर्भरता कम कर दी। दुनिया भर के बड़े शहरों में खुद के शानदार 'डायसन डेमा स्टोर' खोले। अपनी वेबसाइट के जरिए बिक्री बढ़ाई।
- **कार प्रोजेक्ट बंद करने का निर्णय :** 2019 में कड़ा फैसला कर कार प्रोजेक्ट बंद किया। अगर वे इसमें पैसा डालते रहते, तो कंपनी दिवालिया हो सकती थी।
- **असफल प्रोजेक्ट की तकनीक का सही इस्तेमाल:** कार के लिए बनी 'सॉलिड-स्टेट बैटरी' तकनीक व हाई-स्पीड डिजिटल मोटर्स का इस्तेमाल कॉर्डलेस वैक्यूम क्लीनर व हेयर टूल्स में कर एडवांस बनाया।

• वर्तमान स्थिति

### 1 लाख करोड़ से अधिक की कंपनी है डायसन

कंपनी इस समय एशिया पर फोकस कर रही है। उसका 50 प्रतिशत से अधिक रेवेन्यू एशियाई देशों से ही आ रहा है। खासकर चीन, भारत और सिंगापुर इसके तेजी से बढ़ते बाजार हैं। डायसन ने 2025 में 13 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए थे। वहीं 2026 में अब तक 15 के करीब रीफ्रेश अनाउंस/प्रोडक्ट लॉन्च कर चुकी है। वर्तमान में करीब 1.02 लाख करोड़ रुपए की कंपनी है डायसन। प्रीमियम प्राइसिंग, फ्यूचरिस्टिक डिजाइन, इंजीनियरिंग पर जोर और लाइफस्टाइल एवं टेक्लोलॉजी के संगम के कारण इसे होम एप्लायंसेज का एपल भी कहा जाता है। कंपनी का उद्देश्य ग्राहक को रोजाना की जरूरतो में लग्जरी देना है।

### शुरुआत : जुनूनी ब्रिटिश डिजाइनर ने रखी थी कंपनी की नींव

70 के दशक में ब्रिटेन के जुनूनी डिजाइन जेम्स डायसन के वैक्यूम क्लीनर की क्षमता बार-बार घट रही थी। कारण डस्ट बैग में धूल भरना था। उन्होंने आरा मशीन में बुरादे को खींचने वाले साइक्लोन टावर की तर्ज पर एक सिस्टम वैक्यूम क्लीनर में लगाने की सोची। इस तरह 1993 में दुनिया का पहला साइक्लोनिक वैक्यूम क्लीनर लॉन्च किया।

### नए कदम : सॉलिड स्टेट बैटरियों व एग्रीकल्चर टेक में कर रही निवेश

पिछले कुछ समय से कंपनी एआई, रोबोटिक्स और सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भी भारी निवेश कर रही है। इसके अलावा सॉलिड-स्टेट बैटरियों और कृषि से जुड़ी नई तकनीकों जैसे नए और अप्रत्याशित क्षेत्रों में बड़े स्तर पर काम कर रही है। हेल्थ टेक और स्मार्टहोम ईको सिस्टम में भी कंपनी काफी तेजी से आगे बढ़ रही है।

**ऐसे पड़ा नाम :** इसके संस्थापक 'जेम्स डायसन' के सरनेम पर ही कंपनी का नाम रखा गया है। जेम्स ने 1991 में खुद के नाम पर ही कंपनी शुरू की।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** प्रीमियम वैक्यूम क्लीनर बाजार में शार्क और हूवर इसके प्रतिद्वंद्वी हैं। वहीं एयर प्यूरीफायर में सैमसंग, एलजी और आईरोबोट कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

## पीपुल भास्कर | रणवीर सिंह, बॉलीवुड अभिनेता

# खिलजी के किरदार ने हिंसक बना दिया था डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, सिंगर भी हैं रणवीर

**चर्चा में क्यों :** हाल ही में उन पर फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने डॉन-3 फिल्म बीच में छोड़ने पर बैन लगा दिया है।

2018 में संजय लीला भंसाली की फिल्म आई पद्मावत। इसमें अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेहद चर्चित हुआ, जिसे रणवीर सिंह ने निभाया था। लेकिन इस किरदार ने केवल दर्शकों को ही प्रभावित नहीं किया, बल्कि इसे निभाने वाले रणवीर सिंह की मानसिक स्थिति को भी हिला दिया। रणवीर किरदार में इतने डूब गए कि सेट पर हिंसक होने लगे। छोटी सी गलती पर लोगों को मारने के लिए उठ जाते थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि सामान्य होने में मनोचिकित्सक की मदद तक लेनी पड़ी।

बेहतरीन एक्टिंग, खास फैशन स्टाइल और एनर्जी को लेकर चर्चा में रहने वाले बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इस समय बॉलीवुड में उन्हें बैन किए जाने को लेकर सुर्खियों में हैं।

> **'रणवीर के पास ऐसा करिश्मा है, जो स्क्रीन पर आते ही दर्शकों का फोकस बदल देता है'**
> -डेविड शूट, हॉलीवुड के समीक्षक

अदाकारी के लिए बॉलीवुड में अलग पहचान बना चुका यह कलाकार बोल्ड प्रिंट से लेकर जंप शूट और स्कर्ट तक पहनने से नहीं हिचकता। रणवीर को एक्टिंग के अलावा रैप गाने का भी शौक है। इनकी फिल्म गली बॉय के लिए ये रैप सॉन्ग गा चुके हैं। इसके अलावा 'इंकइंक' नाम से खुद का म्यूजिक एल्बम भी लॉन्च कर चुके हैं। एक्टिंग के अलावा रणवीर मॉडलिंग और वॉइसओवर भी करते हैं। हॉलीवुड की फिल्म 'डेडपूल-2' में इन्होंने मुख्य किरदार डेडपूल के लिए वॉइसओवर भी किया है। रणवीर कई एक्टर, डायरेक्टर की मिमिक्री भी कर लेते हैं। रणवीर को सिंधी खाना और मिठाइयां बेहद पसंद हैं।



रणवीर सार्वजनिक जीवन में अपनी भावनात्मक गहराई और संवेदनशीलता को जानबूझ कर छिपा कर रखते हैं। इसे वे कैथार्सिस कहते हैं- यानी अपनी भावनाओं को अभिनय के माध्यम से पर्दे पर जाहिर करना।

जन्म : 6 जुलाई 1985, मुंबई

शिक्षा : अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी से आर्ट में डिग्री।

परिवार : पत्नी- दीपिका पादुकोण, एक बेटी-दुआ
संपत्ति : करीब 400 करोड़ रु. (मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार)

• परिवार

### पंजाबी फिल्मों की अभिनेत्री थीं दादी

रणवीर के पिता जगजीत सिंह भवनानी बिजनेसमैन हैं। दादा सुंदर सिंह आर्किटेक्ट और बड़े बिजनेसमैन थे। जबकि दादी चांद बर्क पंजाबी सिनेमा की टॉप अभिनेत्री थीं। उन्हें 'डांसिंग लिली ऑफ पंजाब' कहा जाता था। वे चाहती थीं कि रणवीर के पिता भी एक्टर बनें, लेकिन वे बिजनेसमैन बन गए। ऐसे में दादी ने ही रणवीर को एक्टिंग के लिए प्रेरित किया।

• विवाह

### 'राम-लीला' के सेट से शुरू हुई थी प्रेम कहानी

रणवीर ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण से शादी की है। एक इंटरव्यू में वे बताते हैं कि 2012 में उन्होंने दीपिका को एक अवॉर्ड शो में देखा और देखते रह गए। इसके बाद 2013 में संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' के सेट पर प्रेम कहानी शुरू हुई। 6 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2018 में दोनों ने शादी कर ली।

• करियर

### कॉपीराइटर से फिल्म स्टार तक का सफर

साल 2007 में ओएंडएम, जेडब्ल्यूटी जैसी कंपनियों के लिए कॉपीराइटर के रूप में काम किया। 2010 में यशराज फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बैंड बाजा बारात से फिल्मी करियर शुरू हुआ। इसके बाद रणवीर ने गोलियों की रास लीला राम लीला, बाजीराव मस्तानी, पद्मावत, सिम्बा, 83 और धुरंधर जैसी सफल फिल्में की।

### खास : यूएस में पढ़ाई के दौरान वेटर का काम भी किया

- शादी में आने वाले मेहमानों से इन्होंने गिफ्ट के बजाय पैसे चैरिटी में देने की अपील की थी।
- काफी समय तक फिल्म रिलीज होने पर थियेटर में देखने जाते हैं ताकि रिएक्शन पता चल सके।
- कॉफी विद करण शो में बताया कि यूएस में पढ़ाई के दौरान वेटर का काम भी किया था।

### उपलब्धि: पहली फिल्म में अवॉर्ड 2012 से फोर्ब्स की सूची में

- 2011 आई फिल्म बैंड बाजा बारात के लिए बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला।
- 2016 में फिल्म बाजीराव मस्तानी के लिए बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला।
- 'फोर्ब्स इंडिया सेलिब्रिटी 100' की सूची में 2012 से लगातार शामिल रहे हैं।

### विवाद : न्यूड फोटोशूट कराया, बेहूदगी पर एफआईआर भी हुई

- जुलाई 2022 में अमेरिकी मैगजीन 'पेपर' के लिए न्यूड फोटोशूट कराया था, जिस पर उनकी जमकर आलोचना हुई थी।
- 2015 में एडल्ट कॉमेडी शो एआईबी नॉकआउट में शामिल हुए। अश्लीलता और बेहूदगी के लिए एफआईआर तक दर्ज की गई।

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ
नई दिल्ली, शुक्रवार 29 मई , 2026


ईंधन • बड़ी सप्लाई 118 करोड़ लीटर से घटकर 79 करोड़ लीटर पर आई, मई में घाटा और बढ़ेगा

# बल्क डीजल ₹40 महंगा होने से बड़ी खरीदारी भी पंपों से, तेल कंपनियों को 1,548 करोड़ का घाटा

गुरुदत्त तिवारी | मुंबई

ईरान संकट के बाद बल्क (सीधी) सप्लाई में डीजल के दाम ₹40 प्रति लीटर तक बढ़ने का उल्टा असर हुआ। खुद को नुकसान से बचाने के लिए रेलवे, नगर निगम और बड़े ट्रांसपोर्टर्स ने सीधे कंपनियों से तेल खरीदने के बजाय रिटेल पेट्रोल पंपों का रुख कर लिया है। इसके चलते अकेले अप्रैल महीने में बल्क सप्लाई 38.7 करोड़ लीटर घट गई, जबकि पंपों से रिकॉर्ड बिक्री हुई। इसके कारण तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को अप्रैल में ही ₹1,548 करोड़ की चपत लग चुकी है। मई खत्म होने तक यह घाटा बढ़कर ₹3,150 करोड़ से ऊपर निकल जाने का अनुमान है।

पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, केवल अप्रैल में बल्क सप्लाई सालाना 32% गिरकर 79.3 करोड़ लीटर रह गई। बीते साल अप्रैल में बल्क सप्लाई की बिक्री का यह आंकड़ा 118 करोड़ लीटर था। आंकड़े बताते हैं कि कुल डीजल की खपत में कोई कमी नहीं आई। बीते माह अप्रैल में कुल डीजल की बिक्री 991.8 करोड़ लीटर रही जो अप्रैल 2025 (983.5 करोड़ लीटर) की तुलना में 0.84% ज्यादा है।

## अंतर बड़ाः कई राज्यों में डीजल की रिटेल कीमत ₹96 प्रति लीटर, पर बल्क सप्लाई में यह ₹137 प्रति लीटर



### कौन हैं आम लोगों की लाइन में खड़े बल्क ग्राहक

इंडियन रेलवे, नगरीय निकाय, माइनिंग, भारतीय सेना, बड़े उद्योग, इंफ्रा प्रोजेक्ट के ठेकेदार बड़े बल्क ग्राहक हैं। बल्क सप्लाई में डीजल 2-3 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता मिलता था। लेकिन ईरान पर इजराइल-अमेरिका के हमले के बाद समीकरण बदल गए। होर्मुज से आने वाले कच्चे तेल के परिवहन में बाधा पड़ी। तेल कंपनियां रिटेल में सरकार के नियंत्रण के चलते दाम नहीं बढ़ा सकीं। घाटा बेकाबू होने के बाद 2 अप्रैल को तेल कंपनियों ने बल्क सप्लाई में डीजल के दाम 28.22 रुपए/लीटर बढ़ा दिए। स्थानीय टैक्स लगने के बाद यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में 40 रुपए तक रही। नतीजतन रिटेल में जहां डीजल 96 रुपए/लीटर था। बल्क सप्लाई में यह बढ़कर 137 रु/लीटर तक पहुंच गया।

### अप्रैल-25 के मुकाबले अप्रैल-26 की स्थिति

| श्रेणी (डीजल) | अप्रैल-25 | अप्रैल-26 | बदलाव (% में) |
|---|---|---|---|
| कुल बिक्री | 983.5 | 991.8 | 0.84% |
| रिटेल हिस्सेदारी | 865.4 | 912.4 | 5.43% |
| बल्क सप्लाई | 118.0 | 79.3 | -32.79% |

**600**

करोड़ का रोजाना नुकसान हो रहा है ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल-डीजल की बिक्री से, ऐसा उनका दावा है

### बड़े ट्रांसपोर्टर की बल्क सप्लाई में ज्यादा फर्क नहीं, कंपनियों ने सीधे खरीद 66% घटाई

| सेक्टर / उपभोक्ता | दर्ज की गई गिरावट |
|---|---|
| मैन्युफैक्चरिंग | 66.4% |
| अन्य (नगर निगम, सेना आदि) | 59.7% |
| कृषि और बिजली उत्पादन | करीब 33.3% |
| रेलवे | 18% |
| रोड ट्रांसपोर्ट | बहुत सीमित |
| माइनिंग (खनन) | बहुत सीमित |




सबसे बड़ी गिरावट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रही, जहां खपत 66.4% घटकर 4.76 करोड़ लीटर रह गई। वहीं रोड ट्रांसपोर्ट अब भी सबसे बड़ा बल्क उपभोक्ता बना हुआ है, जिसकी हिस्सेदारी 22.2 करोड़ लीटर रही।

### इस माह रोज ₹100 करोड़ के नुकसान की आशंका

बल्क में खपत गिरकर 70 करोड़ लीटर तक आ सकती है। यानी मई में यह नुकसान बढ़कर ₹3,150 करोड़ तक पहुंच सकता है। यानी रोजाना ₹100 करोड़ का नुकसान। तेल कंपनियों के मुताबिक, अभी उन्हें पेट्रोल-डीजल की बिक्री से रोजाना ₹600 करोड़ का नुकसान हो रहा है। बल्क सप्लाई पुराने स्तर पर बनी रहती तो कंपनियों का यह घाटा 16.66% तक कम रहता।

### बल्क ग्राहक रिटेल पंप पर न जाएं ऐसा कोई कानून नहीं

बल्क ग्राहक 2 अप्रैल को दाम बढ़ने के बाद सीधे सप्लाई लेने के बजाय टैंकर लेकर रिटेल पंप की ओर रुख कर रहे हैं। पंप संचालक उन्हें एक बार में 2-2 हजार लीटर डीजल दे रहे हैं। रेलवे, माइनिंग का भी यही हाल है। नगर निगम तो अपने सफाई वाहनों को सीधे पंप से तेल खरीदने को कह रहे हैं। कई जगह तो रिटेल पंप से खरीदारी के करार भी हुए हैं। सरकार के पास यहां कुछ करने को नहीं है। यह खरीदारी पेट्रोलियम एक्ट के अनुसार है।

**प्रवीण वी. वर्मा,** पेट्रोलियम मार्केट एक्सपर्ट (एचपीसीएल के पूर्व जीएम)

पोर्टफोलियो • कई देशों की नागरिकता ले रहे धनी परिवार

# अपने देश के साथ ही दूसरे ठिकाने की भी तलाश 'बैकअप पासपोर्ट' अब नई लग्जरी

सुनयना चड्ढा | नई दिल्ली

दुनियाभर में वीसा नियम सख्त होते जा रहे हैं। इस बीच अमीर परिवार सिर्फ एक देश की नागरिकता से संतुष्ट नहीं हैं। 2026 के लिए 'ग्लोबल सिटीजन सॉल्यूशंस' की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 देशों के निवेश-आधारित नागरिकता कार्यक्रमों में कैरेबियाई देश शीर्ष पर हैं, जबकि यूरोप मोबिलिटी में सबसे आगे है।

एक बड़ा बदलाव यह भी है कि अब अति धनाढ्य परिवार सबसे सस्ता पासपोर्ट नहीं खोज रहे। वे मोबिलिटी, टैक्स की बचत, बैंकिंग सुविधाएं और भू-राजनीतिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर कई देशों की नागरिकता का पूरा पोर्टफोलियो बना रहे हैं। प्रशांत महासागर के छोटे देश वानुआतु एंड नाउरू ने डेढ़ लाख डॉलर (1.44 करोड़ रुपए) से कम में नागरिकता का नया और किफायती विकल्प पेश किया है। इसने मुकम्मल निवेश-प्रवास उद्योग को नए सिरे से परिभाषित कर दिया है।

### हर किसी का अपना पैमाना

अब लोग यह नहीं पूछ रहे कि नागरिकता का बेस्ट प्रोग्राम कौन-सा है। इसकी जगह ये पूछ रहे हैं कि कौन-से प्रोग्राम्स का सही कॉम्बिनेशन मेरे लिए ठीक है।'

**- पैट्रिसिया कासाबुरी,** सीईओ, ग्लोबल सिटिजन सॉल्यूशंस

### टॉप-10 देश, जिनका पोसपोर्ट चाह रहे दुनियाभर के धनाढ्य

| देश | क्षेत्र | स्कोर | वीजा-फ्री |
|---|---|---|---|
| सेंट किट्स एंड नेविस | कैरेबियन | 93.08 | 157 |
| एंटीगुआ एंड बारबुडा | कैरेबियन | 90.64 | 154 |
| ग्रेनेडा | कैरेबियन | 87.87 | 147 |
| डोमिनिका | कैरेबियन | 87.19 | 145 |
| सेंट लूसिया | कैरेबियन | 86.29 | 144 |
| माल्टा (मेरिट) | यूरोप | 84.58 | 184 |
| ऑस्ट्रिया | यूरोप | 84.12 | 185 |
| नाउरू | प्रशांत | 83.64 | 86 |
| उत्तर मैसेडोनिया | यूरोप | 79.13 | 126 |
| तुर्किये | यूरोप/एशिया | 77.41 | 113 |



**रैंकिंग के 5 पैमाने ये...**प्रक्रिया (25%), मोबिलिटी (25%), टैक्स (15%), जीवन गुणवत्ता (15%), निवेश (20%)।

### ज्यादा से ज्यादा देशों तक वीसा-फ्री पहुंच, टैक्स के मामले में राहत वाली नागरिकता पर बढ़ा फोकस

**कैरेबियन देश सबसे पसंदीदा**
इस साल कैरेबियाई देशों ने टॉप-5 में जगह बनाई है। इनकी असली ताकत निवेश के बदले नागरिकता (सीबीआई) है। अक्टूबर, 2025 में इन देशों ने मिलकर दुनिया की पहली एकीकृत क्षेत्रीय सीबीआई नियामक संस्था 'एकिरा' बनाई। आपस में तय किया कि न्यूनतम निवेश सीमा 2 लाख डॉलर (192 लाख रुपए) से कम नहीं होगी।

**यूरोप मोबिलिटी में अव्वल**
ऑस्ट्रिया को 185 देशों में वीसा-फ्री एंट्री और परफेक्ट मोबिलिटी स्कोर 100 मिला है। माल्टा का यूरोपीय संघ और चीन के शेनजेन का एक्सेस प्राप्त है। ये दोनों देश गवर्नेंस में भी नंबर 1 हैं।

**प्रशांत सबसे सस्ता विकल्प**
नाउरू और वनुआतु 1.5 लाख डॉलर (1.44 करोड़ रुपए) से कम में नागरिकता देते हैं। दोनों का टैक्स ऑप्टिमाइजेशन स्कोर 100 है। साथ ही इनकम टैक्स, कॉरपोरेट टैक्स, कैपिटल गेन्स टैक्स सब शून्य है।

**तुर्कियेः अनूठा कॉम्बिनेशन**
सैन्य संगठन नैटो की सदस्यता, यूरोपीय संघ की कस्टम यूनियन में शामिल होना और अमेरिकी ई-2 वीजा की पात्रता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह कॉम्बिनेशन किसी और देश के पास नहीं।

असुरक्षा • डिलीवरी राइडर्स पड़ने लगे बीमार

# 45 डिग्री गर्मी में डिलीवरी, 1.2 करोड़ कर्मचारी परेशान

बरखा माथुर | नई दिल्ली

देश में 45 डिग्री से ऊपर पहुंचे तापमान के बीच ब्लिंकिट, स्विगी और जेप्टो के डिलीवरी पार्टनर्स झुलसाती धूप में काम करने को मजबूर हैं। दोपहर में लगातार बाइक चलाने से थकान और डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने दोपहर 11 से शाम 4 बजे तक काम रोकने की सलाह दी है। दिल्ली के मोहम्मद सादफ के अनुसार 35 ऑर्डर पूरे करने के लिए 15 घंटे काम करना पड़ता है। इसमें सिर्फ 30 मिनट का ब्रेक मिलता है। दिन में सिर्फ एक ऑर्डर कैंसिल करने की छूट है, ज्यादा करने पर कंपनियां पेनल्टी लगा देती हैं।

सोशल सिक्युरिटी कोड 2020 में वर्कप्लेस सेफ्टी का नियम नहीं है। इंडसलॉ की अमृता टोंक के मुताबिक मुआवजा सुरक्षा न होने से सारा आर्थिक बोझ वर्कर्स पर आ जाता है। एनडीएमए की गाइडलाइन भी कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है।वित्त मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में देश में 1.2 करोड़ गिग वर्कर्स थे। नीति आयोग के मुताबिक साल 2029-30 तक यह संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी।

**राहतः डार्क स्टोर्स पर नींबू पानी, ग्लूकोज जैसे इंतजाम**
गर्मी से निपटने के लिए कंपनियां हाइड्रेशन, रेस्ट एरिया और इंश्योरेंस बढ़ा रही हैं। डार्क स्टोर्स पर नींबू पानी और ग्लूकोज का इंतजाम है। तबीयत बिगड़ने की स्थिति में डिलीवरी पार्टनर्स के लिए मेडिकल कवरेज यानी बीमा का दायरा भी बढ़ाया गया है।

**चुनौतीः बारिश की तरह गर्मी में एक्स्ट्रा चार्ज नहीं**
कंपनियां बारिश में तो एक्स्ट्रा चार्ज देती हैं, लेकिन गर्मी को अदृश्य मानकर डिलीवरी टाइम नहीं बढ़ातीं। तेज डिलीवरी के दबाव में राइडर्स दोपहर की धूप में भी काम करने को मजबूर हैं। कंपनियों के लिए टाइमिंग और वर्कर सेफ्टी में संतुलन बनाना मुश्किल हो रहा है।

# कतर से मिला 'फ्लाइंग पैलेस' 4 जुलाई से अमेरिकी राष्ट्रपति की सेवा में, 3800 करोड़ रुपए लगाकर मोडिफाई किया गया







**टेक्सास|** कतर के शाही परिवार द्वारा अमेरिका को तोहफे में दिया गया बोइंग 747-8 विमान 4 जुलाई (अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस) के आसपास अमेरिकी राष्ट्रपति की सेवा में शामिल होने के लिए तैयार है। वायु सेना ने 3,800 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करके इसे मॉडिफाई किया है। विमान के अंदर का नजारा 7-स्टार लग्जरी होटल जैसा है। इसमें बेहतरीन लेदर और सोने की फिनिशिंग वाले पार्ट्स लगे हैं। बड़े और बेहद आलीशान बेडरूम हैं। इतने बड़े विमान में सिर्फ 76 यात्रियों और 18 क्रू मेंबर्स की जगह है।

**लेकिन राष्ट्रपति की घरेलू यात्राओं का ही हिस्सा बनेगा|** इस विमान का इस्तेमाल घरेलू दौरों के लिए ही होगा। इसमें आपात स्थिति में प्लेन से पूरा देश संभालने वाले कमांड बंकर जैसी सुविधा नहीं है।

ग्रोथ • कंज्यूमर बिजनेस 22,000 करोड़ तक

# रिलायंसः एफएमसीजी के आक्रामक विस्तार पर जोर

भास्कर न्यूज | मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज रोजाना खपत के सामान (एफएमसीजी) से जुड़े बिजनेस का आक्रामक विस्तार कर रही है। कंपनी ने 2025-26 की सालाना रिपोर्ट में कहा है कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल ) 2030 तक आय में कई गुना बढ़ोतरी करके वैश्विक ब्रांडेड कंज्यूमर कंपनियों की अग्रिम पंक्ति में शामिल होना चाहती है।

घरेलू सामान और पेय पदार्थों की जोरदार बिक्री के दम पर आरसीपीएल की कुल आय साल-दर-साल दोगुना होकर 22,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। कैंपा इस रणनीति की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है।

**अंबानी ने नहीं ली कोई सैलरी, फिर भी आय ₹3,996 करोड़**

मुकेश अंबानी ने वित्त वर्ष 2025-26 में लगातार छठे साल सैलरी नहीं ली। फिर भी उन्हें डिविडेंड के तौर पर 3,987 करोड़ रुपए की आय हुई। बीते वित्त वर्ष उन्हें व्यक्तिगत शेयरों पर 9.66 करोड़ और प्रमोटर समूह को 3,987 करोड़ रुपए का डिविडेंड मिला।

वित्त वर्ष 2025-26 में कैंपा की बिक्री 4,700 करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई। इस साल मार्च तक यह कोका-कोला और पेप्सीको के दबदबे वाले बाजार में चौथा सबसे बड़ा ब्रांड बन गया।

## बिजनेस ब्रीफ

**एयर इंडिया एक्सप्रेसः 50% तक छूट पर 50 लाख सीटें**

**नई दिल्ली|** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 27 से 31 मई तक के लिए 'एक्सप्रेस सेल' शुरू किया है। इसमें 50 लाख सीट्स पर देश-विदेश की उड़ानों पर 50% तक छूट दी जा रही है। 15 जून से 10 अक्टूबर 2026 तक यात्रा के लिए बुकिंग खुली है। वेबसाइट और एप पर जीरो कन्वीनियंस फीस का भी फायदा मिलेगा। इस तरीके से कंपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना चाहती है।

**ब्रिटेन बीटी में भारती के शेयर बढ़ाने का प्रस्ताव रोकेगा**

**लंदन|** ब्रिटिश सरकार सुनील भारती मित्तल की भारती एंटरप्राइजेज द्वारा बीटी ग्रुप में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयास को रोकने की तैयारी में है। सरकार 'क्रिटिकल नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर' पर सॉवरेन कंट्रोल बनाए रखना चाहती है। मित्तल के पास फिलहाल 24.95% हिस्सेदारी है। बीटी के बोर्ड में मित्तल और गोपाल विट्टल पहले ही डायरेक्टर बन चुके हैं।

**वेदांता की चारों डीमर्ज्ड फर्म्स की लिस्टिंग जून में**

**मुंबई|** वेदांता के चेयरमैन अनील अग्रवाल ने घोषणा की है कि कंपनी के चारों डिमर्ज्ड यूनिट्स (एल्यूमिनियम, ऑयल-गैस, पावर और स्टील) की लिस्टिंग अगले महीने होगी। ग्रुप ने 1.9 लाख करोड़ रुपए की पूंजी खर्च और 96 हजार करोड़ रुपए की ऑपरेटिंग आय का लक्ष्य रखा है।

**पतंजलि फूड्स को 1,353 करोड़ का डिमांड नोटिस**

**नई दिल्ली|** पतंजलि फूड्स को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए चेन्नई टैक्स अथॉरिटी से 1,353 करोड़ रुपए का जीएसटी डिमांड नोटिस मिला है। इसमें टर्नओवर मिसमैच को लेकर 676 करोड़ रुपए सीजीएसटी, 676 करोड़ रुपए एसजीएसटी, पेनल्टी और ब्याज शामिल है। कंपनी टैक्स एडवाइजर्स के साथ जवाब तैयार कर रही है और कोई वित्तीय दायित्व न होने की उम्मीद जता रही है।

देरी • 270 दिन में नहीं सुलझ रहे मामले

# आईबीसी रिकवरी आधी रह गई, हेयरकट बढ़ा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

दिवालिया कंपनियों से वसूली वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर आधी रह गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार डूबे कर्ज की रिकवरी 2024-25 के 46% के मुकाबले महज 23% रह गई। इस दौरान बैंकों को भारी हेयरकट का सामना करना पड़ा। वित्तीय मामलों में हेयरकट का मतलब उस नुकसान से है जो बैंक अपना फंसा पैसा वसूलने के लिए अपनी मर्जी से छोड़ देते हैं। दिसंबर तिमाही में स्थिति सबसे खराब रही, जब बैंकों को रिकॉर्ड 80% का हेयरकट झेलना पड़ा। यानी 100 रुपए के कर्ज में सिर्फ 20 रुपए वापस मिले। एनसीएलटी से मंजूर रेजोल्यूशन प्लान भी 259 से घटकर 225 रह गए। इक्रा की एसवीपी मनुश्री सग्गर के मुताबिक यह गिरावट चिंताजनक है। आईबीसी ने मई 2026 में अपने 10 साल पूरे किए हैं। लंबे रेजोल्यूशन समय और लिक्विडेशन मामलों के कारण बैंकों को भारी नुकसान हो रहा है। आईबीसी की कमियों को दूर करने के लिए अप्रैल 2026 में सातवां संशोधन बिल पास किया गया है। इसका जमीनी क्रियान्वयन सबसे महत्वपूर्ण होगा। साल 2016 में कानून बनने के बाद से 8,987 कॉरपोरेट कर्जदार दिवालिया प्रक्रिया में शामिल हुए। नियमों के मुताबिक यह पूरी प्रक्रिया 270 दिनों की तय समय सीमा में पूरी होनी चाहिए, लेकिन मार्च 2026 तक इनमें से 64% मामलों का निपटारा हुआ है।

राहत • मई में कच्चे तेल की रिकॉर्ड सप्लाई

# क्रूड आयात 11% बढ़कर रोजाना 50 लाख बैरल

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारत का क्रूड ऑयल आयात मई में 11% बढ़कर रोजाना 50 लाख बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एनालिटिक्स फर्म केप्लर के मुताबिक यह अप्रैल के 45 लाख बैरल प्रति दिन के मुकाबले तेज वृद्धि है, जबकि साल 2025 का औसत 48 लाख बैरल था। चीन की मांग घटने से वैश्विक बाजार में अतिरिक्त तेल आया। इससे भारत सहित पूरे एशिया में रिफाइनिंग संकट टल गया। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत अन्य देशों से सप्लाई बढ़ा रहा है। रूस लगातार बड़ा सप्लायर है, जिससे आयात 23% बढ़कर 19 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया, जो अप्रैल में 15.7 लाख बैरल था। यूएई 5.4 लाख बैरल के साथ दूसरा बड़ा सप्लायर रहा। हॉर्मुज नाकेबंदी से सऊदी अरब से आयात 41% घटकर 3.98 लाख बैरल रह गया। भारत ने अमेरिका, ओमान, ब्राजील और अंगोला से खरीदारी बढ़ाई है। वेनेजुएला 3.03 लाख बैरल प्रतिदिन के साथ चौथा बड़ा सप्लायर बना। ब्राजील से आयात 2.90 लाख बैरल और अमेरिका से 2.09 लाख बैरल प्रतिदिन हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक वेनेजुएला का भारी तेल जटिल रिफाइनरियों के लिए उपयुक्त है। केप्लर ने चेतावनी दी है कि हॉर्मुज संकट के बीच यदि चीन ने दोबारा खरीदारी बढ़ाई तो बाजार संतुलन बिगड़ सकता है।



बाजार • ईरान युद्ध के बीच इक्विटी निवेश

# आम निवेशकों ने खरीदे 26 हजार करोड़ के शेयर

सुंदर सेतुरामन | मुंबई

ईरान युद्ध से पैदा हुए संकट के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में आम निवेशकों ने तगड़ी खरीदारी की है। मार्च से अब तक रिटेल निवेशकों ने करीब ₹26,000 करोड़ का निवेश किया। इसके विपरीत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस अवधि में ₹2.2 लाख करोड़ निकाले। अकेले अप्रैल में रिटेल निवेशकों ने ₹19,664 करोड़ के शेयर खरीदे, जो अक्टूबर 2024 के बाद सर्वाधिक मासिक खरीद है। मई में भी वे अब तक ₹4,332 करोड़ लगा चुके हैं। अल्फानीति फिनटेक के को-फाउंडर यूआर भट के मुताबिक अब एसआईपी और सीधे निवेश करना भारतीयों की आदत बन चुकी है। वे समझ चुके हैं कि शॉर्ट-टर्म इवेंट की गिरावट ही निवेश का सबसे बेहतरीन मौका है। विदेशी निवेशकों के पास वैश्विक विकल्प हैं, लेकिन घरेलू निवेशकों के पास स्थानीय बाजार ही एकमात्र जरिया है। इसी भरोसे मार्च से घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार में 2.5 लाख करोड़ रुपए डाले। इसमें म्यूचुअल फंड, इंश्योरेंस और पेंशन फंड शामिल हैं। स्वतंत्र एनालिस्ट अंबरीश बलिगा के मुताबिक करीब 18-20 महीनों के बाद स्मॉल और मिड-कैप शेयरों ने फिर बेहतर प्रदर्शन शुरू किया है। दो साल के कमजोर प्रदर्शन के बाद कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे हैं।

सराफा • शुल्क वृद्धि, रुपए में कमजोरी का असर

# भारत में इस साल सोने की कीमत वैश्विक बाजार से 16% ज्यादा बढ़ी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

2026 की शुरुआत से अब तक भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम बढ़ने का अंतर 16% से ऊपर निकल गया। एमसीएक्स पर स्पॉट गोल्ड 1 जनवरी को ₹1.32 लाख प्रति 10 ग्राम था, जो 27 मई तक ₹1.56 लाख हो गया। यानी इस बीच सोना 18% महंगा हो गया। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत सिर्फ 1.6% बढ़ी। 28 फरवरी को बुलियन मार्केट बंद रहा।

दरअसल सरकार ने 13 मई को सोने पर आयात शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% कर दिया। इस फैसले के तुरंत बाद 14 मई को सोना 1.6 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नए ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सोने का आयात महंगा होने के साथ ही इस साल अब तक भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब 7% कमजोर हुआ है। चूंकि सोने की कीमत वैश्विक स्तर पर डॉलर में तय होती है, कमजोर रुपए के कारण भारतीयों को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है।

बिजनेस एंकर 2020 में 4.3 डॉलर में मिलने वाला कॉफी पैकेट 9.6 डॉलर तक पहुंचा, पर मांग ठंडी नहीं पड़ी

# कॉफी अब सबसे महंगी आदतों में से एक; महंगाई, ट्रेड वॉर से लेकर जलवायु संकट तक, वैश्विक अर्थव्यवस्था का आईना बना ये शौक

भास्कर न्यूज | लंदन

लंदन के कू ब्रिज पर विंटेज इतालवी कॉफी कार्ट के बाहर लंबी कतार है। दौड़ लगाने वाले, पर्यटक और डॉग वॉकर, सभी हाथ में कॉफी लिए दिन शुरू करना चाहते हैं। लेकिन कार्ट चलाने वाले एंथनी डकवर्थ की नजर ग्राहकों से ज्यादा कीमतों पर टिकी है। उनके यहां आइस्ड लाते 4.5 पाउंड (580 रुपए) में मिलती है। उनकी चिंता है कि कीमत 5 पाउंड (644 रुपए) न पहुंच जाए। यह चिंता पूरे वैश्विक अर्थव्यवस्था की है। आज एक कप कॉफी में जलवायु संकट, ट्रेड वॉर और बदलती उपभोक्ता संस्कृति सब दिखाई देने लगे हैं। दुनिया की कॉफी मुख्य रूप से दो बीन्स पर टिकी है- अरेबिका और रोबस्टा। अरेबिका ब्राजील, इथियोपिया और केन्या की ठंडी पहाड़ियों में उगती है, जबकि कैफीन से भरपूर रोबस्टा पर वियतनाम का दबदबा है। लेकिन पिछले दो वर्षों में मौसम ने दोनों फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। नतीजतन अरेबिका बीन्स की कीमत औसत 1.2 डॉलर प्रति पाउंड से 4 डॉलर (384 रुपए) से ऊपर निकल गई। कॉफी उद्योग के दिग्गज गुइसेप्पे लावाज्जा मानते हैं कि राहत जल्द मिलने वाली नहीं है। इस बीच, अमेरिकी टैरिफ ने संकट और गहरा दिया। ट्रम्प प्रशासन ने वियतनाम पर 46%, इंडोनेशिया पर 32% और ब्राजील पर 50% तक टैरिफ लगा दिया। अमेरिका में पिसी कॉफी की कीमत 17% और इंस्टेंट कॉफी 25% तक महंगी हो गई। आखिरकार बढ़ती नाराजगी के बाद कॉफी को टैरिफ से राहत देनी पड़ी। लेकिन मुसीबत यहीं खत्म नहीं हुई। लाल सागर में हूती हमलों के कारण वियतनाम से यूरोप जाने वाले जहाज अब अफ्रीका का लंबा चक्कर लगा रहे हैं। यात्रा 4,000 मील बढ़ गई। ऊपर से यूरोप के नए नियमों के तहत कॉफी किसानों को यह साबित करना होगा कि काफी जंगल काटकर नहीं उगाई गई।



**कीमत बढ़ने पर भी खरीदारी, इसीलिए दाम नीचे नहीं आते**

दिलचस्प है महंगी होने के बावजूद कॉफी की मांग कम नहीं हुई। तस्वीर साफ है- सप्लाई चेन संकट में है, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीति कीमतें बढ़ा रहे हैं, लेकिन दुनिया का कॉफी प्रेम अडिग है। अब कॉफी सिर्फ ड्रिंक नहीं, बल्कि 'एक्सपीरियंस' बन चुकी है। चीनी कंपनी कॉफी डेटा और टेक्नोलॉजी के दम पर स्टारबक्स को चुनौती दे रही है, जबकि ब्रिटेन की ग्रेग्स ऑटोमेशन के जरिए सस्ती कॉफी बेचकर सबसे बड़ा कॉफी विक्रेता बन चुकी है।

81% मांगेंगे इन्क्रीमेंट

# मौजूदा सैलरी से सिर्फ 29% भारतीय संतुष्ट

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

बढ़ती महंगाई के बीच देश में सिर्फ 29% कर्मचारी वेतन से संतुष्ट हैं। 81% भारतीय अगले 12 महीनों में इन्क्रीमेंट मांगेंगे। यह आंकड़ा 2025 के 67% और इस साल के वैश्विक औसत 62% से ज्यादा है। एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स के सर्वे के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर वेतन संतुष्टि का औसत 36% है। रिपोर्ट के अनुसार 90% मिलेनियल्स, 77% जेन जी और 75% जेन एक्स कर्मचारी वेतन वृद्धि की योजना बना रहे हैं। करीब 68% भारतीयों को 10% से ज्यादा बढ़ोतरी की उम्मीद है, जबकि वैश्विक औसत महज 37% है।

तकरार • मीडिया बनाम एआई की जंग अदालत में

# सीएनएन ने किया एआई कंपनी पर केस, खबरें चुराने का आरोप

एजेंसी | न्यूयॉर्क

मीडिया जगत और एआई कंपनियों के बीच चल रहे विवाद ने नया मोड़ लिया है। अमेरिकी न्यूज नेटवर्क सीएनएन ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के खिलाफ न्यूयॉर्क कोर्ट में मुकदमा किया है। सीएनएन का आरोप है कि परप्लेक्सिटी बिना अनुमति और भुगतान के उसकी कॉपीराइटेड खबरों को अपने एआई-पावर्ड सर्च टूल के जरिये कॉपी कर वितरित कर रहा है।

सीएनएन के मुताबिक, परप्लेक्सिटी का एआई इंजन सिर्फ किसी कंटेंट की हेडलाइन डालने पर सीएनएन की खबरों का लगभग हूबहू अंश सामने रख देता है। पेवॉल के पीछे छिपे सब्सक्रिप्शन कंटेंट भी इसकी पहुंच से बाहर नहीं हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के स्वामित्व वाले इस नेटवर्क ने कहा, 'परप्लेक्सिटी जैसी कंपनी, जिसकी वैल्युएशन अरबों डॉलर में है, उसे मूल कंटेंट बनाने वाले संस्थानों से चोरी करने का हक नहीं है।' सीएनएन ने यह भी आरोप लगाया कि लाइसेंसिंग वार्ता विफल होने के बाद भी परप्लेक्सिटी ने उसके वेब क्रॉलर ब्लॉक करने की कोशिशों को नजरअंदाज किया। हालांकि परप्लेक्सिटी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, 'तथ्यों पर कॉपीराइट नहीं होता।'